वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 05 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 29, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 210 अंकों की गिरावट

शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और सेंसेक्स 210 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई। } 10

एथनॉल से किसानों की स्थिति होगी मजबूत

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एथनॉल से देश की ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की आर्थिक स्थिति, दोनों मजबूत होंगी। } 12

चढ़ावा चोरी व लाठीचार्ज को लेकर सदन में गतिरोध

दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित, अमित शाह के बयान पर अड़ा विपक्ष

एजेंसी



नयी दिल्ली। अयोध्या राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में मंगलवार को भी गतिरोध कायम रहा और दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही। हालांकि हंगामे के बीच ही दोनों सदनों ने एक-एक विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2026 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। उधर राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया।

लोकसभा की पूर्वाह्न 11 बजे बैठक शुरू होते ही विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। वे अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठा रहे थे और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा मैंने कल भी बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) की बैठक में सभी दलों से अनुरोध किया था। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और चर्चा एवं संवाद के लिए है। यह नारेबाजी करने और तख्तियां लेकर आने का मंच नहीं है। शोर-शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की बैठक अपराह्न दो बजे ...शेष पृष्ठ 10 पर

जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेस-वे तक बनेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे

योगी कैबिनेट के 21 बड़े फैसले, मदरसों में कामिल-फाजिल डिग्री की मान्यता होगी खत्म

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के विकास, बुनियादी ढांचे, जनकल्याण और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े 21 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट के फैसलों में एक्सप्रेस-वे निर्माण, क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण, किसान कल्याण, श्रमिक हित और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। संशोधन लागू होने के बाद प्रदेश के मदरसों में दी जाने वाली कामिल और फाजिल डिग्रियों की मान्यता समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने अहम 21 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की। प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेस-वे तक (बुलंदशहर के रास्ते) 74.467 किलोमीटर लंबे 6-लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण को मंजूरी दी गई है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इसे 8-लेन तक विस्तार योग्य बनाया जाएगा। इसके अलावा प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र के समन्वित विकास के लिए प्रयागराज-चित्रकूट क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गठन को स्वीकृति दी गई है। वहीं प्रदेश के सात प्रमुख स्थानों पर लोक निर्माण विभाग की ओर से अधिग्रहीत भूमि को बहुउद्देशीय हब विकसित करने के लिए आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ और नोएडा में अत्याधुनिक यू-हब स्थापित किए जाएंगे। सरकार ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन और उच्च शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से लिया है।

सरकार का कहना है कि कामिल और फाजिल डिग्रियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए इन्हें उच्च शिक्षा की मान्य डिग्री व्यवस्था से अलग किया जा रहा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। इसके बाद आगे की वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर नई व्यवस्था लागू की जाएगी। सरकार के अनुसार, इस बदलाव का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्रणाली में एकरूपता, पारदर्शिता और राष्ट्रीय नियामकीय मानकों का पालन सुनिश्चित करना है। कैबिनेट बैठक में मदरसा शिक्षा अधिनियम में संशोधन के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

हादसे का शिकार होने से बचा एअर इंडिया का विमान

नयी दिल्ली। थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह वायुमंडलीय अस्थिरता (टर्बुलेंस) के कारण हवा में अपनी निर्धारित ऊंचाई से अचानक लगभग 300 फुट नीचे आ गया, जिससे विमान में सवार कम से कम 15 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, घायल होने वालों में चालक दल का एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। एअर इंडिया का ए-320 श्रेणी का विमान फुकेत से दिल्ली के लिए उड़ान संख्या एआई2379 का संचालन कर रहा था। विमान पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डे पर उतर गया। सूत्रों के अनुसार, विमान में 134 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य सवार थे। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में चालक दल (केबिन क्रू) के चार सदस्यों समेत कम से कम 15 लोग घायल हुए हैं।

युवक की हत्या के बाद शाहजहांपुर में तनाव

शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर के कांट कस्बे में एक हिंदू युवक की हत्या के मामले में मंगलवार को तनाव बरकरार रहने के बीच संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बलों की तैनाती की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में जांच का दायरा बढ़ाकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेन्द्र कुमार ने कहा कि इस घटना के बाद कांट कस्बे में पीएसी की दो कंपनियां और करीब 120 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस तैनाती की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्राधिकारी (सदर) द्वारा की जा रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

योगी ने पेश किया 59,019 करोड़ का अनुपूरक बजट

उद्योग, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य और महिला कल्याण को मिला बड़ा प्रोत्साहन

विशेष संवाददाता



लखनऊ। यूपी विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन यानी मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पेश किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन में प्रस्तुत किया। अनुपूरक मांगों के अनुरूप प्रस्तावित अनुपूरक बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित अनुपूरक बजट का कुल आकार 59,019.54 करोड़ रुपये है।

प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 6.47 प्रतिशत है। इसमें राजस्व लेखे का व्यय 17,399.50 करोड़ रुपये तथा पूंजी लेखे का व्यय 41,620.04 करोड़ रुपये रखा गया है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय पर विशेष बल देने का उद्देश्य प्रदेश में सड़क, ऊर्जा, उद्योग, चिकित्सा, ग्रामीण विकास तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार करना है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिले। इस अनुपूरक बजट के माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को गति देना, नई जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा आधारभूत संरचना को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित अनुपूरक बजट में नई मांगों के लिए 7,854.25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे सरकार नई विकास परियोजनाओं के साथ-साथ पहले से चल रही योजनाओं को भी और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकेगी। वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट में भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 22,107.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की जा सकेगी। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी बड़ी प्राथमिकता दी है। इसके लिए ग्राम विकास विभाग के लिए 17,942.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग ग्रामीण ...शेष पृष्ठ 10 पर

रामभक्तों पर गोली चलाने वाले आज कर रहे आस्था की बात : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा प्रकरण और सदन में विपक्ष के हंगामे को लेकर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। मंगलवार को विधानसभा भवन के पोर्टिको में पत्रकारों से वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर उन्हें मिथक बताया, वे आज अयोध्या और आस्था की बात कर रहे हैं! श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे से जुड़े मामले की जांच में किसी भी साधु-संत की संलिप्तता नहीं मिली है। इसके बावजूद विपक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़कर सनातन, अयोध्या धाम और मंदिर को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।

सीएम ने सदन में अध्यक्ष पीठ की अवमानना, प्लेकार्ड लहराकर कार्यवाही बाधित करने, मार्शलों से धक्का-मुक्की करने और संवैधानिक संस्थाओं का लगातार अपमान करने पर समाजवादी पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष जनहित के मुद्दों पर चर्चा से ...शेष पृष्ठ 10 पर

बसों में 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को नि : शुल्क यात्रा सुविधा

लखनऊ। प्रदेश की 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को अब रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक बजट में राज्य सड़क परिवहन निगम को इस व्यवस्था के लिए प्रतिकर भुगतान के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में इसका वादा किया था। इसके साथ ही ...शेष पृष्ठ 10 पर

नोएडा में आग बुझाने के दौरान हादसा, दो फायरकर्मियों की मौत

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 में एक कंपनी में भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। इसी दौरान कंपनी की साइड की एक दीवार एवं लोहे का एक बीम गिर जाने के कारण दो दमकलकर्मियों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को ईकोटेक 3 स्थित आईएलजीआइएम कंपनी में हुई। यह कंपनी इलेक्ट्रॉनिक चिप बनाने का काम करती है। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर टेंडर की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया था। आग बुझाने के दौरान ही कंपनी की एक साइड की दीवार और लोहे का एक बीम अचानक गिर गया। इसकी चपेट में फायर सर्विस के पांच कर्मचारी आ गए। इनमें मुख्य आरक्षी चालक राजपाल सिंह, फायरमैन मनीष कुमार, मुख्य आरक्षी चालक तीरथपाल सिंह, फायरमैन अमित कुमार और फायरमैन रोहित यादव शामिल थे। हादसे में घायल सभी दमकलकर्मियों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने फायरमैन रोहित यादव और मुख्य आरक्षी चालक तीरथपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तीन अन्य घायल दमकलकर्मियों की हालत खतरे से बाहर ...शेष पृष्ठ 10 पर

हरिद्वार में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

मुख्यमंत्री धामी ने शिव भक्तों का चरण धोकर किया सम्मान

प्रमुख संवाददाता



हरिद्वार (उत्तराखंड)। सावन की कांवड़ यात्रा के बीच मंगलवार को हरिद्वार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिवभक्तों के बीच पहुंचकर सेवा और सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाया। देश के विभिन्न हिस्सों से गंगाजल लेने पहुंचे कांवड़ियों के स्वागत में हरकी पैड़ी और यात्रा के प्रमुख मार्गों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। फूलों की बारिश और बम-बम भोले के जयघोष से धर्मनगरी का वातावरण भक्तिमय नजर आया।

मुख्यमंत्री ने अलकनंदा होटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच कांवड़ियों का चरण प्रक्षालन कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने शिवभक्तों से बातचीत करते हुए यात्रा की व्यवस्थाओं और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद सीएम स्वयं भोजन सेवा में शामिल हुए और कांवड़ियों को अपने हाथों से भोजन परोसा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड आने वाला हर कांवड़िया राज्य का सम्मानित अतिथि है। वह केवल गंगाजल लेने नहीं आता, बल्कि अपने साथ श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपरा की भावना लेकर देवभूमि में प्रवेश करता है इसलिए राज्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में 13 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 13 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार कई मंडलों के मंडलायुक्त, विभागीय सचिव, निगमों के प्रबंध निदेशक तथा विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कई मंडलों को मिले नये मंडलायुक्त

तबादलों के तहत अनिल ढींगरा को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद का आवास आयुक्त नियुक्त किया गया है। उन्हें निदेशक, नगर भूमि सीमारोपण तथा सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इंद्र विक्रम सिंह को गोरखपुर मंडल, वैभव श्रीवास्तव को बस्ती मंडल, डॉ. लोकेश एम. को प्रयागराज मंडल तथा शुभम कुमार को बरेली मंडल का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। इसी क्रम में प्रकाश बिंदु को प्रादेशिक कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) का प्रबंध निदेशक, सौम्या अग्रवाल को श्रमायुक्त, संदीप कुमार को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का प्रबंध निदेशक तथा डॉ. बलकार सिंह को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भूपेंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- जनता के हितों से खिलवाड़ कर रहा विपक्ष (पृष्ठ-02)
- विधानसभा परिसर में सपा विधायकों का प्रदर्शन(पृष्ठ-02)
- रुपया तीन पैसे टूटकर 95.40 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- दिल्ली में सोना 100 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ (पृष्ठ-10)
- चेक बाउंस मामले में कंपनी को पक्ष बनाना जरूरी (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — गंगा एक्सप्रेस-वे से औद्योगिक कॉरिडोर तक, विकास परियोजनाओं के लिए खुला खजाना

योगी सरकार ने एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक कॉरिडोर व निवेश को दी नयी रफ्तार

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुपूरक बजट 2026-27 के माध्यम से प्रदेश में आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास और निवेश को नई गति देने के लिए बड़े वित्तीय प्रावधान किए हैं। सरकार ने एक्सप्रेस-वे नेटवर्क के विस्तार, नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, निवेश प्रोत्साहन तथा आधुनिक आईटी एवं औद्योगिक अवसंरचना को मजबूत करने के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मंगलवार को सदन में पेश हुए अनुपूरक बजट 2026-27 में गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चन्दौली होते हुए सोनभद्र तक विन्ध्य एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए भूमि क्रय के लिए 6,500 करोड़ रुपये तथा मेरठ से हरिद्वार तक गंगा एक्सप्रेस-वे के विस्तारीकरण के लिए भूमि क्रय के लिए 5,700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेस-वे वाया बुलंदशहर संपर्क ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए 250 करोड़ रुपये, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे (हरदोई वाया फरुर्खाबाद) ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए 400 करोड़ रुपये, विन्ध्य एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्यों के लिए 80 करोड़ रुपये, विन्ध्य एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण के लिए 6,500 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। अनुपूरक बजट 2026-27 में मेरठ-हरिद्वार गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण के निर्माण कार्यों के लिए 80 करोड़ रुपये, विन्ध्य एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल लिंक स्पर के निर्माण कार्यों के लिए 80 करोड़ रुपये, पूर्वांचल लिंक स्पर के भूमि क्रय के लिए 2,300 करोड़ रुपये, चिल्ला रेगुलेटर (दिल्ली)-नोएडा एलिवेटेड फ्लाईओवर के लिए 100 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण/नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के लिए 3,000 करोड़ रुपये तथा विन्ध्य एक्सप्रेस-वे पर सोनभद्र से चन्दौली एवं गाजीपुर तक पूर्वांचल लिंक स्पर के निर्माण के लिए भूमि क्रय के लिए 2,300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई हैं। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने ...शेष पृष्ठ 10 पर

आजमगढ़ : भीषण सड़क हादसे में तीन की जिंदा जलकर मौत

जिला संवाददाता

आजमगढ़ (उप्र)। आजमगढ़ जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात एक सड़क हादसे में तीन व्यक्तियों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मालटारी-मिर्जापुर में हाइडिल के पास डीजल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया जिससे शॉर्ट सर्किट लगने से टैंकर में भीषण आग लग गई।

पुलिस के अनुसार इस घटना में तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई तथा बुरी तरह से जल जाने के कारण शवों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सगड़ी) देशराज सिंह ने बताया कि सोमवार रात करीब 10:30 बजे मालटारी-मिर्जापुर हाइडिल के पास डीजल से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया और शॉर्ट सर्किट से टैंकर आग का गोला बन गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए तथा दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त होने ...शेष पृष्ठ 10 पर

बीबीडीयू में नशा मुक्त युवा, विकसित भारत थीम पर भव्यता से मनाया गया नशा मुक्ति भारत दिवस





लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ में आज नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के घातक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

यह आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के संरक्षण और प्रेरणा से हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों ने एक स्वर में वंदे मातरम गाकर राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह भारत की आत्मा है। आज का युवा यदि देशभक्ति और अनुशासन के साथ आगे बढ़ेगा तो कोई भी बुराई उसे उसके लक्ष्य से नहीं डिगा सकती।

'भारत ओरिएंटेशन' और यूथ आइकॉन का प्रेरक वक्तव्य

कार्यक्रम में भारत ओरिएंटेशन' प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मनोनीत यूथ आइकॉन मिस अनुष्का शुक्ला ने नशा मुक्त युवा, विकसित भारत विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, पूरे परिवार और समाज का भविष्य बर्बाद करता है। युवाओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, सकारात्मक संगति रखनी चाहिए और नशे को स्पष्ट रूप से 'ना' कहना चाहिए। एक जागरूक युवा दस अन्य लोगों को प्रेरित करने की क्षमता रखता है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा तैयार किया गया नशा मुक्ति भारत पर आधारित एक विशेष जागरूकता वीडियो प्रदर्शित किया गया। वीडियो प्रदर्शन के उपरांत ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों और अधिकारियों ने नशे के विरुद्ध सामूहिक शपथ ली। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को नशा मुक्त बनाने में अपना योगदान देंगे।

कार्यक्रम के संयोजक एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रभाष चंद्र पाठक ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि बीबीडीयू सामाजिक उत्तरदायित्व को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा मानता है और ऐसे अभियान निरंतर चलाता रहेगा। सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ। इस अवसर पर सभी यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी, एन.एस.एस. स्वयंसेवक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जनता के हितों से खिलवाड़ कर रहा विपक्ष : योगी

सदन में समाजवादी पार्टी और विपक्ष का आचरण अभद्रतापूर्ण, असंवैधानिक व शर्मनाक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सदन में समाजवादी पार्टी व विपक्षी सदस्यों को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने सपा विधायकों के अभद्रतापूर्ण आचरण पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी व विपक्ष का आचरण असंवैधानिक और शर्मनाक है। विपक्ष सदन की कार्यवाही को प्रभावित कर 25 करोड़ जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहा है, जिसे सभी प्रदेशवासी देख रहे हैं।

उधर, उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष के लगातार हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही बाधित रही। विपक्षी सदस्य वेल में बैठकर नारेबाजी करते रहे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बार-बार उनसे अपनी सीट पर लौटने और चर्चा में भाग लेने की अपील करते रहे। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सवालों का जवाब देने को तैयार है और वेल में कही गई बात कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनेगी, लेकिन विपक्ष नहीं माना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए, विपक्ष ने हंगामा तेज कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और विपक्ष का आचरण न केवल असंवैधानिक बल्कि शर्मनाक है। आरोप लगाया कि कार्यमंत्रणा समिति में पहले से तय एजेंडे के बावजूद विपक्ष सदन का समय बर्बाद कर रहा है और 25 करोड़ प्रदेशवासियों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इस दौरान सपा विधायक सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता समाप्त करने का प्रस्ताव एथिक्स कमेटी को भेजने की चेतावनी भी दी। हंगामे के दौरान विपक्षी विधायकों और मार्शलों के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र में सभी सदस्यों के पास बेहतरीन अवसर था कि वे 25 करोड़ जनता की भावनाओं और हितों को ध्यान में रखकर सदन में उनसे जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा-परिचर्चा करें। लेकिन, जिन लोगों का लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं है, वे लोग संसदीय लोकतंत्र को पुष्ट करने वाली सभी संस्थाओं की अवमानना व अपमान करते हैं। समाजवादी पार्टी व विपक्ष का यह आचरण न केवल असंवैधानिक, बल्कि शर्मनाक भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दलीय नेताओं की बैठक व बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के तहत पहले ही सदन का एजेंडा तय किया गया था, लेकिन विपक्षी दलों के सदस्यों ने उसके तहत सदन में विधायी कार्य या अनुपूरक बजट से जुड़े एक भी प्रस्ताव पर रुचि नहीं ली। इसके विपरीत ये लोग अनावश्यक मुद्दों को उठाकर सदन का बहुमूल्य समय नष्ट करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन प्रारंभ होने से पहले ही दलीय नेताओं की बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से मैंने व संसदीय कार्य मंत्री ने आश्वस्त किया था कि नियम के अंतर्गत सदन में जो भी प्रस्ताव आएंगे, उन पर चर्चा होगी और सरकार उसका जवाब भी देगी। लेकिन, सपा व विपक्षी दलों का सदन में चर्चा, संवैधानिक मूल्यों और सदन की उच्च परंपराओं पर विश्वास ही नहीं है। इनके द्वारा लगातार सदन को प्रभावित करके प्रदेश की 25 करोड़ जनता के हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में आश्वस्त किया कि सरकार सदन में हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। पीठ के द्वारा नियम के अंतर्गत जिन भी मुद्दों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया जाएगा, उन सभी मुद्दों पर सरकार सार्थक चर्चा को बढ़ाना चाहती है, क्योंकि हमारी सरकार जनहित के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन, विपक्षी दलों ने कभी लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं किया, बल्कि ये लोग जानबूझकर सदन की अवमानना कर लोकतंत्र की खिल्ली उड़ाना चाहते हैं। इन लोगों द्वारा लगातार सदन का माहौल खराब किया जा रहा है। प्रदेशवासी सपा के इस अलोकतांत्रिक आचरण को देख रहे हैं।

विधानसभा परिसर में सपा विधायकों का प्रदर्शन



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के विधायकों ने मंगलवार को विधानसभा परिसर में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास अयोध्या में हुई रामधन की लूट, राम मंदिर में चढ़ावा चोरी, पेपर लीक, किसानों की समस्या, खाद की किल्लत, विफल कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाला, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। सिर पर लाल टोपी लगाए अपने हाथों में नारों की तख्तियां लिए पार्टी के सभी विधायकों ने भाजपा सरकार के विरोध में नारे लगाए। प्रदर्शन में प्रभु श्रीराम का पैसा कहां मिलेगा? बीजेपी के खाते में। चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़। हर ओर बस एक ही शोर, ये भाजपाई है चंदा चोर। भगवान श्रीराम का धन, बीजेपी ने किया गबन जैसे नारों की गूंज रही। धरना-प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव, नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय समेत पार्टी के सभी विधायक शामिल रहे।

सपा अपना नाम हल्ला गुल्ला पार्टी रख ले : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही के दौरान समाजवादी पार्टी के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यदि सपा का काम केवल सदन में हंगामा करना, शोर-शराबा करना और कार्यवाही में बाधा डालना ही रह गया है, तो उसे अपना नाम बदलकर हल्ला-गुल्ला पार्टी रख लेना चाहिए।

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की सपा के रवैये की कड़ी आलोचना



उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने, सरकार से प्रश्न पूछने और नीतियों पर रचनात्मक आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन सदन की कार्यवाही को लगातार बाधित करना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। यह आचरण न केवल संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि प्रदेश की जनता के विश्वास का भी अपमान है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार को नई गति देने के उद्देश्य से अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट प्रदेश की विकास यात्रा को और अधिक सशक्त बनाने वाला है। ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर गंभीर चर्चा करने के बजाय सपा ने हंगामे का रास्ता चुना, जिससे स्पष्ट है कि उसे प्रदेश के विकास से कोई सरोकार नहीं है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता अपने जनप्रतिनिधियों को सदन में बहस करने, समस्याओं का समाधान निकालने और सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित कराने के लिए चुनती है, न कि शोर-शराबा, नारेबाजी और गतिरोध पैदा करने के लिए। सपा को लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए।

पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ रही है, जबकि सपा केवल राजनीतिक हंगामे के माध्यम से अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने का प्रयास कर रही है। प्रदेश की जनता सब देख रही है और लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान करने वालों को समय आने पर उचित जवाब भी देगी।

अनुपूरक बजट

स्वास्थ्य क्षेत्र को बड़ा तोहफा, अनुपूरक बजट में 2023.50 करोड़ का प्रावधान

पांच मंडलों में खुलेंगे नये आयुष मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेद अनुसंधान क्लीनिकल प्रमाणीकरण केंद्र की होगी स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक बजट में आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया है। सरकार ने आयुष विभाग के लिए 23.25 करोड़ रुपये और चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 2,000.25 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

अनुपूरक बजट में आयुष क्षेत्र के आधुनिकीकरण और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार और आईआईटी कानपुर के सहयोग से गंगवाल स्कूल ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी कानपुर में आयुर्वेद अनुसंधान क्लीनिकल प्रमाणीकरण केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए 3.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार ने प्रदेश के उन पांच मंडलों आगरा, बस्ती, गोंडा, मेरठ और मिजार्पुर में नए राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय स्थापित करने का निर्णय लिया है, जहां अभी कोई आयुष चिकित्सा महाविद्यालय संचालित नहीं है। इसके लिए 23.25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। योगी सरकार ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 2000.25 करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रावधान में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 1500 करोड़ रुपये का है। सरकार ने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए भी बड़ा प्रावधान किया है। अनुपूरक बजट में 108 ई.एम.टी.एस 'स्वास्थ्य सेवा' के संचालन के लिए 200 करोड़ रुपये एवं 102 एम्बुलेंस के संचालन मद में भारत सरकार से प्राप्त अनुमोदन से अधिक की धनराशि का व्यवभार राज्य बजट से वहन किए जाने के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश के शहरी चिकित्सालयों में अग्निशमन व्यवस्था के लिए 96 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अत्याधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश में राज्य कैंसर मिशन की स्थापना, एसजीपीजीआई में क्वार्टनरी हेल्थ केयर सेंटर की स्थापना, ऑपरेशन थिएटर सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम और स्मार्ट आईसीयू नेटवर्क विकसित करने की पहल की गई है। इसके साथ ही एकीकृत ट्रामा एवं इमरजेंसी नेटवर्क की स्थापना की जा रही है।



राजस्व विभाग को मिले 1,014 करोड़, बहजोई-वाराणसी में बनेंगे इंटीग्रेटेड कलेक्ट्रेट

योगी सरकार ने विधानसभा में अनुपूरक बजट 2026-27 पेश करते हुए राजस्व विभाग और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। सरकार ने राजस्व विभाग के लिए अनुपूरक बजट में 1,014.11 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया है। इसके अंतर्गत राज्य आपदा मोचक निधि (एसडीएमएफ) के लिए 739 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अनुपूरक बजट में संभल जनपद के मुख्यालय बहजोई में नवीन इंटीग्रेटेड कलेक्ट्रेट-कम-अनावासी भवन के निर्माण के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया है। वहीं, वाराणसी में नवीन इंटीग्रेटेड कलेक्ट्रेट के अनावासी भवन के लिए 140.65 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इससे जिलों में प्रशासनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और सरकारी कामकाज को अधिक व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। सरकार ने संभल के बहजोई में इंटीग्रेटेड आवासों के निर्माण के साथ प्रदेश के मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर आवासीय भवनों के नवनिर्माण, विस्तार, पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया है। इसके लिए 85 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजट व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इस राशि का उपयोग आवश्यकतानुसार भूमि क्रय सहित विभिन्न कार्यों में किया जाएगा। इस बजट से राजस्व प्रशासन का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। संभल के बहजोई और वाराणसी में नए इंटीग्रेटेड कलेक्ट्रेट भवन बनने से अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्यस्थल मिल सकेगा व लोगों को भी सरकारी सेवाओं के लिए अधिक सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर आवासीय भवनों के निर्माण, विस्तार और सुदृढ़ीकरण से कर्मचारियों की आवासीय सुविधा बेहतर होगी। भूमि खरीद के लिए बजट मिलने से जरूरी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं, एसडीएमएफ के लिए 739 करोड़ रुपये की व्यवस्था से आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए सरकार की क्षमता मजबूत होगी।

भूजल जागरूकता के लिए 1.475 करोड़ रुपये का प्रावधान

अनुपूरक बजट में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया गया है। विभाग के अनुपूरक बजट में करीब 1.475 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि प्रस्तावित की गई है। यह धनराशि लघु सिंचाई विभाग के भू-जल जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार योजना के लिए रखी गई है। इसके तहत लोगों को भू-जल के महत्व, संरक्षण और इसके बेहतर उपयोग के प्रति जागरूक करने से जुड़े कार्य किए जाएंगे। यह प्रावधान प्रदेश में भू-जल संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जागरूकता अभियानों के जरिए लोगों को भूजल के संरक्षण और उसके विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

- नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को अतिरिक्त बजट

चकबंदी अधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था

- अनुपूरक बजट में चकबंदी अधिकारियों के प्राविधिक प्रावधानों के लिए अतिरिक्त बजट की आवश्यकता जताई है। इसके तहत करीब 1.46 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता प्रस्तावित की गई है। इस बजट से चकबंदी अधिकारियों के प्रशिक्षण जरूरी कार्यों और विभागीय व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

योगी सरकार का प्राथमिक शिक्षा पर बड़ा फोकस

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सुचारू संचालन, छात्र-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अनुपूरक बजट में 35,125.64 लाख रुपये यानि 351.2564 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस धनराशि से परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार का संकल्प प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और समान शिक्षा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त आधार है। इसी सोच के साथ सरकार प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को निरंतर मजबूत कर रही है। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट में स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन, मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) योजना के सुचारू क्रियान्वयन, छात्र-छात्राओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा विद्यालयों की आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में योगी सरकार ने परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर, आधुनिक शिक्षण संसाधनों की उपलब्धता तथा बेहतर पठन-पाठन वातावरण ने सरकारी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों और विद्यार्थियों का विश्वास बढ़ाया है। अब अनुपूरक बजट में किया गया यह प्रावधान इन प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

राजा टोडरमल भूलेख प्रशिक्षण संस्थान विश्वविद्यालय बनेगा

प्रदेश सरकार ने विधानसभा में पेश अनुपूरक बजट 2026-27 में राजा टोडरमल सर्वेक्षण एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता प्रस्तावित की है। इससे संस्थान के विस्तार और प्रशिक्षण व्यवस्था को आधुनिक रूप देने की राह मजबूत होगी। हरदोई में स्थित राजा टोडरमल सर्वेक्षण एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश के राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां भूलेख, भूमि सर्वेक्षण और राजस्व कार्यों से जुड़े प्रशिक्षण दिए जाते हैं। अब अनुपूरक बजट में 10 करोड़ रुपये के प्रस्ताव से संस्थान को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की योजना को आगे बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। इससे भविष्य में राजस्व एवं भूलेख से जुड़े प्रशिक्षण को और व्यापक, आधुनिक व तकनीक आधारित बनाने का रास्ता खुल सकता है। संस्थान में राजस्व विभाग के कर्मचारियों को उनके काम से संबंधित व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके महत्व ऐसे समझा जा सकता है कि 2017 में यहां आधुनिक तकनीक से खेतों की सीमा और भूमि की पैमाइश के लिए सेटेलाइट व कोऑर्डिनेट आधारित तकनीक के प्रयोग की शुरूआत की गई।

- अनुपूरक बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान

वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति व आंबेडकर स्मारक विकास पर फोकस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के सामाजिक एवं शैक्षिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनुपूरक बजट में समाज कल्याण विभाग के लिए 1,655 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया है। सरकार का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को और प्रभावी बनाते हुए जरूरतमंदों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाना है। मंगलवार को सदन में पेश हुए अनुपूरक बजट 2026-27 में सबसे बड़ा प्रावधान राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए किया गया है। इसमें 1,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे पात्र बुजुर्गों को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और उनकी सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। योगी सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृतियों के संरक्षण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. बी.आर. अंबेडकर मूर्ति विकास योजना के लिए 407 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सामान्य वर्ग दशमोत्तर शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति योजना के लिए 155 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री मेधावी अनुसूचित जाति एवं जनजाति उच्च शिक्षा सहायता योजना के लिए 2 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इन प्रावधानों से एक ओर बुजुर्गों को आर्थिक संबल मिलेगा, वहीं दूसरी ओर आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा जारी रखने में सहायता मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और समावेशी विकास पर केंद्रित ये प्रावधान योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को और मजबूती देने वाले माने जा रहे हैं। अनुपूरक बजट में किए गए इन अतिरिक्त प्रावधानों से प्रदेश की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध होने से पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिलेगी। वहीं छात्रवृत्ति एवं उच्च शिक्षा सहायता योजनाओं के लिए बढ़ाए गए बजट से आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी विद्यार्थियों की पढ़ाई को निरंतर समर्थन मिलेगा। डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के लिए किए गए प्रावधान से सामाजिक समरसता और महापुरुषों की विरासत के संरक्षण से जुड़े कार्यों को भी गति मिलेगी। कुल मिलाकर अनुपूरक बजट 2026-27 सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और समावेशी विकास की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई मजबूती प्रदान करेगा।

- अनुपूरक बजट में समाज कल्याण विभाग को 1,655 करोड़ रुपये की सौगात

अनुपूरक बजट में किसानों पर मेहरबान योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुपूरक बजट में किसानों, कृषि, पशुपालन और दुग्ध विकास को विशेष प्राथमिकता दी है। सरकार ने खेती-किसानी को मजबूती देने, किसानों की आय बढ़ाने और कृषि अवसंरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं में अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया है। सरकार ने अपने लोककल्याण संकल्प पत्र के अनुरूप भामाशाह भाव स्थिरता कोष के लिए 100 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए हैं। इस कोष का उद्देश्य आलू, टमाटर और प्याज जैसी फसलों के किसानों को न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित कराना है। इसके अलावा निजी शीतगृहों में भंडारित आलू पर अनुदान के लिए भी 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अनुपूरक बजट में खाद्य एवं रसद विभाग के लिए 254.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लिए 181 करोड़ रुपये तथा खाद्यान्न आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 32.40 करोड़ रुपये शामिल हैं। उद्यान विभाग को 245.24 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के लिए 14 करोड़, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के लिए 20 करोड़, सरदार वल्लभभाई पटेल एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए 50 करोड़ तथा अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र, आगरा के संपर्क मार्ग के लिए 9.53 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सरकार ने दुग्धशाला विकास विभाग के लिए 211.25 करोड़ का प्रस्ताव रखा है। इसमें नंद बाबा दुग्ध मिशन के लिए 150 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 के लिए 25 करोड़ शामिल हैं। वहीं पशुधन विभाग को 78.62 करोड़ दिए गए हैं, जिसमें गो आश्रय केंद्र स्वावलंबन योजना के लिए 31.25 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट में प्रमाणित बीजों पर अनुदान के लिए 20 करोड़, वर्मी कम्पोस्ट एवं जैव उर्वरकों पर अनुदान के लिए 50 करोड़, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लिए 2 करोड़, मैकेनिकल गन्ना कटाई यंत्र खरीद के लिए 10.40 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के लिए 4.71 करोड़ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। सरकार का कहना है कि इन प्रावधानों से कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

सीएम से मिले फ्लिपकार्ट के सीईओ

उत्तर प्रदेश से और उद्यमों को जोड़ने पर दिया गया जोर

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद फ्लिपकार्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कल्याण कृष्णमूर्ति ने उत्तर प्रदेश के साथ कंपनी की दीर्घकालिक साझेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए राज्य के विकास में निरंतर सहयोग का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि फ्लिपकार्ट पिछले 15 वर्षों से उत्तर प्रदेश में कारोबार कर रहा है और इस दौरान राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, ग्राहकों की संख्या तथा विक्रेताओं के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा कि सबसे पहले मैं इस साझेदारी के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करना चाहता हूं। हम पिछले 15 वर्षों से उत्तर प्रदेश में कारोबार कर रहे हैं और इस दौरान राज्य में जिस तरह की प्रगति हमने देखी है, वह असाधारण है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, ग्राहकों की संख्या और विक्रेताओं की वृद्धि, हर क्षेत्र में शानदार प्रगति हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हमें अपने विकास के विजन का भागीदार चुना। इसके लिए हम सीएम योगी के अत्यंत आभारी हैं।

उत्तर प्रदेश में टेक्नोलॉजी और एआई पर विशेष जोर का उल्लेख करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा कि फ्लिपकार्ट उत्तर प्रदेश की एआई आधारित विकास यात्रा में सहभागी बनना चाहता है। एआई-सक्षम उत्तर प्रदेश को लेकर काफी चर्चा हो रही है और हम इस यात्रा में भागीदार बनना चाहते हैं। छोटे उद्यमों के लिए नई संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के अधिक से अधिक एमएसएमई को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है और फ्लिपकार्ट इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगा। आज की चर्चा में सीएम योगी ने यूपी में एमएसएमई को और प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा की। फ्लिपकार्ट भारत में एमएसएमई के लिए सबसे बड़े प्लेटफॉर्मों में से एक है, जहां 5 लाख से अधिक एमएसएमई कारोबार कर रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश से भी है। मुख्यमंत्री ने यूपी से और अधिक इकाइयों को जोड़ने पर बल दिया है। हमने इसे स्वीकार करते हुए भविष्य की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल करने का निर्णय किया है।

उत्तर प्रदेश के प्रति फ्लिपकार्ट की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा कि पिछले 10 से 15 वर्षों में हमने ग्राहकों, विक्रेताओं और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। उत्तर प्रदेश के साथ हमारी प्रतिबद्धता मजबूत है और हम राज्य के विकास में आगे भी पूरी निष्ठा के साथ सहयोग करते रहेंगे।

अब सभी श्रमिकों को मिलेगा न्यूनतम वेतन का अधिकार

यूपी में मजदूरी संहिता-2026 को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता-2026 को मंजूरी दे दी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद न्यूनतम मजदूरी का अधिकार अब केवल अनुसूचित नियोजनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी पात्र श्रमिकों को इसका लाभ मिलेगा। किसी भी क्षेत्र या स्थान पर कार्यरत श्रमिक को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान नहीं किया जा सकेगा।

नई संहिता केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचित चार श्रम संहिताओं के अनुरूप तैयार की गई है। इसमें न्यूनतम मजदूरी, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक और बोनस से जुड़े केंद्रीय श्रम कानूनों को शामिल किया गया है। नई व्यवस्था में अनुसूचित नियोजन की पुरानी व्यवस्था समाप्त कर मजदूरी का निर्धारण श्रमिक के कौशल, कार्य की प्रकृति और भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर किया जाएगा। साथ ही समान कार्य के लिए समान वेतन का प्रावधान भी लागू रहेगा। मजदूरी संहिता के अनुसार कुल वेतन का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा मूल वेतन के रूप में रखना होगा। इससे भविष्य निधि (पीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और ग्रेच्युटी जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभों में वृद्धि होगी। सेवा समाप्त होने की स्थिति में श्रमिकों का बकाया भुगतान दो दिन के भीतर करना अनिवार्य होगा।

वहीं ओवरटाइम कार्य के लिए सामान्य मजदूरी दर से दोगुना भुगतान देना होगा। वैधानिक कटौतियां कुल मजदूरी के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं की जा सकेंगी। इसके अलावा वेतन भुगतान से पहले वेतन पर्ची देना भी अनिवार्य किया गया है। संहिता में संविदा श्रमिकों की मजदूरी और बोनस भुगतान की जिम्मेदारी मुख्य नियोक्ता पर तय की गई है। किसी कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसका बकाया भुगतान नामित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी को किया जाएगा। नियोक्ताओं के लिए भी अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसके तहत तीन रजिस्टर और 10 प्रपत्रों की व्यवस्था, ऑनलाइन विवरणी और पहली बार उल्लंघन पर उपशमन जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

विवादों में अब हाईकोर्ट के बजाय विभागीय अधिकारियों के समक्ष अपील की जा सकेगी। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश राज्य संपत्ति विभाग लेखा संवर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली-2026 को भी मंजूरी दी है। इसके तहत सहायक लेखाकार के पदों को भरने की प्रक्रिया आसान होगी। पहले विभाग में 12 पदों में से केवल तीन पद प्रवेश स्तर के थे, जबकि नौ पद पदोन्नति के थे। नए प्रावधान के बाद छह पद प्रवेश स्तर और छह पद पदोन्नति के होंगे। इससे रिक्त पदों को भरने के साथ कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश घुमंतू विकास बोर्ड के गठन को भी मंजूरी दे दी है। बोर्ड का उद्देश्य विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की पहचान, सूची तैयार करना और उन्हें आवास, आजीविका सहायता समेत सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से दिलाना होगा। बोर्ड नीतिगत सुझाव देने, समुदायों की समस्याओं के समाधान और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का काम करेगा। इसकी राज्य स्तरीय समिति समाज कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में और जिला स्तर पर समितियां जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित होंगी।

बोर्ड को निरीक्षण, जांच और डाटाबेस तैयार करने के अधिकार भी दिए जाएंगे। गैर सरकारी सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और बोर्ड की बैठक प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी।

लखनऊ समेत यूपी में अब एक ही वेबसाइट से जमा होगा हाउस टैक्स

विशेष संवाददाता (vol)

- 45 दिन में शुरू होगी नई सुविधा, 7.68 लाख संपत्तियों का डेटा अपलोड

लखनऊ। नगर निकायों से जुड़ी सेवाओं को आसान और डिजिटल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में लोग एक ही इंटीग्रेटेड वेबसाइट के माध्यम से संपत्ति कर (हाउस टैक्स) जमा कर सकेंगे। नगर निकाय विभाग ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं और अगले 45 दिनों के भीतर यह सुविधा शुरू होने की उम्मीद है।

नई व्यवस्था के तहत इसी पोर्टल से जमीन और संपत्ति के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) का काम भी कराया जा सकेगा। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निकाय विभाग की ओर से यह व्यवस्था लागू की जा रही है। नगर निगम लखनऊ की ओर से नई व्यवस्था के लिए संपत्तियों का डेटा अपलोड किया जा रहा है। अब तक ई-नगर सेवा यूपी पोर्टल पर लखनऊ नगर निगम की 7 लाख 68 हजार 789 संपत्तियों की जानकारी अपलोड की जा चुकी है। अधिकारियों के अनुसार करीब 41 हजार संपत्तियों का डेटा अभी अपलोड किया जाना बाकी है, जिसे अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद निर्धारित समय के भीतर लोग इसी पोर्टल से हाउस टैक्स जमा करने के साथ संपत्ति से जुड़े अन्य कार्य भी करा सकेंगे। सरकार इस इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म के जरिए वन विंडो क्लियरेंस व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। वर्तमान में ट्रेड लाइसेंस जैसी सुविधाएं भी इसी माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। आने वाले समय में इस पोर्टल पर प्रॉपर्टी टैक्स, म्यूटेशन, पानी और सीवर कनेक्शन, फूड एनओसी, फायर एनओसी और ट्यूबवेल लगाने की अनुमति के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इसके अलावा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा मिलेगी। लोग ई-नगर सेवा यूपी पोर्टल पर जाकर इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। नगर निगम लखनऊ की वेबसाइट पर भी इसका लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और नगर निकाय सेवाएं अधिक पारदर्शी एवं आसान बनेंगी।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने उठाये जनहित के मुद्दे

अनुपूरक बजट को बताया विकास का रोडमैप

लखनऊ। सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में क्षेत्रीय समस्याओं, प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरोजनी नगर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 10 नाला परियोजनाओं के निर्माण, चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शीघ्र वित्तीय स्वीकृति देने की मांग की। नियम-51 के तहत मुद्दा उठाते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे सरोजनी नगर में बेहतर जल निकासी व्यवस्था समय की जरूरत है। उन्होंने साईं दाता रोड (अहिमामऊ), शांति नगर, गिंदन खेड़ा, अमौसी, बंगला बाजार, अर्जुनगंज (सरस्वतीपुरम), कानपुर रोड सहित अन्य क्षेत्रों में प्रस्तावित नाला परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से हजारों परिवारों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदेश सरकार के वर्ष 2026-27 के 59,019.54 करोड़ के अनुपूरक बजट का स्वागत करते हुए इसे विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि बजट में 41,620 करोड़ पूंजीगत व्यय के लिए निर्धारित किए गए हैं, जिससे सड़क, ऊर्जा, उद्योग और आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। विधानसभा में समाजवादी पार्टी के हंगामे पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि विपक्ष को सदन में व्यवधान के बजाय जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बहस और समाधान से मजबूत होता है, न कि हंगामे से। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार सरोजनी नगर सहित पूरे प्रदेश के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकतांत्रिक मर्यादाओं, निष्पक्ष नेतृत्व के पर्याय हैं विधानसभा अध्यक्ष



लखनऊ। सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ. सिंह ने कहा कि श्री महाना से प्रत्येक मुलाकात अनुभव, सीख और प्रेरणा से भर देती है। उन्होंने कहा कि 1991 से महाराजपुर का लगातार आठ बार प्रतिनिधित्व तथा 2022 में विधानसभा अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन उनके प्रति सत्ता पक्ष और विपक्ष—दोनों के विश्वास एवं सम्मान का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि श्री महाना के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा ने नेवा जैसी डिजिटल व्यवस्था को अपनाकर संसदीय कार्यप्रणाली को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। साथ ही, उनके कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय गरिमा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि श्री महाना की सबसे बड़ी विशेषता उनकी निष्पक्षता और प्रत्येक सदस्य को सम्मानपूर्वक अपनी बात रखने का अवसर देना है। यही स्वस्थ लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान है।

एकेटीयू के छात्र अब घर बैठे अपने कार्यों का करा सकेंगे निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में छात्रों को सहूलियत देने की पहल करते हुए मंगलवार से फेसलेट स्टूडेंट सिस्टम की शुरूआत की गयी। पहले दिन करीब तीन सौ छात्रों ने अपने कार्यों के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा सहित अन्य कार्यों को दर्ज कराया। जिनका निस्तारण भी तेजी से किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय से पूरे प्रदेश में 750 से अधिक संस्थान जुड़े हैं। कई बार छात्र परीक्षा से संबंधित, रिजल्ट में सुधार, अंकपत्र अपडेट करने सहित डिग्री से जुड़े कामों के लिए विश्वविद्यालय परिसर एवं नोएडा परिसर पहुंचते हैं। छोटे से कार्य के लिए कोई छात्र सोनभद्र से तो किसी को सहारनपुर से आना पड़ता है। इसमें न केवल छात्रों का समय खर्च होता है बल्कि पैसे का भी व्यय होता है। विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में छात्रों की इस समस्या को दूर करने के लिए ऑनलाइन निस्तारण की पहल की है। इसके तहत छात्र अपनी किसी भी समस्या को ईआरपी के फेसलेस स्टूडेंट सिस्टम पोर्टल पर दर्ज करा सकता है। छात्र को अपने कार्य और उससे जुड़े डॉक्यूमेंट्स को ऑनलाइन अपलोड करना होगा। इसके बाद छात्र को एक विशिष्ट ग्रिवान्स नंबर मिल जाएगा। इस विशिष्ट नंबर से छात्र अपने कार्य की ऑनलाइन ट्रैकिंग भी कर सकता है।

वहीं छात्रों की समस्या संबंधित विभाग को ऑनलाइन चली जाएगी। जबकि संबंधित डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं होने पर ऑनलाइन ही छात्र को संदेश भेजा जाएगा। अधिक से अधिक छात्रों को इस सुविधा का लाभ लेने के लिए सभी संबद्ध संस्थानों के निदेशकों एवं प्राचार्य को पत्र जारी किया गया है ताकि छात्र विश्वविद्यालय आकर अपने कार्यों को कराने की बजाय ऑनलाइन माध्यम से समस्याएं दर्ज करायें।

पौधरोपण कर दिया गया नशा मुक्ति का संदेश

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान पखवाड़ा के तहत मंगलवार को परिसर में पौधरोपण किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बेल, जामुन आम के पौधे लगाये। इस दौरान प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह ने भी पौधे लगाये। साथ ही सफाई भी की गयी। इस मौके पर व्यवस्थाधिकारी प्रवीन कुमार, स्टाफ आफिसर अमित मलिक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

योगी सरकार संस्कृत विवि के विकास को दे रही नयी गति : उच्च शिक्षा मंत्री

- निर्माणाधीन परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए अनुपूरक बजट में 5 करोड़ का विशेष प्रावधान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में संस्कृत शिक्षा एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में निमार्णाधीन परियोजनाओं को गति प्रदान करने एवं बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अनुपूरक बजट में 500 लाख रुपये यानि 5 करोड़ रुपये की विशेष धनराशि का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत भाषा और प्राचीन विद्या का महत्वपूर्ण केंद्र है। विश्वविद्यालय के विकास, आधुनिक सुविधाओं के विस्तार और निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

साथ ही उन्होंने विधानसभा में कई अध्यादेश को सदन के पटल पर रखा। इसमें उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2026 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 15 सन् 2026), उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 2026 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 17 सन् 2026) है और उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2026 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 19 सन् 2026) रखा।

उप चुनाव में भाजपा सरकार को मिला रिटर्न गिफ्ट

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उपचुनाव में भाजपा को 12 साल की सरकार का रिटर्न गिफ्ट मिला है। बांकीपुर उपचुनाव की हार के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के पास अब कुछ भी बाकी नहीं बचा। भाजपा इस उपचुनाव में टेस्ट कर रही थी कि बिना बेईमानी किये जनता उसे कितना वोट देती है। जनता में कितनी नाराजगी है? मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव परिणाम को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमें खुशी है कि दतिया की जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट दिया, जीत मिली। सपा कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारी से इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी की मदद की। सपा के मध्य प्रदेश और झांसी के संगठन ने जो मदद हो सकती थी, उसे किया। संसद परिसर में मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने ई-20 पेट्रोल को लेकर कहा कि ऑटोमोबाइल कम्पनियों को ई-20 पेट्रोल के बारे में विज्ञापन देना चाहिए। लोगों को उसके फायदे बताने चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि ई-20 से गाड़ियों का माइलेज बढ़ गया, मेंटीनेंस फ्री हो गया है। कीमत कम हो गयी है। अगर ऑटो मोबाइल कम्पनियां विज्ञापन नहीं देती है तो इसका मतलब है, सरकार के साथ वह भी मुनाफा कमा रही है। उन्होंने अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर कहा कि मंदिर से चढ़ावा चोरी होना महा पाप है। सुप्रीमकोर्ट के फैसले को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सुप्रीमकोर्ट ने कहा है कि जिनके ऊपर केस चल रहे है उनके केस खत्म नहीं होंगे, चलते रहेंगे।



एलडीए घूस कांड : जशन लॉन प्रकरण को भी विजिलेंस जांच में शामिल करने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में हाल में सामने आए रिश्वत प्रकरण के बीच अब एक अन्य मामले को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने विजिलेंस विभाग से मांग की है कि जशन लॉन से जुड़े प्रकरण को भी मौजूदा जांच में शामिल कर इसकी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

अमिताभ ठाकुर ने विजिलेंस विभाग और एलडीए उपाध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा है कि उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर से किराये पर लिए गए भूखंड पर संचालित जशन लॉन के संचालक ने एलडीए की कार्रवाई को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि लॉन को एक शिकायत के आधार पर सील किया गया था। अमिताभ ठाकुर का दावा है कि जिस शिकायतकर्ता की शिकायत पर कार्रवाई हुई, उसकी पत्नी का नाम एलडीए उपाध्यक्ष के 31 मई 2025 के पत्र में कथित रूप से बार-बार शिकायत करने वाले प्रमुख शिकायतकताओं की सूची में शामिल था। अमिताभ ठाकुर के अनुसार, जशन लॉन संचालक ने आरोप लगाया है कि परिसर को तय प्रक्रिया का पालन किए बिना सील किया गया। इसके साथ ही मामले के निस्तारण के लिए 20 लाख रुपये की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि लॉन संचालक ने आरोप लगाया कि उसे बताया गया था कि कथित राशि में से कुछ हिस्सा संबंधित इंजीनियर और शिकायतकर्ता तक पहुंचाया जाना है। हालांकि, कथित मांग से जुड़े इंजीनियर का नाम अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि एलडीए में सामने आए रिश्वत प्रकरण, अवैध निर्माण से जुड़े मामलों और शिकायतकर्ताओं की भूमिका की जांच के साथ जशन लॉन मामले की भी विस्तृत पड़ताल जरूरी है। उन्होंने विजिलेंस विभाग से मांग की है कि पूरे मामले में अधिकारियों, कर्मचारियों, बिचौलियों, शिकायतकर्ताओं या अन्य किसी व्यक्ति की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में केवल एक घटना तक सीमित जांच के बजाय पूरे नेटवर्क और उससे जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विजिलेंस विभाग को पत्र भेजकर जांच की मांग की गई है।

बीटेक में प्रवेश के लिए छात्रों ने करायी फिजिकल रिपोर्टिंग

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मंगलवार से छात्रों की फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू हो गयी। पहले दिन करीब 35 छात्रों ने अलग अलग ब्रांचों में फिजिकल रिपोर्टिंग के लिए पहुंचे। पीआई के लिए अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में डेस्क लगाये गये हैं।



डेस्कों पर छात्रों के प्रमाणपत्रों की जांच की गयी। हेल्प डेस्क, फीस काउंटर, एवं फिजिकल रिपोर्टिंग का डेस्क लगाया गया। इस दौरान कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने फिजिकल रिपोर्टिंग के पहले दिन हॉल में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही रिपोर्टिंग कराने पहुंचे छात्रों और उनके परिजनों से भी बात की। इस दौरान प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे जबकि कैश के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक के नेतृत्व एवं डॉ. अनुज कुमार शर्मा के समन्वय में रिपोर्टिंग की गयी। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी सहयोग प्रदान किया।

मानसून की जोरदार बारिश से तरबतर हुआ शहर, कई इलाकों में जलभराव

33.2 मिलीमीटर अधिक बारिश रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को हुई तेज बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। भारी बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। गोमतीनगर, इंदिरानगर, हुसैनगंज, फैजुल्लागंज, जानकीपुरम विस्तार, सरोजनीनगर सहित कई क्षेत्रों में सड़कों और गलियों में करीब एक फीट तक पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार लखनऊ में इस मानसून मंगलवार को अच्छी बारिश हुई जो कि 33.2 मिलीमीटर अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई।

फैजुल्लागंज स्थित कृष्णलोक कॉलोनी में नाली व्यवस्था नहीं होने से सीवर और बारिश का गंदा पानी घरों के सामने जमा है। लगातार जलभराव के कारण स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कई घरों में गंदा पानी घुस गया है, जबकि गलियों में जलभराव से लोगों का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। हालात इतने खराब हैं कि कई परिवार अपने मकान खाली कर दूसरे स्थानों पर रहने चले गए हैं। ऐसे कई घरों में ताले लगे हुए हैं। लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है। गोमती नगर के तकवा में घरों में भरा बरसात का पानी भर गया। जानकीपुरम विस्तार में भी बारिश के बाद कई सड़कें पानी में डूब गईं। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव विनय कृष्ण पांडेय ने आरोप लगाया कि पिछले तीन महीनों से नालों की सफाई को लेकर शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि नालों की सफाई पहले करा दी गई होती तो लोगों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। किला मोहम्मदी ड्रेन के उफनाने से एलडीए कॉलोनी के कई सेक्टर जलमग्न हो गए। सेक्टर-एल, एच और जी समेत कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। सेक्टर-एल की स्थिति इतनी खराब रही कि पूरा इलाका पानी से घिरकर टापू जैसा नजर आने लगा। सुबह दफ्तर जाने वाले कई लोगों को जलभराव के कारण वापस लौटना पड़ा, जबकि कई परिवार घंटों तक घरों में कैद रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, कानपुर रोड स्थित मानसरोवर के पास रेलवे लाइन के नीचे से गुजरने वाला किला मोहम्मदी ड्रेन कचरे और गाद के कारण चोक हो गया था। पानी निकासी बाधित होने से ड्रेन का पानी कॉलोनी की ओर बहने लगा और कुछ ही समय में सड़कें जलमग्न हो गईं। जलभराव के कारण कई जगह वाहन बंद हो गए। सेंट टेरेसा स्कूल सेक्टर-एल के आसपास कई कारें पानी में फंस गईं। बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। इलेक्ट्रिक स्कूटर चालकों को अपने वाहन धक्का देकर





निकालना पड़ा। आशियाना खजाना मार्केट से विशाल मेगा मार्ट तक सड़क पर पानी भरने से यातायात प्रभावित रहा। जलभराव की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीमें सक्रिय हुईं। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और जोनल अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी कार्यों का जायजा लिया। कुछ क्षेत्रों में पानी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन निचले इलाकों में देर तक जलभराव बना रहा।

किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद नहीं किया : संदीप सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में परिषदीय विद्यालयों को बंद किए जाने के आरोपों पर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पेयरिंग को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए हैं। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा तीन तक मिले सकारात्मक परिणामों के बाद इसे कक्षा पांच तक विस्तारित किया गया है। मंत्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 में 25,578 विद्यालय जो एक ही परिसर में संचालित थे उनके प्रशासनिक एकीकरण का निर्णय लिया गया था। कई परिसरों में कक्षा एक से पांच और छह से आठ तक के विद्यालय एक साथ संचालित थे, जबकि कुछ स्थानों पर एक ही परिसर में दो-दो प्राथमिक विद्यालय भी चल रहे थे। प्रत्येक विद्यालय के लिए अलग शिक्षक और संसाधनों की व्यवस्था करनी पड़ती थी। ऐसे विद्यालयों को कक्षा एक से आठ तक कंपोजिट विद्यालय के रूप में संचालित करने का निर्णय संसाधनों के बेहतर उपयोग और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया। उन्होंने कहा कि 50 से कम छात्र संख्या और एक किलोमीटर की परिधि से जुड़े जिन विद्यालयों के संबंध में पेयरिंग का निर्णय लिया गया, उनका यू-डायस कोड समाप्त नहीं किया गया है। वहां बाल वाटिकाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में वर्तमान में 71,877 बाल वाटिकाएं संचालित हैं और इनके लिए नया पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है।

गांवों के विकास को 17,942 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात

लखनऊ। योगी सरकार ने वर्ष 2026-27 के अनुपूरक बजट में ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए ग्राम्य विकास विभाग के लिए 17,942.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस राशि से ग्रामीण अधोसंरचना, रोजगार सृजन, आवास, सड़क निर्माण तथा आजीविका से जुड़ी योजनाओं को नई गति मिलेगी। योगी सरकार का उद्देश्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाना है। अनुपूरक बजट में वीबी-जी राम-जी को प्राथमिकता दी गई है। इस योजना के तहत सामग्री मद में 13,768.68 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों को पक्का घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 745.53 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं गांवों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने और मौजूदा सड़कों के रखरखाव के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़कों के अनुरक्षण के लिए 80 करोड़ रुपये तथा सड़क निर्माण कार्यों के लिए 591.67 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। ग्रामीण विकास में निवेश से गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अनुपूरक बजट में किए गए प्रावधानों से विकास कार्यों में तेजी आने के साथ-साथ गांवों में



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

फॉरेंसिक व साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित करें : असीम

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पिता की स्मृति में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को एक लाख का पुरस्कार देने का किया ऐलान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ में मंगलवार को नवारम्भ 2026-27 कार्यक्रम शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाज कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री असीम अरुण, विशिष्ठ अतिथि विधायक डा. राजेश्वर सिंह ने उपस्थित गणमान्य अतिथि संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी, राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अमर पाल सिंह, डॉ. एमके शंमुगम सुंदरम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने एक ऐसे संस्थान और क्षेत्र का चयन किया है, जो न केवल उनके भविष्य, बल्कि देश की न्याय व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान का मूल आधार सटीकता है। केवल अपराधी को पकड़ना पर्याप्त नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं न्यायालय में ग्राह्य साक्ष्य प्रस्तुत करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि जांच में कहीं भी त्रुटि रह जाती है, तो अपराधी को न्यायालय में लाभ मिल सकता है।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में सात वर्ष या उससे अधिक दंडनीय अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य किए जाने से प्रशिक्षित फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध, डिजिटल गिरफ्तारी और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी चुनौतियों के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए साइबर फॉरेंसिक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डॉ. सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता आरपी सिंह की स्मृति में संस्थान के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के लिए प्रतिवर्ष एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति सम्मान प्रदान करने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उभरती प्रौद्योगिकियां, साइबर सुरक्षा तथा डेटा संरक्षण आज केवल विज्ञान एवं तकनीक के विषय नहीं रह गए हैं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं करियर निर्माण के लिए संस्थान की करियर पासपोर्ट अवधारणा का भी उल्लेख किया।

प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एमके शन्मुगम सुंदरम (आईएएस) ने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान भविष्य का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां विशेषज्ञता, विश्लेषण क्षमता और रणनीतिक सोच के बल पर असंभव प्रतीत होने वाले मामलों का भी समाधान किया जा सकता है। एक सफल फॉरेंसिक विशेषज्ञ वही होता है जो जटिल मामलों में सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य की पहचान कर न्याय सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाए। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि डॉ.अमर पाल सिंह ने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण विधाओं में से एक है, जो न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सुशासन स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में माया शेरमैन (इजराइल दूतावास), डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण कुमार द्विवेदी, अनुज गुप्ता, हरमन कोहली आदि वक्ताओं ने उपस्थित छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक हेमराज मीना ने समस्त अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक चिरंजिब मुखर्जी, अतुल यादव, विवेक कुमार, संतोष तिवारी, डॉ सपना शर्मा, डॉ. प्रेरणा, डॉ. प्रीती, डॉ. नेहा, डॉ. श्रुति दास, एवं डॉ.स्वप्निलव प्रतिसार उपनिरी. शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

50 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड नेटवर्क का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 करोड़ रुपये के ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़े 'म्यूल अकाउंट' रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई रकम को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से इधर-उधर ट्रांसफर कर उसे वैध दिखाने का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक दस्तावेज और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है तथा पूरे नेटवर्क की वित्तीय जांच की जा रही है। इस कार्रवाई को साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पेड़ जीवनदायी होते हैं : राजीव मिश्रा

लखनऊ। लखनऊ के तिलक नगर वार्ड में प्रतिदिन पौधारोपण संकल्प में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आहवाहन पर भाजपा कार्यकताओं के साथ के साथ एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी राजीव मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजीव मिश्रा ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है। यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है: जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। उन्होंने कहा कि माँ जैसे जीवन देती हैं, वैसे ही यह पेड़ भी आने वाली पीढ़ियों को सांस देगा। इस अवसर पर पार्षद राजीव बाजपेई, मंडल उपाध्यक्ष विजेंद्र बाजपेई उर्फ सोनू, बूथ अध्यक्ष सुरेश कुरील, स्वप्न जायसवाल, सुमित मिश्रा, मण्डल मंत्री युवा मोर्चा विवेक कुमार, पंकज सोनकर, आयुष मालवीय जी उपस्थित रहे।



भगवान राम, भाजपा के लिए सिर्फ राजनीतिक मुद्दा : कांग्रेस

लखनऊ। विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे की चोरी के मुद्दे पर चर्चा की मांग की,



कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने भाजपा सरकार पर भगवान रामलला मंदिर में हुई चढ़ावे की लूट पर चर्चा से भागने का आरोप लगाते हुए, चंदे चढ़ावे की संगठित और सुनियोजित लूट और डकैती बताया। कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा सरकार के लिए भगवान राम सिर्फ राजनीतिक मुद्दा भर हैं, भगवान रामलला मंदिर में इतनी बड़ी चंदे की चढ़ावे की संगठित लूट और डकैती चलती रही, लेकिन सरकार इतने महत्वपूर्ण संवेदनशील विषय जो देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है उसकी चर्चा से भाग रही, आज विपक्ष मांग करता रहा कि इस पर चर्चा हो लेकिन सरकार हिम्मत नही जुटा पाई भगवान राम से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर।

उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की महिला विधायकों के साथ मार्शलों ने धक्का मुक्की की। बीजेपी, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद के संगठनों ने तीन दशक तक भगवान राम और राम मंदिर के नाम पर राजनीति की जनता के बीच में राममंदिर के नाम पर वोट मांगा, भगवान राम और मंदिर अपना राजनीतिक एजेंडा बनाया लेकिन आज जब भगवान रामलला के मंदिर में चंदे की लूट हुई तो पल्ला झाड़कर ट्रस्ट का बहाना बना लिया।

बारिश और जाम से जूझे शहरवासी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मंगलवार को हुई बारिश के बीच चौराहो पर गाड़ियों का जाम लग गया। जिससे लोगों को भीषण ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। आलमबाग से लेकर गोमतीनगर तक कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। उधर, पुराने शहर में चेहलुम के जुलूस के मद्देनजर लागू किए गए डायवर्जन के कारण भी कई प्रमुख मार्गों पर शाम तक यातायात प्रभावित रहा। सुबह करीब 10:15 बजे कार्यालय समय के दौरान पॉलीटेक्निक चौराहे पर ट्रैफिक बूथ के पास एक स्कॉर्पियो का स्टीयरिंग लॉक हो जाने से यातायात अचानक थम गया।

इसी दौरान बारिश से बचने के लिए कई वाहन चालक मेट्रो पुल के नीचे वाहन खड़े कर दिए, जिससे सड़क और संकरी हो गई। देखते ही देखते भूतनाथ मार्केट, मुंशीपुलिया, एचएएल और आसपास के मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने दूसरे क्षेत्र से मैकेनिक बुलाकर करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद खराब वाहन



को हटवाया, तब जाकर यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

जाम से बचने के प्रयास में कई वाहन चालक गलियों के रास्ते निकलने लगे, जिससे अंडरपास और संपर्क मार्गों पर भी अव्यवस्था फैल गई। इसका असर लोहिया पथ, माल एवेन्यू फ्लाईओवर, कैंट और अन्य प्रमुख मार्गों पर भी दिखाई दिया, जहां वाहनों की रफ्तार काफी देर तक थमी रही। सड़क पर खड़े वाहनों के कारण अंडरपास तक लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों का आरोप था कि रेस्टोरेंट के कर्मचारी केवल अपने ग्राहकों के वाहन निकलवाने में लगे रहे, जबकि आम राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना मिलने पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर और पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा यातायात सुचारु कराने का प्रयास किया।

हालांकि बारिश, खराब वाहन और अवैध पार्किंग के चलते जाम खुलवाने में काफी समय लग गया। घंटों जाम में फंसे लोगों ने ट्रैफिक व्यवस्था और अवैध पार्किंग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों से स्थायी समाधान की मांग की।

अमरूद तोड़ने के विवाद को लेकर हिंसक झड़प

लखनऊ। गोसाईगंज के अमेठी कस्बे में अमरूद तोड़ने के विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई। आरोप है कि शिकायत करने पहुंचे अब्दुल मालिक और उनकी बेटी रूबीना पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों और बाँके से हमला कर दिया। इस हमले में पिता-बेटी दोनों घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोसाईगंज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अमेठी कस्बे के चौगान मोहल्ला निवासी आदिल ने बताया कि मंगलवार सुबह मोहल्ले के हिमांशु और रितांशु उसके बाग से अमरूद तोड़ रहे थे।

आदिल द्वारा विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आदिल ने इस घटना की जानकारी अपने पिता अब्दुल मालिक को दी। शाम को अब्दुल मालिक इस मामले की शिकायत करने आरोपियों के घर पहुंचे। आरोप है कि वहां त्रिमोहन, उसके बेटे हिमांशु और रितांशु के साथ परिवार की एक महिला ने अब्दुल मालिक पर लाठी-डंडों और बाँके से हमला कर दिया। इस हमले में बीच-बचाव करने आई अब्दुल मालिक की बेटी रूबीना भी घायल हो गईं। घायल अब्दुल मालिक और रूबीना को तत्काल उपचार के लिए गोसाईगंज सीएचसी ले जाया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने त्रिमोहन, हिमांशु, रितांशु और परिवार की एक महिला सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पेंशनर के खाते से 2.18 लाख उड़ाये

लखनऊ। राजधानी में साइबर ठगों ने एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को निशाना बनाते हुए उनके बैंक खाते से 2.18 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित के मोबाइल पर बैंक के नाम से एक फर्जी एसएमएस भेजा गया, जिसमें केवाईसी अपडेट करने के लिए लिंक दिया गया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद पीड़ित ने ओटीपी दर्ज किया, जिसके तुरंत बाद खाते से कई किश्तों में रकम निकल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच शुरू कर दी है।

पीएसआई इंडिया को सीएसआर टाइम्स अवार्ड



लखनऊ। सरकार के साथ मिलकर समुदाय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओ के रूप में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) संस्था को मंगलवार को आयोजित समारोह में सीएसआर टाइम्स अवार्ड से नवाजा गया। संस्था को रूरल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट की कैटेगरी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फाउंडेशन से वित्त पोषित मातृछाया कार्यक्रम के लिए गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया है। इसके अलावा निवाबूपा हेल्थ इंश्योरेंस से वित्त पोषित हेल्थ केयर- हेल्थ फॉर आल कार्यक्रम के लिए सिल्वर अवार्ड प्राप्त हुआ है। इस मौके पर पीएसआई इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकेश शर्मा ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से मातृछाया कार्यक्रम की अनूठी पहल उत्तर प्रदेश में की गयी है। इसके तहत पहले चरण में स्वास्थ्य विभाग की मदद से बहराइच, बलरामपुर और हरदोई जिलों के एक-एक सीएचसी का चयन किया गया।

शिक्षामित्रों की मांगों को लेकर बेसिक शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षामित्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान संघ की ओर से शिक्षामित्रों की प्रमुख समस्याओं और मांगों से संबंधित एक विस्तृत मांग-पत्र मंत्री को प्रेषित किया गया। साथ में प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह, रामसेवक पाल, मंडल उपाध्यक्ष अयोध्या दिनेश वर्मा शामिल रहे।



प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख रूप से मांग की कि टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण एवं एनसीटीई के सभी मानकों को पूर्ण करने वाले लगभग 60,000 शिक्षामित्रों को सुपर टेट से छूट प्रदान करते हुए उन्हें विद्यालयों में उन्हें शिक्षामित्र पद पर शिक्षक को मिलने वाली समस्त सुविधाओंके साथ समायोजित किया जाए। सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि शिक्षामित्रों की लंबी योग्यता और अनुभव को ध्यान में रखते हुए उनकी सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की जाए और शिक्षामित्रों को वर्तमान में मिलने वाले वर्ष में 11 माह के मानदेय के स्थान पर पूरे 12 महीने का मानदेय प्रदान किया जाए।

बेसिक स्कूलों में आयोजित होने वाली स्पेशल टीईटी परीक्षा में शिक्षामित्रों को भी सम्मिलित होने का उचित अवसर प्रदान किया जाए। मुलाकात के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने शिक्षामित्रों की सभी मांगों को पर आश्वासन दिया कि शिक्षामित्रों की समस्याओं के त्वरित और उचित निराकरण के लिए वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे।

रात में हो रही है मिट्टी की खुदाई, ग्रामीणों में आक्रोश

- एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने तीन लोगों पर नगराम थाने में दर्ज कराया मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम क्षेत्र के डिघारी गांव में सरकारी जमीन से रातोंरात बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया है। राजस्व अभिलेखों में पशुचर के रूप में दर्ज भूमि पर अवैध तरीके से करीब 1083 घन मीटर मिट्टी खोदकर हटाए जाने की पुष्टि हुई है। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर हुई राजस्व विभाग की जांच के बाद मामले में लेखपाल द्वारा तीन लोगों को नामजद करते हुए नगराम नगराम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

नगराम क्षेत्र के पतौना की क्षेत्रीय लेखपाल शिखा यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि डिघारी गांव स्थित गाटा संख्या 776, रकबा 33.338 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में पशुचर के रूप में दर्ज है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान टीम को मौके पर करीब 38 मीटर लंबाई, 19 मीटर चौड़ाई और 1.5 मीटर गहराई तक मिट्टी की खोदाई मिली। मौके की पैमाइश और गणना में करीब 1083 घन मीटर मिट्टी निकाले जाने का अनुमान लगाया गया।

रात में हुई खोदाई, सुबह मिला खाली मैदान : राजस्व टीम की पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि कथित तौर पर करीब दो दिन पहले रात के समय उक्त भूमि पर मिट्टी खनन किया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों, प्रधान पति और अन्य लोगों ने राजस्व टीम को बताया कि मनोज यादव, राघवेंद्र सिंह और निगोहां निवासी अर्पित मिश्रा द्वारा मिट्टी खनन किए जाने की जानकारी मिली है।

राजस्व विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपितों ने कथित तौर पर संगठित होकर सरकारी/सार्वजनिक उपयोग की भूमि से मिट्टी निकालकर उसका परिवहन किया। पशुचर भूमि में बड़े पैमाने पर हुई खोदाई से ग्रामीणों में भी नाराजगी है। पुलिस ने कसा शिकंजा थानाध्यक्ष नगराम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम और खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामले की जांच उपनिरीक्षक दीपक पाल को सौंपी गई है। अब पुलिस की जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अवैध खनन में और कौन-कौन लोग शामिल थे, मिट्टी किस साधन से खोदी और ढोई गई तथा निकाली गई मिट्टी को कहां ले जाकर इस्तेमाल किया गया। राजस्व विभाग की कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

करंट लगने से पुजारी की मौत

लखनऊ। गोसाईगंज स्थित सीफत नगर के रहने वाले रूपचंद यादव अमेठी कस्बे के रामबाग मोहल्ले में स्थित राम जानकी मंदिर में पुजारी थे। बेटे श्यामू ने बताया कि उनके पिता मंदिर में रहकर पूजा पाठ करते थे। मंगलवार सुबह नहाने के बाद पंखे का तार लगाते समय करंट की चपेट में आकर पंखे के ऊपर गिर पड़े। मौजूद लोगों ने घटना को देखा फौरन घर वालों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे बेटे श्यामू ने पंखे के ऊपर पड़े पिता को इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी जनाका देवी पांच बेटे हैं।

ओलम्पियाड में कार्तिक अव्वल



लखनऊ। सीएमएस के अयोध्या रोड कैम्पस के कक्षा-2 के छात्र कार्तिक तिवारी ने इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय चतुर्थ रैंक अर्जित कर विश्व स्तर पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। ओलम्पियाड का आयोजन साइंस ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में किया गया, जिसमें 72 देशों के एक लाख से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने कार्तिक की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसे उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया एवं विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी स्कूल के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

करंट से गाय की मौत

लखनऊ। शारदा नगर योजना के रुचि खंड-2 में मंगलवार को लेसा की लापरवाही के कारण करंट लगने से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना डा. यूके सिंह के मकान संख्या 1/550 के पास स्थित पार्क के कोने में हुई। हादसे से स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी स्थान पर पहले भी करंट उतरने से एक गाय की जान जा चुकी है।

सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने बड़े पुत्र अनिकेत आजाद व पुत्रवधू अंशिका शर्मा उर्फ आरती शर्मा एंव छोटे पुत्र आयुष शर्मा को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। संतोष कुमारी पत्नी अशोक कुमार निवासी-ग्राम बडनापुर, पोस्ट व थाना मोहम्मदपुर खाला, बाराबंकी।

ट्रेड लाइसेंस के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के राजाजीपुरम स्थित एक बैंक्वेट हॉल में मंगलवार को लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम द्वारा ट्रेड लाइसेंस के नाम पर चलाए जा रहे अभियान और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर की जा रही कार्रवाई का व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला काला कानून बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस व्यवस्था को लेकर व्यापारियों में असंतोष है। उनका कहना था कि अभी शासन स्तर पर प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, इसके बावजूद नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब व्यापारी पहले से ही कमर्शियल भूमि संबंधी शुल्क, यूजर चार्ज, कमर्शियल बिजली बिल, जीएसटी, श्रम विभाग पंजीकरण, गृह एवं जलकर सहित विभिन्न करों और शुल्कों का भुगतान कर रहे हैं, तो ट्रेड लाइसेंस के नाम पर नया शुल्क लगाने का औचित्य क्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बदले व्यापारियों को अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम ने जबरन ट्रेड लाइसेंस के नाम पर उत्पीड़न बंद नहीं किया तो संगठन न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। साथ ही, बाजारों में अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न जारी रहने पर विधानसभा का घेराव करने की भी घोषणा की गई। बैठक में अंकित सिंह, संतोष सिंह, आदित्य सिंह, पंकज, रजत अग्रवाल, दीपक, रूपेश, अंकुर मित्तल, सलमान, जफरूल,राम दयाल सोनी सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की खामियों पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता-लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गोमतीनगर विस्तार स्थित भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रियागत खामियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने प्रथम दृष्टया माना है कि सामाजिक प्रभाव आकलन (सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट) रिपोर्ट और बहुशाखीय विशेषज्ञ समूह की संस्तुतियों पर विधिसम्मत ढंग से विचार किए बिना भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। इस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कहा है कि ऐसे में राज्य सरकार को अपने निर्णय का औचित्य साबित करना होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित आरओबी से संबंधित विभिन्न याचिकाओं और एक जनहित याचिका पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त तय करते हुए अपर महाधिवक्ता को आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर सरकार का पक्ष स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

सुनवाई के दौरान पीठ ने सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट और स्वतंत्र बहुशाखीय विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का अवलोकन किया। रिपोर्ट में यह स्वीकार किया गया है कि भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर लगातार लगने वाले जाम और यातायात संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। हालांकि आरओबी किस स्थान पर बनाया जाए इसे लेकर विभिन्न विभागों और हितधारकों के बीच मतभेद हैं। विशेषज्ञ समूह ने भी इसे तकनीकी विषय बताते हुए रेलवे, सेतु निगम और संबंधित तकनीकी एजेंसियों की राय के आधार पर अंतिम निर्णय लेने की आवश्यकता बताई थी।

उप्र साहित्य सभा का स्थापना दिवस आज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा का स्थापना दिवस आज 5 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। गोमतीनगर स्थित बौद्ध संस्थान में शाम चार बजे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजय तनेजा राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान व निदेशक अभियोजन ललित मुद्गल तथा कवि डॉ शिवओम अम्बर, डॉ विष्णु सक्सेना, डॉ प्रवीण शुक्ला, डॉ सोनरूपा विशाल, डॉ राजीव राज, बलराम श्रीवास्तव, गजेंद्र प्रियंशु आदि इसका उद्घाटन करेंगे। सभा के संस्थापक स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना ने बताया इस अवसर पर प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित, प्रो उषा सिन्हा व पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह सहित लखनऊ व प्रदेश के 55 जिलों के साहित्यकार प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। स्थापना दिवस पर वरिष्ठतम साहित्यकार डॉ शिवभजन कमलेश व शारदा सिन्हा को साहित्य सिद्धि सम्मान से नवाजा जाएगा व साथ ही लोकभाषा सम्मान व भाषा समन्वय सम्मान के साथ साथ नवोन्मेष रचना सम्मान से एक युवा कवि को सम्मानित किया जायेगा।

आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 7 तक बढ़ी

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में संचालित विभिन्न व्यवसायों, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 211 राजकीय संस्थानों में संचालित 10 दीर्घकालीन व्यवसायों एवं पीपीपी मॉडल पर संचालित राजकीय संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में सत्र 2026-27 के प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रवेश आवेदन की तिथि को विस्तारित किया गया है। अब अभ्यर्थी वेबसाइट www.scvtup.in पर निर्धारित अंतिम तिथि 04 अगस्त के स्थान पर अब 7 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन व पंजीकरण कर सकेंगे।

सावन : बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में आज लगेगा भक्तों का तांता



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भगवान शिव की आराधना कर भक्ति से शक्ति हासिल करने का पवित्र सावन का महीना शुरू हो गया है। भगवान शिव की पूजा और अर्चना में अब भक्त पूरी तरह से लीन दिखाई देने लगे हैं। लखनऊ में भगवान शिव के अनेक चमत्कारी मंदिर बने हुए हैं। जहां पर सावन के महीने में शिव भक्त धूमधाम से दर्शन करते हैं। भगवान शिव के शिवालयों पर भक्तों का तांता दिखाई देता है। ऐसे ही शहर में एक मंदिर है जहां सोमवार को नहीं बल्कि बुधवार के दिन पूजा की जाती है। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में आज बुधवार को भक्तों का तांता दिखायी देगा।

भक्तों की सुविधा को देखते हुए मंदिर प्रसाशन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास त्रेता युग से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि अयोध्या वासियों ने माता सीता को भगवान राम से त्यागने के लिए कहा था। उस दौरान भगवान राम ने लक्ष्मण को यह आदेश दिया था कि तत्काल सीता को जंगल में छोड़ कर आएं। उसी दौरान लक्ष्मण आदेश का पालन करते हुए माता सीता को लेकर वन की तरफ चल दिए। चलते-चलते लखनऊ में स्थित बुद्धेश्वर नामक एक छोटा सा मंदिर दिखाई दिया, जहां उन्होंने माता सीता के साथ बैठकर विश्राम किया। उस दिन बुधवार का दिन था और लक्ष्मण इस बात से चिंतित थे कि माता के समान भाभी को आखिर वन में अकेले कैसे छोड़ा जाए.उस दौरान माता सीता गर्भवती थीं। तब बुद्धेश्वर महादेव ने लक्ष्मण को दर्शन दिए और यह सद्बुद्धि देते हुए कहा कि आप सीता को महर्षि बाल्मीकि आश्रम ले जाकर छोड़ दें। तभी माता सीता और लक्ष्मण ने बुद्धेश्वर महादेव के मंदिर में पूजा की और वहां से चल दिए, जिस दिन यह घटना हुई थी, उस दिन बुधवार का दिन था। तभी से बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को भक्त पूजा करने लगे।

श्रद्धालुओं का कहना है कि बुद्धेश्वर मंदिर में श्रद्धा सुमन के साथ जो भी भक्त यहां आकर भगवान महादेव के दर्शन करते हैं। भगवान उनकी सारी मनोकामना पूरी करते हैं। यह मंदिर लखनऊ के रेलवे स्टेशन चारबाग से करीब 12 किलोमीटर और रोडवेज आलमबाग बस स्टेशन से 10 किलोमीटर दूरी पर कानपुर बाईपास रोड पर स्थित है। भक्तगण बौद्धिक शांति और अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए बुद्धेश्वर महादेव के मंदिर आकर दर्शन करते हैं।

द्वादश ज्योतिर्लिंग में शिव के 12 स्वरूपों के मिलते हैं दर्शनः सदर स्थित द्वदश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भक्तों को भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंग के एक साथ-एक जगह पर दर्शन का पुण्य फल प्राप्त होता है। सदर बाजार में नेहरू रोड पर स्थित करीब 180 वर्ष पुराना यह मंदिर शिवालय के नाम से जाना जाता था। वर्ष 2014 में इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया तब शिवालय का स्वरूप दो मंजिला हो गया।

पहली मंजिल पर 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित हुए। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश चन्द्र अग्रवाल बताते हैं कि इस शिवालय में शिवलिंग की स्थापना कानपुर के लाला छेदीलाल अग्रवाल जी ने करीब 175 से 180 वर्ष पहले की थी। मंदिर का जीर्णोद्धार फरवरी 2014 में किया गया। तब मंदिर की पहली मंजिल पर 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना हुई। खास बात यह है कि सभी ज्योतिर्लिंग को उनके वास्तविक व छोटे स्वरूप में यहां स्थापित किया गया है। वहीं सभी ज्योतिर्लिंग के शिखर को भी वास्तवित मंदिर के शिखर जैसा पत्थर से बनाया गया है। ज्योतिर्लिंगों की स्थापना के लिए सभी ज्योतिर्लिंगों से जल और रज लाकर इन मंदिरों की स्थापना की गई। जबकि दूसरी मंजिल पर संतसंग हॉल हैं। यहां पर भजन कीर्तन व कथा जैसे आयोजन होते हैं। प्रधान शिवलिंग का शिखर सबसे ऊपर बना है।

शिवलिंग पर चढ़ा जल होता है रिचार्जः मंदिर अध्यक्ष राजेश चन्द्र अग्रवाल बताते हैं कि मंदिर में पर्यावरण संरक्षण का पूरा ख्याल रखा गया है। यहां भक्तों द्वारा चढ़ाया गया जल इधर-उधर नहीं जाता है। जल चढ़ने के बाद सीधे धरती में समाहित हो जाता है। इसके लिए वाटर रिचार्जिंग सिस्टम 2014 में बनाया गया था। सदर क्षेत्र में इस मंदिर पर लोगों की अगाध आस्था है। मंदिर में लोग मुंडन, कनछेदन, जनेव जैसे संस्कार भी आयोजित करते हैं।

मंदिर में अन्य देवी देवता भी विराजमानः मंदिर में मुख्य गर्भगृह में शिव परिवार स्थापित हैं। वहीं बाहर लक्ष्मी नारायण, राधाकृष्ण, मां दुर्गा, राम दरबार व हनुमान जी भी विराजमान हैं। नव गृह की मूर्तियां भी यहां स्थापित हैं। इस वर्ष पूरे सावन में 14 मुख्य दिन 12 परिवारों द्वारा द्वदश ज्योतिर्लिंगों के 12 मंदिरों में अलग-अलग रुद्राभिषेक व पूजा अर्चना की जा रही है।

अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा मंगला गौरी व्रत



लखनऊ। पति व बच्चों की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने सावन माह के मंगलवार को विशेष पूजा-अर्चना की और मंगला गौरी का व्रत रखा। ऐसी मान्यता है कि मंगला गौरी का व्रत रखने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सुहागिनों ने जहां परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा। वहीं कुंवारियों ने मनपसंद पति पाने के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। सावन माह के दूसरे व तीसरे व चौथे मंगलवार को भी मंगला गौरी का व्रत रखा जाएगा।

पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि बूढ़ेश्वर मंदिर में सावन माह के सोमवार को जहां सैकड़ों द्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वहीं मंगलवार को मंगला गौरी का व्रत रखने वाली महिलाएं अपने घर में भगवान गणेश, शिवजी और मां गौरी की पूजा.अर्चना करती हैं और मंदिर में दर्शन करने आती हैं। सावन के पहले मंगलवार को महिलाएं मनकामेश्वर मंदिर सहित शहर के सभी शिव मंदिरों में पहुंची और गणेशजी को स्नान कराकर जनेऊ अर्पित किया। धूप, दीप प्रज्ज्वलित कर भोग लगाया। इसके बाद मां गौरी की आराधना करके सुहाग सामग्री अर्पित की। साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शिवजी को बेल पत्र व पंचामृत से अभिषेक करके ओम नमः शिवाय का जाप किया और मन ही मन 7 बार मनोकामना मांगी। श्रावण मास में प्रत्येक मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि श्रावण मास में मंगलवार को आने वाले सभी व्रत-उपवास सुख.सौभाग्य में वृद्धि करते हैं। मंगला गौरी व्रत के प्रभाव से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन माता मंगला गौरी का पूजन कर कथा का श्रवण करना चाहिए। सुहागिन महिलाओं को सोलह सोमवार के साथ मंगला गौरी व्रत अवश्य रखना चाहिए। यह व्रत प्रारंभ करने के पश्चात लगातार पांच वर्षों तक इस व्रत को रखा जाता है। श्रावण माह में ही इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। यह व्रत पति और संतान की लंबी आयु के लिए किया जाता है। सौभाग्य से जुड़ा होने के कारण इस व्रत को विवाहित स्त्रियां और नवविवाहिताएं करती हैं।



हरियाली उत्सव सीजन 5 खुशहाल लाइफ का पोस्टर रिलीज

- नव अंशिका हरियाली क्वीन 2026 सहित स्वीट 60 की भी दिलचस्प प्रतिस्पधार्एं बनेंगी आकर्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेल विहार एवं नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से रविवार 16 अगस्त को हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ का आयोजन गोमती नगर विराज खंड स्थित होटल क्लासिक कलेक्शन निकट हैनीमैन चौराहा में किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 12 बजे से होगा। इसमें सौन्दर्य और टैलेंट के एक से बढ़कर एक दिलचस्प प्रतियोगिताएं होगी। इसका पोस्टर मंगलवार 4 अगस्त को रेल विहार कॉलोनी परिसर में नव अंशिका की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी और



रेल विहार सोसाइटी की गरिमा श्रीवास्तव और रचना सिंह के द्वारा जारी किया। इस अवसर पर उपस्थित नव अंशिका फाउण्डेशन की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ में रैंप वॉक और टैलेंट हंट शो आकर्षण का केन्द्र बनेगा वहीं नव अंशिका हरियाली क्वीन 2026 और स्वीट सिक्सटी हरियाली क्वीन 2026 के साथ ही बेस्ट हेयर स्टाइल, ड्रेस, स्माइल, पर्सनैलिटी, परफार्मेंस, रैंप वॉक, मेकअप, डांस, टैलेंट, मेंहदी, सुंदरी, कजरा, चूड़ी श्रंगार, एक्सप्रेशन, सिंगर, आनार्मेंट, फुटवियर और नेल्स के टाइटल अवार्ड भी दिए जाएंगे। इच्छुक महिलाएं दूरभाष 9721700025 और 9335222238 पर भी संपर्क कर सकती हैं। इसके सह-संयोजक थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्दीकी ने बताया कि हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। जो कि इस साल शनिवार 15 अगस्त को है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण इस साल इसे उसके अगले दिन रविवार 16 अगस्त को मनाया जा रहा है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव, शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। झूलों और गीतों का आनंद लेती युवतियां और महिलाएं प्रकृति की उमंग से सराबोर होते हुए हरे रंग के लहंगे, चोली, सलवार सूट और साड़ी को पहन कर इस प्रकृति पर्व को मनाती हैं। ऐसे में नए दौर की महिलाओं की रुचि अनुरूप इस बार हरियाली उत्सव सीजन फाइव खुशहाल लाइफ का आयोजन भी नए रूप में किया जा रहा है।

भातखंडे : नशा मुक्त समाज ही एक सशक्त राष्ट्र की आधारशिला



लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संचालित नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत आज मंगलवार को विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में नशा मुक्त युवा, विकसित भारत विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक सशक्त एवं सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं सामाजिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्लोगनों में नशे के दुष्प्रभावों से बचने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का प्रभावशाली संदेश परिलक्षित हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नशे के सेवन से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ भी ली। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि नशा मुक्त समाज ही एक सशक्त और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। युवा वर्ग को इस दिशा में जागरूक एवं प्रतिबद्ध होना अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस. पी. सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करते हैं, बल्कि उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत निरंतर विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में नशामुक्त जीवन के प्रति सकारात्मक सोच एवं व्यवहार का विकास करना है, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना को और अधिक सुदृढ़ एवं साकार किया जा सके।

शहर की चार विभूतियों को ऑनलाइन मिला प्रेमचन्द अन्तर राष्ट्रीय सम्मान

लखनऊ। नार्वे से प्रेमचंद अंतरराष्ट्रीय सम्मान 2026 डिजिटल संगोष्ठी में लखनऊ के विद्वानों साहित्य आलोचना के लिए विभूतियों को सम्मानित किया गया। लखनऊ की वरिष्ठ रंगकर्मी चित्र मोहन, राजा अवस्थी के साथ ही एलयू की डॉ. प्रो. रीता चौधरी और मौलाना आजाद मेमोरियल अकादमी के महासचिव डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी को प्रेमचन्द अन्तरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रेमचंद अन्तरराष्ट्रीय सम्मान समिति के अध्यक्ष एवं आयोजक भारतीय-नावेर्जीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम, नार्वे के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र शुक्ला ने सम्मान दिए। भारतीय-नावेर्जीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम, नार्वे की स्थापना 1988 में भारतीय और नावेर्जीय लेखकों और भारतीय दूतावास के सहयोग से ओस्लो में हुई थी।

चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना, कभी अलविदा न कहना...

- स्व. किशोर कुमार की जयन्ती रवीन्द्रालय में धूमधाम से मनायी गयी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रंगभारती द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 4 अगस्त को फिल्म-जगत के महान गायक एवं बहुमुखी कलाकार स्व. किशोर कुमार की जयन्ती रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह, चारबाग, लखनऊ में आज धूमधाम से मनाई गई। किशोर कुमार की 97वीं जयंती के इस अवसर पर रंगभारती के मशहूर सप्तरंग ऑरकेस्ट्रा द्वारा किशोर कुमार की स्मृति में एक शाम किशोर कुमार के नाम शीर्षक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगभारती संस्था किशोर कुमार के जन्मदिन पर वर्ष 1957 से यह आयोजन करती आ रही है।

चूंकि कार्यक्रम स्व0 किशोर कुमार की स्मृति को समर्पित था, इसलिए उसमें किशोर कुमार छाये रहे तथा उनकी गायकी के अनेक रंगों ने धूम मचाई। किशोर कुमार के चुलबुले गीतों के साथ विशेष रूप से उनके गम्भीर गाने गाकर गायकों ने भरपूर तालियां बटोरीं। सप्तरंग ऑरकेस्ट्रा के इन गायक-गायिकाओं द्वारा किशोर कुमार के स्वरों में गाए गए एकल एवं युगल अमर गीतों को सुनकर लोग झूम उठेः- जमाल- ऐ खुदा हर फैसला,



कोई रोको न दीवाने को, रुक जाना ओ जाना, सामने ये कौन आया। कृष्ण कुमार- कोई हसीना जब रूठ जाती है, लेडीज एंड जेंटिलमैन। रूपा तिवारी- अपने जीवन की उलझन को। विजय थापा- हम बोलेगा तो बोलोगे बोलता है। जमाल व स्मृति- आंखों आंखों में प्यार। जमाल व रूपा- नहीं-नहीं, अभी नहीं, भलीभली-सी इक सूरत। कृष्ण कुमार व नंदिनी-देखा एक ख्वाब। विजय थापा व स्मृति-तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती। पद्मा गिडवानी-आ चलके तुझे मैं लेके चलूं। कृष्ण कुमार व स्मृति- आती रहेंगी बहारें, तेरा साथ है कितना प्यारा। जमाल व स्मृति- प्यार से दिल पे मार दे गोली। आशीष निगम-मेरे नैना सावन-भादों। सुनील-छूकर मेरे मन को। जया श्रीवास्तव-अगर तुम न होते। लक्ष्मीकांत-देखो ऐ दीवानो। उमेश त्रिपाठी-पल-पल दिल के पास। नंदिनी श्रीवास्तव-देखा एक ख्वाब। सभी कलाकारों द्वारा समूहगान के रूप में चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना से कार्यक्रम की समाप्ति की गई। ऑरकेस्ट्रा में इन वादकों ने संगत कीः- गुड्डू श्रीवास्तव (पैड व सैम्पलर), सुनील वर्मा (तुंबा व बांगो), संजय चैहान (नाल, कांगो), विपिन (गिटार), विकास सक्सेना (ड्रम), अनूप सिंह (बेस गिटार), अभिजित वर्मा (ऑर्गन)। देश-विदेश में धूम मचाने वाले सुविख्यात एंकर एवं हास्यकलाकार सुनील शान ने कार्यक्रम का संचालन बड़े रोचक ढंग से किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि किशोर कुमार फिल्म-जगत के ऐसे अद्भुत एवं जीनियस कलाकार थे, जिनकी श्रेष्ठता का कोई ओर-छोर नहीं था। श्याम कुमार इस बात के लिए बहुत सराहना के पात्र हैं कि वह अपने अथक प्रयास से विगत 69 वर्षों से किशोर कुमार का जन्मदिन मनाते आ रहे हैं तथा इस प्रकार उस महान कलाकार की स्मृति को जीवंत बनाए हुए हैं। श्याम कुमार श्रेष्ठ पत्रकार तो हैं ही, उन्होंने कला एवं समाजसेवा के क्षेत्र में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान किया है।

लखनऊ में नम आंखों से निकला चेहल्लुम का जुलूस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में मोहर्रम के 40वें दिन मंगलवार को चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। करीब 5 किलोमीटर लंबा जुलूस चौक स्थित नाजिम साहब इमामबाड़ा से शुरू होकर तालकटोरा स्थित कर्बला तक गया। जुलूस में शिया समुदाय के हजारों लोग काले कपड़े पहनकर और नंगे पैर शामिल हुए। इमामबाड़ा नाजिम साहब के बाहर जमीन पर अमेरिका और इजराइल के झंडे के साथ डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर लगाई गई। इसे लोग पैरों से रौंदते हुए आगे बढ़ बढ़े।

जुलूस में सबसे आगे अकीदतमंद करीब 25 फीट ऊंचा हजरत अब्बास का अलम-ए-मुबारक लेकर चले। कई लोग ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई और उनके बेटे मोजतबा खामेनेई की तस्वीरें लेकर भी जुलूस में शामिल हुए। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने जंजीरों से मातम किया। मातम से कई अकीदतमंदों के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दिए। वे लहूलुहान नजर आए। जुलूस को लेकर सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान एक छोटी बच्ची ने लोगों को मेलोडी टॉफी बांटी। एक कुंतल ड्राई फ्रूट से बना



अलम जुलूस में शामिल किया गया। इसमें 20 किलो तालमखाना, 40 किलो छुहारा, 15 किलो अखरोट, 5 किलो गरी और 20 किलो खजूर का इस्तेमाल किया गया। शिया धर्मगुरु मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ आज से 40 दिन पहले कर्बला में शहीद हुए थे उन्हीं की याद में चेहल्लुम का जुलूस निकाला जाता है। यहां पर अमेरिका और इजराइल का झंडा इसलिए पैरों से रौंदा जा रहा है क्योंकि नेतन्याहू और ट्रंप इंसानियत के दुश्मन हैं। इमामबाड़ा नाजिम साहब के मुख्य द्वारा पर अमेरिका और इजरायल के झंडे के साथ डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर लगाई है जिसे लोग पर से रौंदते हुए आगे बढ़ रहे हैं। चेहल्लुम का जुलूस चौक थाना क्षेत्र के नाजिम साहब इमामबाड़ा (विक्टोरिया स्ट्रीट) से शुरू होगा। मेफेयर तिराहा, नक्खास, तुड़ियागंज तिराहा, बिल्लौचपुरा, बाजारखाला, कर्बला पुत्तनशाह, हैदरगंज तिराहा, बुलाकी अड्डा और एवरेडी तिराहा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचकर संपन्न होगा।

नगराम कस्बा में मंगलवार के दिन चेहल्लुम का जुलूस नम आंखों और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ निकाला गया। इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम समुदाय के साथ हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी नोहा और मर्सिया पढ़कर इमाम हुसैन को याद किया और मातम में शामिल हुए। गम-ए-हुसैन की याद में किला से ताजिया उठाए गए जो कस्बा बेजू तिराहा और बस अड्डा चौराहा होते हुए कर्बला पहुंचा, जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। रास्ते भर नोहा-मर्सिया की सदा से माहौल गमगीन हो गया। लोगों की आंखें नम हो उठीं। जुलूस में ग्रामीणों के साथ-साथ क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। जगह-जगह लंगर और छबील का इंतजाम किया गया था। ताजियादार गुड्डन अब्बास ने बताया कि नगराम में हर साल की तरह इस बार भी किला से मसरूम मियां के दरवाजे से जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया जिसमें हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए सभी समुदाय के लोग एक साथ शामिल हुए और जुलूस सकुशल संपन्न हुआ।

भारत सरकार : रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
मानक नगर, लखनऊ -226011
विद्युत अनुरक्षण अनुभाग

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, विद्युत अनुरक्षण अनुभाग, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ, द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

ई-निविदा सूचना	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	बयाना राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समय अवधि	जमा करने की अन्तिम तारीख व समय
03-2026-27	अ.अ.मा.सं., लखनऊ में त्रिवेणी, भागीरथी और गोमती विश्राम ग्रह के नवीनीकरण के लिए विद्युतीय कार्य का प्रावधान।	495539.11	9900.00	00.00	03 माह	28/08/2026 को 15.00 बजे तक
02-2026-27	1. अ.अ.मा.सं., लखनऊ स्थित हर्बल पार्कों में सबमर्सिबल पम्प सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। 2. अ.अ.मा.सं., लखनऊ में टीआई लैब में इलेक्ट्रोडायनमिक वाईब्रेशन शेकर सिस्टम की आपूर्ति एंस्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए विद्युतीय कार्य का प्रावधान।	1603165.16	32100.00	00.00	03 माह	02/09/2026 को 15.00 बजे तक

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। उपरोक्त निविदा के लिए केवल ई-निविदा ही स्वीकार्य होगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए सीआरआईएस / नई दिल्ली के सहायता प्रकोष्ठ में संपर्क कर सकते हैं। फोन नं. - 011.23761525

(प्रवीन चन्द्र यादव)
ए.डी.ई./ई.एम.एस.
कृते महानिदेशक
अ.अ.मा.सं., लखनऊ

संक्षेप

पूर्व नपा अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव का निधन

आजमगढ़। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव का मंगलवार की भोर में लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। आजमगढ़ नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थी। वह लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती थी। मंगलवार की भोर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर फैल गई। उनका पार्थिव शरीर लखनऊ से मंगलवार की दोपहर को नगर स्थित कुर्मी टोला आवास पर लाया जाएगा।

फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के सकरामऊ गांव में मंगलवार की सुबह विवाहिता का घर के पास फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। 24 वर्षीया वर्षा पत्नी जयहिंद विश्वकर्मा का घर के बाहर टीनशेड में नायलान के सहारे लटकी थी। पति ने उसे देखा, फंदे से तार कर उसे लकर जौनपुर जनपद के अस्पताल पहुंचा, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विवाहित को एक बेटी है। विवाहिता के चाचा रामफेर ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर वर्षा को प्रताड़ित करते थे। उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया है।

घर में सो रही छात्रा की सर्पदंश से मौत

आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र के मठिया जप्ती माफी गांव में घर में सो रही छात्रा 12 वर्षीया राजनंदनी पुत्री चंदन कुमार की सर्प दंश से मौत हो गई। उसके बगल में ही मां सुनीता, छोटी बहन श्रेयांशी भी बेड पर सो रही थी। मंगलवार की भोर में वह अचानक बेड़ से नीचे गिर गई। मां ने बेटी राजनंदनी की तबीयत खराब होने की आशंका व्यक्त करते हुए परिजनों को बताया। परिजनों ने उसके दाहिने हाथ में सर्प के डसने का निशान देखा तो वे तत्काल छात्रा को लेकर अंबेडकर नगर जिले के बसखारी स्थित एक निजी अस्पताल पर लेकर गए। जांच पड़ताल के बाद डॉक्टर ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया।

सपा मनायेगी आदिवासी दिवस

लालगंज, मीरजापुर। समाजवादी पार्टी छानवे विधानसभा के अध्यक्ष सोकिम अहमद झल्लू के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की अनुमति देने के संबंध में मांग की गई। उप जिलाधिकारी अजीत कुमार को दिए गए पत्रक में विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद झल्लू ने कहा कि 9 अगस्त को पूरे देश में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाना है। इसी क्रम में हम लोग समाजवादी पार्टी के तत्वधान में यह कार्यक्रम छानवे विधानसभा पासवान चौकी पर करना चाहते हैं। समय 10 बजे से सायं काल 3 बजे तक सुनिश्चित किया गया है जिसमें अनुमति प्रदान किए जाने की कृपा करें।

बिछेगा सड़कों का जाल, उद्योगों को मिलेगी रफ्तार



सोनभद्र। प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योगों को लगाने के साथ-साथ सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को भी तेजी से मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना के तहत सरकार ने सड़क निर्माण के 22 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इन 22 प्रस्तावों में सबसे ज्यादा 6 प्रस्ताव सोनभद्र के हैं। इसके तहत लगभग 202 करोड़ रुपये खर्च कर छह सड़कों (कुल 127 किमी.) का निर्माण किया जाएगा। यह उपलब्धि जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की ओर से किए गए समयबद्ध प्रयासों का नतीजा है, जो सोनभद्र के विकास को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगा।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सरकार ने दूसरे जनपदों से जोड़ने वाली छह सड़कों के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि शासन ने औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना के तहत सड़क निर्माण के कुल 22 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इन प्रस्तावों में सोनभद्र के सबसे ज्यादा 6 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। जिलाधिकारी ने बताया कि मुर्धवा-म्योरपुर-बभनी-चपकी-बीजपुर मार्ग का निर्माण 36.75 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। नधिरा-धरतिडाड मार्ग का निर्माण 1.20 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। वहीं, वाराणसी-शक्ति नगर स्टेट हाइवे का निर्माण का 41.79 करोड़ रुपये से कराया जाएगा। इसी तरह, डिबुलगंज-जोगेन्द्रा मार्ग का निर्माण 48.38 करोड़ रुपये, आरएस रोड से कोदरा टोला मार्ग तक सड़क का निर्माण 18.53 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। चोपन-कोटा-कोन-करौंदी मार्ग का निर्माण 55.50 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से जुड़े सभी संबंधित विभागों द्वारा सर्वे इत्यादि कार्यों को त्वरित गति से संपन्न किया गया। जिसके चलते जनपद में 6 सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। सड़क निर्माण के संबंध में जल्द टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराने के साथ ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

श्रावण मेले की तैयारियों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मंगलवार को शिवद्वार मंदिर पहुंचकर श्रावण मास में आने वाले कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, मंदिर परिसर एवं आसपास की साफ-सफाई, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित चिकित्सा शिविर तथा मेले में बनाए गए कंट्रोल रूम का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री गौड़ ने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत घोरावल को निर्देशित किया कि श्रावण मास में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए शिवद्वार मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शाहगंज बाजार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर गंदगी एवं कीचड़ पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को तत्काल सफाई एवं रोड के किनारे बन रहे नाले निर्माण में आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मार्गों से कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है, वहां स्वच्छता एवं सुगम यातायात हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी घोरावल विशाल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस.के. सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पानी न आने पर विरोध प्रदर्शन

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के रामपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में जल संकट के चलते मंगलवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। करीब 4 दिनों से जल निगम का पानी न आने से परेशान 20 से 25 घरों के लोगों ने हाथ उठाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। 4 दिनों से पानी न आने के कारण लोग इधर-उधर से मांगकर किसी तरह गुजारा करने को मजबूर हैं। लोगों ने बताया कि नाली जाम होने के कारण घरों के शौचालय का पानी भी बाहर नहीं निकल पा रहा है। इसी गंदगी में गिरकर एक युवक मोहम्मद का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। लोगों का कहना है नाली की खुदाई के दौरान जल निगम की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद से पानी की आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों ने नगर पंचायत चेयरमैन विनोद जायसवाल से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पानी और नाली की समस्या का समाधान करने की मांग की है। आलमगीर, टींकू गुप्ता, रवि सोनकर, दिलबहार, काजू गुप्ता, नवसाद, राजन, साजन गुप्ता, तिवारी पान वाले आदि उपस्थित रहे।



अनुशासन से बनता है श्रेष्ठ व्यक्तित्वः कुलपति

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में बी.ए. एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए



आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं अन्य अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कुलपति ने कहा कि अनुशासन ही विद्यार्थी जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित विद्यार्थी ही अपने ज्ञान, व्यक्तित्व और चरित्र का समुचित विकास कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करते हुए अध्ययन, शोध, खेलकूद तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधि शिक्षा केवल कानून का अध्ययन नहीं, बल्कि न्याय, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति संवेदनशील नागरिक बनने की प्रक्रिया है। संस्थान में आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा तथा साइबर अपराध की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार को भी साइबर अपराधियों से सुरक्षित रखने में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं। डॉ. वनिता सिंह ने किया। विभागाध्यक्ष एवं निदेशक प्रो. विनोद कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रियंका कुमारी, जय सिंह एवं रजनीश सिंह का विशेष सहयोग रहा तथा संचालन डॉ. अनुराग मिश्र ने किया।

चेहल्लुम पर निकला दरिया वाला जुलूस



जौनपुर । शहर के मौला अलीघाट, मुफ्ती मोहल्ला में 20 सफर के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक दरिया वाला जुलूस मंगलवार को पूरी अकीदत, गम और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

बड़ी संख्या में मोमिनीन ने जुलूस में शिरकत कर हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला को अश्कों के साथ खिराज-ए-अकीदत पेश किया। जुलूस से पूर्व आयोजित मजलिस का आगाज मरहूम नजर हसन एडवोकेट के हमनवा जनाब सैय्यद मेहदी जैदी की सोजखवानी से हुआ। इसके बाद हुज्जतुल इस्लाम मौलाना महफूजुल हसन खाँ ने मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला के पैगाम, सब्र, इंसाफ और शोहदाए कर्बला की अजीम कुर्बानियों पर से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन का गम केवल शिया समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि हर इंसानियत पसंद, न्यायप्रिय और सत्य का साथ देने वाले व्यक्ति का गम है। उन्होंने कहा कि कर्बला का पैगाम मजहबी सीमाओं से ऊपर उठकर इंसानियत, अमन, भाईचारे, इंसाफ, सब्र और जुल्म के खिलाफ डटकर खड़े होने की सीख देता है। इमाम हुसैन ने अपने परिवार और साथियों की बेमिसाल कुर्बानी देकर हक और इंसाफ की राह पर डटे रहने का संदेश दिया, जो आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। मौलाना जीशान आजमी ने चेहलुम ने कहा कि नजफ से कर्बला तक हुसैनी मोकेब के माध्यम से जायरीन की निस्वार्थ सेवा, मेहमाननवाजी और इंसानियत की मिसाल पूरी दुनिया के सामने पेश होती है। उन्होंने बताया कि भारत से भी बड़ी संख्या में जायरीन अरबईन में शामिल होकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देते हैं, जो भारत की गंगा-जमुनी तहजीब और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक है। मजलिस के बाद मातम के बीच मौला अलीघाट, मुफ्ती मोहल्ला से ऐतिहासिक दरिया वाला जुलूस अपने पारंपरिक मार्ग से रवाना हुआ। ह्वया हुसैनह्व और ह्वऐ हुसैनह्व की सदाओं से पूरा इलाका गूंज उठा। महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और बच्चों ने बड़ी संख्या में जुलूस में शिरकत की। जगह-जगह अकीदतमंदों ने जुलूस का इस्तकबाल किया तथा सबीलों का भी इंतजाम किया गया।

मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत 28 लाभार्थियों का चयन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने इसके लिए 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना' की शुरूआत की।

इस योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए 28 लाभार्थियों का चयन किया गया। जिन्हें बुधवार को विकास भवन में आयोजित डेयरी कानक्लेव में चयन पत्र वितरित किया जाएगा। नंदबाबा दुग्ध मिशन के नोडल अधिकारी मनोज दुबे ने बताया कि मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में नंद बबा डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से 28 लाभार्थियों (14 महिला, 14 पुरुष) का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित लाभार्थियों को बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित डेयरी कॉन्क्लेव में चयन पत्र वितरित किया जाएगा। इस योजना के तहत पशुपालकों को उन्नत नस्ल की 2 स्वदेशी गायों की डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए 80 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य उन्नत नस्ल की स्वदेशी गौवंश को बढ़ावा देना जिससे ज्यादा दुग्ध उत्पादन के साथ साथ संकर नस्ल की गायों में फैल रही तरह तरह की बीमारियों जैसे लम्पी रोग आदि से निजात दिलाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना है। बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को दो उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों की इकाई लगानी होती है। इसकी कुल स्थापना लागत का 40 प्रतिशत या अधिकतम 80,000 रुपये तक का अनुदान शासन द्वारा सीधे बैंक खाते में भेजा जाता है। बताया कि सरकार ने इस योजना में महिला सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी है। कुल निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत हिस्सा केवल महिला दुग्ध उत्पादकों और महिला पशुपालकों के लिए आरक्षित किया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बहुत मदद मिलेगी।

बेसमेंट में भरा पानी, पड़ोसी के घर को खतरा

जौनपुर। नगर के उमरपुर रुहट्टा में देर रात हुई भारी बारिश और प्लॉट में बेसमेंट बनाए जाने के कारण भीषण जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। प्लॉट में बेसमेंट निर्माण के दौरान बारिश का भारी एसमें भर गया। इस जलभराव की वजह से आसपास के हिस्से में काफी नुकसान हुआ है। बेसमेंट और प्लॉट में भरे पानी के कारण बगल के मकान की नींव में पानी चला गया, जिससे मकान के गिरने का अत्यधिक खतरा बन गया। गंभीर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बगल के मकान मालिक प्रांजल शुक्ला ने देर रात 12:30 बजे तत्काल इमरजेंसी नंबर 112 पर सूचना दर्ज कराई। सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा की टीम मौके पर पहुंची और हाई-पावर पंप लगाकर पानी को बाहर निकालने तथा बड़े हादसे को रोकने का प्रयास शुरू किया। मकान रिगने की आंषका को देखते हुए बगल के मकान का परिवार रात में दूसरे स्थान पर जाने को विवष हुआ। अगर दुबारा तेज बारिष हुई तो स्थिति गंभीर हो सकती है।



चोरी की घटना से व्यापारियों में आक्रोश

जौनपुर। प्रसिद्ध मां शीतला चैकियां क्षेत्र में बीते कई दिनों से लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है बीती रात चैकियाँ क्षेत्र में कास्मेटिक और कॉन्फेशनरी की दो दुकानों पर चोरों ने हजारों के सामान पार कर दिया है अभी दो दिन पूर्व भी इसी क्षेत्र में सेंध काटकर एक व्यापारी के यहाँ चोरी की घटना हो चुकी थी स्थानीय पुलिस द्वार मौके पर निरीक्षण किया गया किंतु कोई ठोस करवाई नहीं हो पाई जिससे सभी व्यापारियों में आक्रोश एवं दहशत व्याप्त है व्यापारियों ने कहा कि प्रतिष्ठानों पर चोरी की घटना हो रही है। चोरी की घटना को जल्द से जल्द खुलासा नहीं किया गया और चोरों को शीघ्र नहीं पकड़ा गया तो बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य और मजबूर होंगे।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में सोमवार की देर शाम अपने कच्चे मकान के भीतर बंडेर में दुपट्टे के सहारे फंदे से फांसी लगाकर महिला ने जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बंजारी कलां गांव निवासी बाबूलाल कोल की 27 वर्षीया पत्नी एकादशी देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर बंडेर में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार एसआई कृपाशंकर यादव ने घटना की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की आठ वर्ष पूर्व शादी हुई थी। मायका हलिया क्षेत्र के देवघटा पांडेय गांव में स्थित है। मृतका को दो लड़की और एक लड़का है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

नाली के टूटे ढक्कन से हादसे का भय

शाहगंज, सोनभद्र। घोरावल ब्लाक के ग्राम पंचायत ढुटेर मुख्य बस्ती में जल निकासी के लिए बनी पक्की नाली का ढक्कन टूट जाने से लोगों को में अत्यधिक परेशानी हो रही है। इससे राहगीरों में हादसे का भी भय बना हुआ है।

बताया जाता है कि ढुटेर गांव में जल निकासी हेतु बनी नाली का ढक्कन टूट गया है। मुख्य गली होने के कारण मोहल्ले वालों का आना-जाना इसी रास्ते से लगा रहता है। गली में घास भी उगी है। जिससे पैदल चलने वाले लोगों में हमेशा किसी जहरीले जंतु के डसने का डर सताता रहता है। साइकिल, मोटरसाइकिल सवारों को तो उक्त टूटी नाली में गिरकर घायल होने की आशंका बनी रहती है। सबसे ज्यादा दिक्कत पानी बरसने और अंधेरी रात में आते-जाते वक्त रहती है। कुछ लोग इसमें गिरकर चुटहिल भी हो चुके हैं। मोहल्ले वालों का कहना है कि इस टूटी हुई नाली के ढक्कन को बनवाने के लिए कई बार संबंधितों से कहा गया लेकिन आज तक इस पर किसी ने ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। यदि उक्त टूटी हुई नाली के ढक्कन की मरम्मत तत्काल नहीं की गई तो इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसी स्थिति में संजय कुमार मौर्य, सुधेन्द्र पाण्डेय, सोहन विश्वकर्मा, प्रदीप दुबे, देवीदीन, विकास उपाध्याय, प्रमिला, रमाकांत पटेल, चनन्दन पासवान, संदीप कनौजिया, शंकर पटेल आदि ने इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों एवं जन्म प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।



जहरीला पदार्थ खाये प्रेमी युगल ने दम तोड़ा

जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र के कुसियाबहार गांव में सोमवार को शादी की जिद पर जहरीला पदार्थ खाने वाले प्रेमी युगल की उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जहां मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया, वहीं दूसरी ओर बगैर पोस्टमार्टम कराए ही मृतक का दाह संस्कार कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। कुसियाबहार गांव निवासी उन्नीस वर्षीय संध्या पुत्री रामभवन के घर पर सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मझलीपट्टी गांव निवासी प्रेमी सूरज पुत्र घूरेराम पहुंचा और शादी की बात करने लगा। परिजनों के विरोध के बाद मामला बिगड़ता देख दोनों ने एक साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी लाया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में सोमवार देर शाम संध्या की मौत हो गई। वहीं वाराणसी रेफर किए गए सूरज ने भी देर रात दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची सरपतहा पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बारिश में बह गयी 10 दिन पहले बनी पुलिया

जिला संवाददाता

अनपरा सोनभद्र। अनपरा नगर क्षेत्र के ग्रामीणों को शहर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग लगातार बारिश के कारण एक बार फिर बाधित हो गया है। रविवार की देर रात से हो रही तेज बारिश के चलते औड़ी से कुबरी जाने वाले मार्ग पर रेलवे पुल के पास बरसाती नाले के ऊपर करीब 10 दिन पहले बनाई गई अस्थाई पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गई। पुलिया के बह जाने से ग्रामीणों और वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बताया गया कि अनपरा क्षेत्र में रविवार की रात करीब दो बजे से लगातार बारिश होती रही। बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इसी दौरान रेलवे पुल के पास बरसाती नाले में पानी का तेज बहाव आ गया, जिसकी चपेट में अस्थाई पुलिया आ गई। पानी का दबाव बढ़ने से पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर बह गई।

पुलिया के टूट जाने के कारण संपर्क मार्ग पर आवागमन ठप हो गया। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण नौकरी, मजदूरी, पढ़ाई, बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए अनपरा शहर आते-जाते हैं। पुरानी पुलिया भी पहले से जर्जर हालत में है। ऐसे में कुछ हल्के वाहन, दोपहिया वाहन, साइकिल सवार और पैदल राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर किसी तरह रास्ता पार करते नजर आए। भारी वाहनों को दूसरे रास्ते से होकर जाना पड़ रहा है। सुरश्याम, प्यारेलाल, रामभजन, मन्नु बैगा, गोविंद, नरेशलाल सहित अन्य लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिया का निर्माण मजबूती से कराया जाता तो इतनी जल्दी नहीं बहती। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द स्थायी पुलिया बनाकर मार्ग को चालू कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार राणहोर, जोगिंद्रा, मिचाधुरी, कुबरी, पड़रवा, बेनादह और कुलडोमरी सहित कई गांवों को अनपरा शहर से जोड़ने के लिए वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 12 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया था। इस सड़क को करीब 10 टन क्षमता के अनुसार बनाया गया था और इसके निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। सड़क बनने के बाद आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों को काफी सुविधा मिली। गांव के युवाओं को रोजगार और पढ़ाई के लिए शहर पहुंचना आसान हो गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और डायल-112 जैसी जरूरी सेवाओं की पहुंच भी आसान हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क और पुलियों की मरम्मत कराई गई होती तो बारिश के दौरान ऐसी स्थिति नहीं बनती। वर्तमान में पुलिया बह जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बोलेरो ने मारी टक्कर, चालक घायल

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब ईंट लादकर मध्य-प्रदेश की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची ड्रमंडगंज पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एनएचएआई की एंबुलेंस से घायल चालक को पास स्थित मध्यप्रदेश के हनुमना सीएचसी में उपचार हेतु भर्ती करवाया। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के धवई गांव निवासी 28 वर्षीय लल्लू राम सोमवार की रात अपने गांव से सवारियों को बैठाकर मीरजापुर छोड़ने गए थे। सवारियों को छोड़ने के बाद मंगलवार भोर में घर लौट रहे थे। पांच बजे के करीब जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचे तो अचानक झपकी आ जाने से ईंट लादकर मध्यप्रदेश की तरफ जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो चालक लल्लू राम गंभीर रूप से घायल हो गए। उपनिरीक्षक सुभाष यादव ने बताया कि बोलेरो चालक को अचानक झपकी आ आ गई जिससे बोलेरो ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गई। हादसे में बोलेरो चालक को गंभीर चोटें आई हैं और बोलेरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल बोलेरो चालक को उपचार हेतु एनएचएआई की एंबुलेंस से हनुमना सीएचसी भेजा गया है। घायल बोलेरो चालक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

तेज रफ्तार बाइक सवार ने मारी टक्कर, महिला घायल

मड़िहान, मीरजापुर। तेज रफ्तार बाइक सवार ने दुकान के पास खडी एक महिला को टक्कर मार दी। घायल महिला ने पुलिस से शिकायत की पर कार्रवाई के नाम पर पुलिस कोरा आश्वासन दे रही है। जानकारी के मुताबिक मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोपालपुर पसिया गांव निवासी उषा मौर्य पत्नी विजय मौर्य ने बताया कि 28 जुलाई 2026 की शाम करीब 7:30 से 8:30 बजे के बीच वह अपने घर के सामने स्थित दुकान पर खड़ी थीं। इसी दौरान गांव की तरफ से आ रहे हरी प्रसाद पुत्र सिताराम ने तेज रफ्तार बाइक से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता

भूगर्भ जल विभाग, खंड-आजमगढ

गौतम काम्पलेक्स, सिधारी, आजमगढ ।

पत्रांकः-187/भू.ज.वि.खं.आ./पीजो (यो-1) (2026-27)/ दिनांक/03/08/2026

टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभागीय योजना 'अक्रियाशील/निष्क्रिय पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर की स्थापना' कार्य हेतु जनपद-आजमगढ में निर्माण हेतु निविदायें दिनांक 05-08-2026 पूर्वान्ह 10.00 बजे से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं को कार्यालय, अधिशासी अभियन्ताभूगर्भ जल विभाग, खंड-आजमगढ दिनांक 12-08-2026 पूर्वाहन 11.00 बजे तक क्रय किया जा सकेगा एवं टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड दिनांक 12-08-2026 को ही अपराहन 3.00 बजे भूगर्भ जल विभाग, खंड-आजमगढ़ द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि (EMD) कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल विभाग, खण्ड-आजमगढ में जमा की जायेगी।

क्र. सं.	निविदा सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. में) (जी.एस.टी. रहित)	कार्य पूर्ण करने का समय	धरोहर धनराशि (रू.)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) (जी.एस. टी. सहित)
1	2	3	4	5	6	7
01	01/GWDAZM/पीजो. अनु.	जनपद-आजमगढ के विभिन्न विकास खण्डो में (04) अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर का निमार्ण कार्य	406168.00	08 दिवस	8200.00	(700.00
02	02/GWDAZM/पीजो. अनु.	जनपद-मऊ के विभिन्न विकास खण्डो में (04) अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर का निमार्ण कार्य	406168.00	08 दिवस	8200.00	(700.00
03	03/GWDAZM/पीजो. अनु.	जनपद - बलिया के विभिन्न विकास खण्डो में (04) अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर का निमार्ण कार्य	406168.00	08 दिवस	8200.00	(700.00

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, विस्तृत नियम व शर्ते बिड प्रपत्र कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल विभाग, खंड-आजमगढ, गौतम काम्पलेक्स, सिधारी, आजमगढ़ से प्राप्त किये जा सकते हैं।

(अजीत कुमार कन्नौजिया)

हाइड्रोलॉजिस्ट

संक्षेप

करंट से संविदा कर्मी की मौत, कैंट बिजली घर पर प्रदर्शन

मथुरा। जिला मुख्यालय स्थित राजीव भवन बिजली घर पर कार्यरत संविदा कर्मचारी 33 केवीए की लाइन पर कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में झुलसे विद्युत कर्मी को उपचार के लिये जिला अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। सविंदा कर्मी की मौत के बाद गुस्सायें अन्य विद्युत कर्मियों और परिजनों ने शव को कैंट बिजली घर रखकर जमकर हंगामा किया गया। हंगामे की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गये। जानकारी के अनुसार राजीव भवन बिजली घर पर कार्यरत संविदा कर्मचारी औरंगाबाद पुरानी ईदगाह निवासी 24 वर्षीय दीपक उर्फदीपू पुत्र मोहन ठाकुर मंगलवार सुबह तहसील सदर क्षेत्र में लाइन के फॉल्ट को ठीक करने के लिये विद्युत खंबे में चढ़कर उसे ठीक कर रहे थे। तभी अचानक 33 केवीए की लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में अन्य विद्युत कर्मी और राहगीरों द्वारा घायल युवक को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद गुस्सायें अन्य विद्युत कर्मियों और परिजनों ने अस्पताल से शव ले जाकर कैंट बिजली घर पर रखकर जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

पुलिस ने दो दर्जन होटल दलाल पकड़े

मथुरा। वृंदावन धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और होटल-गेस्ट हाउस के नाम पर ठगी करने वाले अवैध दलालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वृंदावन कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार ने देर रात सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वीआईपी मार्ग, प्रेम मंदिर और बांके बिहारी मंदिर के आसपास से दर्जनों संदिग्ध दलालों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहूलियत से खिलवाड़ करने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

मैथिल ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष चुने गये अशोक कुमार

मथुरा। जिला मैथिल ब्राह्मण समाज के संगठनात्मक चुनाव में छाता के ग्राम खायरा के धर्मपुरा निवासी अशोक कुमार शर्मा को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात चुनाव अधिकारी द्वारा उनके नाम की औपचारिक घोषणा की गई। अशोक कुमार शर्मा के जिलाध्यक्ष चुने जाने पर पूरे समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मैथिल ब्राह्मण समाज की एकजुटता, जनकल्याण और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ प्रबुद्धजनों, भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज पाल सिंह , पदाधिकारियों व बंधुओं ने अशोक कुमार शर्मा को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

अनुशासन ही महान नेतृत्व की जननी है: किशन चौधरी



- श्री जी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद का शपथ ग्रहण एवं आचार्य प्रतिभा सम्मान समारोह भव्यता के साथ संपन्न

मथुरा। श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद के नवनिर्वाचित छात्र-नेताओं का शपथ ग्रहण समारोह तथा राष्ट्र निमार्ता आचार्यों व मेधावी विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रतिभा सम्मान समारोह अत्यंत दिव्य, भव्य और अलौकिक वातावरण में संपन्न हुआ। पूरा विद्यालय परिसर ऊर्जा, राष्ट्रभक्ति और गौरवमयी तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रभक्ति और कुशल नेतृत्व के प्रतीक, जिला पंचायत अध्यक्ष (मथुरा) एवं के.एम. यूनिवर्सिटी के चेयरमैन किशन चौधरी उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रबंध समिति द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन, वैदिक मंत्रोच्चार और पुष्पार्चन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य हरेंद्र सारस्वत ने मुख्य अतिथि किशन चैधरी का अंगवस्त्र, माला एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा उनके व्यक्तित्व का परिचय कराया। मुख्य अतिथि किशन चैधरी ने नवनिर्वाचित छात्र संसद के प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, अध्यक्ष एवं छात्र मंत्री मंडल के सदस्यों को पद, कर्तव्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा अनुशासन ही महान नेतृत्व की जननी है। उन्होंने युवा छात्र-नेताओं को देश, धर्म और विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्प, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी तथा शिक्षा क्षेत्र में समर्पित सेवा देने वाले आचार्यों को सम्मानित किया गया एवं विद्यालय की हॉकी प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रो. (डॉ.) तेजपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक ही समाज की रीढ़ हैं और उनका सम्मान साक्षात सरस्वती का सम्मान है। मंच पर शिक्षाविद् व विद्यालय अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी, प्रबंधक प्रो. (डॉ.) तेजपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य हरेंद्र सारस्वत मंचासीन रहे। छात्र संसद के प्रभारी कृष्णकांत मिश्र तथा समस्त आचार्य परिषद की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। प्रबंधकजी ने सम्मानित गुरुजनों को बधाई दी और छात्र संसद के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आगरा को लग सकता है बड़ा झटका

आगरा। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 400 करोड़ का निवेश आगरा की झोली से खिसक सकता है। यहां भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को सर्वे के एक साल बाद भी रडार फैक्टरी लगाने के लिए जमीन नहीं मिल सकी है। टीटीजेड (ताज ट्रेपेजियम जोन) की बंदिशों और पर्यावरण क्लीयरेंस में फंसे पेच के कारण भूमि आवंटन नहीं हो पा रहा है। उप्र में रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उप्र एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने आगरा, अलीगढ़ सहित छह शहरों में डिफेंस कॉरिडोर विकसित किए हैं। इसमें आगरा नोड को विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, रडार सिस्टम और संबंधित इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए केंद्र बनाया जाना है। इसी कड़ी में बीएचईएल ने पिछले साल सदर तहसील के बिझामई और बिल्हौनी क्षेत्र में रडार निर्माण इकाई लगाने के लिए 60 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की थी। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में विकास की बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन प्रशासनिक और कानूनी अड़चनों ने इस बड़े निवेश की राह रोक दी है। यूपीडा आगरा नोड के तहत कुल 123.13 हेक्टेयर क्षेत्र में आधारभूत ढांचा विकसित कर रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, इसमें से लगभग 112 हेक्टेयर भूमि किसानों से खरीदी जा चुकी है। जो जमीन बच गई है, उसके लिए अनिवार्य अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। यूपीडा ने जमीन पर कब्जा लेकर चहारदीवारी व अन्य का काम शुरू करा दिए हैं। भले ही आवंटन में देरी हो रही हो, लेकिन यूपीडा ने बुनियादी ढांचा तैयार करने का खाका खींच लिया है। अगले 12 महीनों में लगभग 60 करोड़ की लागत से रोड नेटवर्क, ड्रेनेज, बिजली व पानी की सप्लाई जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाले रक्षा उपकरणों के आसान परिवहन के लिए इसे सीधे लखनऊ - आगरा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए करीब तीन करोड़ की लागत से 100 फीट चौड़ा संपर्क मार्ग (एक्सेस रोड) बनाया जा रहा है। जमीन चिह्नित होने के बावजूद बीएचईएल समेत अन्य स्वदेशी और विदेशी रक्षा कंपनियों को प्लॉट नहीं मिल पा रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण ताज ट्रेपेजियम जोन क्षेत्र होने की वजह से मिलने वाली सख्त पर्यावरण अनुमतियां और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश हैं। इसके अलावा, टुकड़ों में बची जमीन का अधिग्रहण न होना भी बाधा बन रहा है। डीएम मनीष बंसल ने बताया जब तक पर्यावरण संबंधी अनुमति नहीं मिल जाती, तब तक यूपीडा कंपनियों को कानूनी तौर पर जमीन का आवंटन नहीं सौंप सकता। इसी कारण बीएचईएल को भूमि आवंटन नहीं हुआ है।

- रडार फैक्टरी के लिए जमीन को तरस रहा 400 करोड़ का निवेश, कानूनी पेच से अटका आवंटन

फिरोजाबाद पुलिस ने 151 गुम मोबाइल बरामद कर सौंपे



फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में सर्विलांस सेल एवं थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर विभिन्न कंपनियों के 151 गुम मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध चंचल त्यागी के नेतृत्व में की गई। सर्विलांस सेल ने थाना पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर जनपद के विभिन्न थानों एवं सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का परीक्षण किया और मोबाइलों की बरामदगी सुनिश्चित की। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत ने बताया कि जनपद में अब तक सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कुल 1747 गुम मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को वापस किए जा चुके हैं। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने फिरोजाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया। बरामद मोबाइलों में वीवो के 48, रियलमी के 24, ओप्पो के 19, सैमसंग के 17, रेडमी के 13, टेक्नो और मोटोरोला के 9-9, पोको व इनफिनिक्स के 3-3, आईक्यू और वन प्लस के 2-2 तथा लावा व नथिंग कंपनी का एक-एक मोबाइल शामिल है।

यमुना में नहाते समय 23 वर्षीय युवक डूबा

आगरा। आगरा के थाना एत्मादद्दौला क्षेत्र में सोमवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हो गया। घाट बजरिया पर यमुना नदी में नहाने के दौरान 23 वर्षीय युवक गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस और गोताखोरों की टीम पहुंच गई। युवक की तलाश के लिए यमुना नदी में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, डूबने वाले युवक की पहचान समीर उर्फ कल्ली (23 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पेच नगला फतूरी का रहने वाला था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक समीर नदी में उतरा था, तभी अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही एत्मादद्दौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं घटना की खबर मिलते ही परिजन भी घाट पर पहुंच गए। युवक के लापता होने से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि गोताखोरों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। युवक का पता लगाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास मौजूद लोगों से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

608 ग्राम गांजा सहित महिला गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा एक महिला अभियुक्ता को 608 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता रूपा पत्नी संजीव कुमार निवासी हिन्दू नगर थाना शहर कोतवाली जिला एटा को पुरातन रोड खाली मैदान थानाक्षेत्र शिकोहाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला के कब्जे से 608 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी, बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्ता को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पीडीए सम्मेलन में भाजपा पर जमकर बरसे प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल



टूंडला। मंगलवार को मोहम्मदाबाद स्थित किशन मैरिज होम में समाजवादी पार्टी के पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शामिल रहे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष टूंडला ब्लॉक अध्यक्ष नारखी, नगर अध्यक्ष टूंडला, जोनल प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, सह-सेक्टर प्रभारी एवं विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक कर चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्यामलाल पाल ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पिछड़ों दलितों किसानों छात्रों, नौजवानों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को न तो समय पर खाद मिल रही है और न ही उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की बोरी का वजन 50 किलोग्राम से घटाकर 40 किलोग्राम कर दिया गया है। प्रदेश में हजारों प्राथमिक विद्यालय बंद किए गए हैं, जिससे गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार जनता के विश्वास पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने, पीडीए को मजबूत करने तथा लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप यादव एडवोकेट ब्लॉक अध्यक्ष टूंडला ने किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सचिव महाराज सिंह धनगर, पूर्व प्रत्याशी सुजीत बाल्मीकि, प्रकाश चंद मौर्य, मूलचंद निषाद, विवेक यादव, गगन कुशवाहा दर्शन सिंह झा, रामवीर बघेल, ललित जैन, गजनेश यादव, दलबीर सिंह राजपूत, शहाबुद्दीन कादरी, रमेश चंचल, लटूरी सिंह लठ, प्रवीण कुमार प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

धोखाधड़ी के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

मथुरा। जनपद मथुरा की थाना मांट पुलिस को धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर ली गई है। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत की गई है। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार और कांस्टेबल हर्षवर्धन की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में पहला रामबाबू (60 वर्ष) है, जो हाथरस के चिंतापुर का निवासी है। उसे हाथरस गेट स्थित काली मंदिर के पास से पकड़ा गया। दूसरा अभियुक्त सुमित राज सिंह (22 वर्ष) है, जो मथुरा के मांट राजा का रहने वाला है। उसे सुरीर थाना क्षेत्र के टैटीगांव चैराहे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, यह मामला 3 जून 2026 को भरतपुर, राजस्थान निवासी विनय सिंह की तहरीर पर दर्ज किया गया था। मांट थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 338, 336(3), 61(2) और 340(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

द्वापर से मथुरा के कोतवाल हैं रंगेश्वर महादेव, धरती फाड़कर निकले महादेव ने कराया था कृष्ण-बलदेव का विवाद समाप्त

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। रंगेश्वर महादेव को शहर का कोतवाल माना जाता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण के मामा कंस ने रंगशाला में युद्ध से पहले भगवान शिव की स्थापना कर पूजा-अर्चना की थी। सावन में मंदिर में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि श्रीकृष्ण के मामा कंस ने इस मंदिर की स्थापना कर भगवान शिव की आराधना की थी। सावन मास में यहां बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए पहुंचते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार कंस ने श्रीकृष्ण और बलराम के वध की योजना के तहत जिस रंगशाला का निर्माण कराया था, वह इसी क्षेत्र में स्थित थी। कुश्ती प्रतियोगिता से पूर्व कंस ने भगवान शिव का पूजन कर विजय का आशीर्वाद मांगा था। बाद में इसी रंगभूमि में भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। कंस-वध के बाद श्रीकृष्ण और बलराम के बीच यह बहस हुई कि कंस का वध किसने किया तभी भगवान शिव प्रकट हुए और दोनों भाइयों के पराक्रम की सराहना करते हुए इस स्थान को अपना पावन धाम बनाया। इस घटना के बाद यह स्थान रंगेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंदिर की प्राचीन दीवारों पर अंकित शिल्प और स्थापत्य कला यहां की समृद्ध परंपरा की झलक प्रस्तुत करते हैं। मंदिर के सेवायत कार्तिक ने बताया कि सावन मास में मंदिर में विशेष श्रृंगार, भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता है।

नगर आयुक्त ने तीन शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण

मथुरा। उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर चलाए जा रहे संभव (संतुष्टि एवं समृद्धि) अभियान के तहत मंगलवार को नगर निगम के विभिन्न जोनों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश जारी किए। भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने जनसुनवाई कर शिकायतकताओं की समस्याएं सुनीं। वहींए सिटी जोन जनरल गंज कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार और वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक ने जनसुनवाई की कमान संभाली।

ब्रजभूषण शरण सिंह ने लिया संत रितेश्वर महाराज का आशीर्वाद



मथुरा। महिला पहलवानों के शोषण से जुड़े मामले में दिल्ली की अदालत से बरी होने के बाद भाजपा के पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह मंगलवार को वृंदावन पहुंचे। कोर्ट के फैसले के बाद अपने घर जाने से पहले वे वृंदावन के वाराह घाट स्थित संत रितेश्वर महाराज के आश्रम पहुंचे, जहां आश्रम के सेवादारों ने तिलक लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

ब्रजभूषण शरण सिंह ने अपने गुरु संत रितेश्वर महाराज के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों के बीच लगभग आधा घंटे तक बातचीत हुई। इसके बाद उन्होंने महाराज के साथ आश्रम की कुटिया में ध्यान लगाया और आश्रम में स्थित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि वे निर्णय आने से पहले भी नागपुर जाकर संत रितेश्वर महाराज से मिले थे और अब बरी होने के बाद भी आशीर्वाद लेने आए हैं। विनेश फोगाट के हाईकोर्ट जाने के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनका संवैधानिक अधिकार है। वहीं राजनीति में अपनी पुनः सक्रियता को लेकर उन्होंने गोस्वामी तुलसीदासजी की चैपाई दोहराते हुए कहा होइहि सोइ जो राम रचि राखा। ब्रजभूषण सिंह ने कहा कि उनके खिलाफ एक बहुत बड़ा षड्यंत्र रचा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रदर्शन के पीछे कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, ममता बनर्जी, लेफ्ट दलों और टुकड़ा-टुकड़ा गैंग का हाथ था। उन्होंने कहा कि पहले दिन ही कहा था कि अगर मेरे खिलाफ एक भी आरोप सत्य साबित हो गया, तो मैं खुद फांसी पर चढ़ जाऊंगा। इस दौरान संत रितेश्वर महाराज ने कहा कि न्यायपालिका द्वारा धर्म और सत्य के रास्ते पर चलते हुए न्याय मिला है। उन्होंने ब्रजभूषण शरण सिंह को अपने पुत्र समान बताते हुए फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की।

महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर व विद्यालयों का किया निरीक्षण

- स्वास्थ्य सेवाओं, महिला सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने मंगलवार को जिले के विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा एवं शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल परिसर, सखी वन स्टॉप सेंटर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और लाभार्थियों व विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। सबसे पहले उपाध्यक्ष ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, प्रसूति विभाग, दवाओं की उपलब्धता और पैथोलॉजी तथा प्रयोगशाला सेवाओं का जायजा लिया। अस्पताल में मौजूद महिला मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक दवाएं एवं पैथोलॉजी जांचें अस्पताल परिसर में ही उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा किसी भी मरीज को बाहर से दवा या जांच कराने के लिए नहीं भेजा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 25 से 30 सामान्य प्रसव तथा 8 से 10 सिजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। वहीं प्रत्येक चिकित्सक प्रतिदिन लगभग 70 से 80 मरीजों का परीक्षण कर उपचार उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल में दो अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ तैनात हैं। सामान्य मरीजों को 20 दिन से एक माह तक की तिथि दी जाती है, जबकि आपातकालीन एवं ब्लीडिंग जैसी गंभीर स्थिति वाले मरीजों को सीएमएस के माध्यम से तत्काल अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने व गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं की शैक्षणिक एवं व्यावहारिक कक्षाओं का नियमित फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर वहां की आवासीय, भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में रह रही युवतियों एवं महिलाओं से बातचीत कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण में सभी बुनियादी सुविधाएं सुचारू पाई गईं तथा आवासित बच्चियों एवं महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थीं। उपाध्यक्ष ने काउंसलर्स और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कम उम्र की बालिकाओं एवं युवतियों की काउंसलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार कम उम्र में बहकावे या नासमझी के कारण घर छोड़ने वाली बच्चियां सही-गलत का निर्णय नहीं ले पाती हैं। ऐसे में उन्हें बार-बार काउंसलिंग देकर शिक्षा, सुरक्षित भविष्य और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए, ताकि वे सही निर्णय लेकर सुरक्षित अपने परिवार के पास लौट सकें। वर्तमान में सेंटर में आठ पीड़िताएं पंजीकृत हैं, जिनमें से पांच चिकित्सीय परीक्षण एवं न्यायालय में बयान दर्ज कराने गई हुई थीं, जबकि केंद्र में मौजूद तीन युवतियों से उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने कर्मचारियों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अपने दौरे के अंतिम चरण में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।

भंडारे की सेवा से लौट रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

आगरा। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। रोडवेज बस की टक्कर से 21 वर्षीय बीकॉम छात्र प्रिंस तोमर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है। इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां और बहन बेसुध हो गईं, जबकि पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना टेडी बगिया स्थित सेटेलाइट बस स्टैंड के सामने तड़के करीब तीन बजे की है। बताया गया कि देवकी नगर, गुलाब नगर निवासी प्रिंस तोमर अपने मित्र अंकित के साथ हाथरस रोड स्थित प्राचीन टेढ़ेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे भंडारे के लिए हलवाई को आवश्यक सामान पहुंचाकर पल्सर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही ट्रांस यमुना थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार और टेडी बगिया चौकी प्रभारी अमित कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बिना देर किए दोनों घायलों को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने प्रिंस को बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन सुबह करीब 11 बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं, उसका साथी अंकित अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज जारी है। प्रिंस तोमर अपने माता-पिता संजेश सिंह तोमर का इकलौता बेटा था। उसकी बड़ी बहन तनु की शादी हो चुकी है। पिता जूता कारीगर हैं और मां गृहिणी हैं।

डीएम ने की हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा



फिरोजाबाद। डीएम संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता व सीएमओ शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान 2 से 15 अगस्त 2026 की तैयारियों व सफलता हेतु कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने इस राष्ट्रीय अभियान को जन-जन की भागीदारी से अभूतपूर्व, अनुशासित व अविस्मरणीय बनाने हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। डीएम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस तिरंगा यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक प्रमुख चौराहे पर राष्ट्रधुन बजाने के लिए विशेष बैंड की व्यवस्था की जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बेस्ट बैंड को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाए। व्यवस्थाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से नगर क्षेत्रों में केवल एक ही ऊंचाई के झंडे एवं डंडों पोल का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। ध्वज संहिता के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए डीएम ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय ध्वज पूरे सम्मान और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही तैयार होना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया तिरंगे का प्रयोग राष्ट्रभक्ति एवं सम्मान प्रकट करने के लिए किया जाए, इसे सजावट की वस्तु के रूप में प्रयोग न किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी अन्य झंडे या प्रतीक की तुलना में राष्ट्रीय ध्वज का स्थान सर्वोपरि और सबसे ऊंचा रहना चाहिए। अभियान के प्रभावकारी संचालन के लिए

विकास की गति बढ़ायें

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की बैठक चल रही है और इसके फैसले आज जारी होंगे, लेकिन महंगाई, विकास और भूराजनीतिक स्थितियां जैसी बन रही हैं उसमें बहुत अधिक बदलाव की गुंजाइश नहीं है। अप्रैल में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पिछली बैठक के बाद से आर्थिक अनिश्चितता में उल्लेखनीय कमी नहीं आई है और इस सप्ताह भी इसकी चर्चा पर हावी रहेगी। अमेरिका और ईरान के बीच नाजुक युद्धविराम टिक नहीं पाया और होर्मुज स्ट्रेट फिर से अवरुद्ध हो गया। इसके साथ ही इस मार्ग से बहुत कम तेल और गैस की ढुलाई हो रही है। संघर्ष से पहले होर्मुज स्ट्रेट से वैश्विक कच्चा तेल प्रवाह के लगभग पांचवें हिस्से का प्रवाह सुगम बनाता था। खाड़ी क्षेत्र से आने वाले संकेतों को समझना अक्सर कठिन होता है। होर्मुज को खोलने के नये प्रयास किए जा रहे हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की है कि उन्होंने फिलहाल हमले को रोक दिया है क्योंकि 'समझौते की रूपरेखा' पर सहमति बन गई है। यद्यपि जब तक दोनों पक्ष मूल मुद्दों को हल करने के लिए तंत्र पर दृढ़ता से सहमत नहीं होते तब तक पश्चिम एशिया भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक के लिए जोखिम का स्रोत बना रहेगा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर असर सीमित रहा है क्योंकि तेल कंपनियों ने आंशिक रूप से ही कीमतों को बढ़ाया है।



जून में मुद्रा स्फीति दर बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जबकि इसके पिछले महीने यह 3.93 प्रतिशत थी। यह स्पष्ट नहीं है कि तेल कंपनियां कितने समय तक नुकसान सहने को मजबूर रहेंगी। पश्चिम एशिया में नया समझौता दबाव कम करने में मदद करेगा। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए औसत मुद्रास्फीति दर 5.1 प्रतिशत का अनुमान लगाया है और इस चरण में इसमें बदलाव की संभावना कम है। घरेलू मोर्चे पर सबसे बड़ा जोखिम अल नीनो के कारण कम मॉनसूनी वर्षा की आशंका है। हालांकि इसकी चिंताएं धीरे-धीरे कम हो रही हैं। यह भी कि भारत के पास पर्याप्त खाद्यान्न भंडार है, लेकिन उत्पादन में कमी की आशंका मुद्रास्फीति दर को बढ़ा सकती है। खाद्य मुद्रास्फीति का असर लोगों की अपेक्षाओं से अधिक होता है। जून में खाद्य मुद्रास्फीति दर 5.32 प्रतिशत रही जबकि इसके पिछले महीने यह 4.78 प्रतिशत थी। इस चरण में एमपीसी के कमजोर मॉनसून और उसके असर पर प्रतिक्रिया देने की संभावना नहीं है। इसलिए व्यापक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए एमपीसी के लिए नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखना ज्यादा बेहतर हो सकता है। लेकिन वित्तीय बाजार रिजर्व बैंक की मुद्रास्फीति और व्यापक वृहद आर्थिक परिस्थितियों पर टिप्पणी पर ध्यान केंद्रित करेंगे। ध्यान देने योग्य बात यह है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक उथल-पुथल का भारत पर असर मुद्रास्फीति आंकड़ों में नहीं दिखा बल्कि यह विदेशी मुद्रा बाजार में परिलक्षित हुआ। जून की एमपीसी बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने विदेशी प्रवाह आकर्षित करने के लिए कई उपायों की घोषणा की। अब तक लगभग 41 अरब डॉलर की राशि रियायती उपायों के तहत जुटाई गई है। चूंकि इसके लिए अभी दो महीने की अवधि है इसलिए बाजार जानना चाहेंगे कि इस संदर्भ में रिजर्व बैंक की व्यापक अपेक्षाएं क्या हैं? विदेशी पूंजी का प्रवाह फिलहाल रुपये को स्थिर करने में मदद करता दिख रहा है। यह ध्यान देने योग्य है कि ये फंड मूल समस्या का समाधान नहीं कर सकते। दुनिया के अन्य हिस्सों में और विशेषकर विकसित देशों में उच्च मुद्रास्फीति दरें बॉन्ड यील्ड को बढ़ा रही हैं। अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरें चिंता का विषय हैं, क्योंकि इससे डॉलर बाहर जाने लगता है और रुपया कमजोर होता है। लेकिन सरकार ने जो उपाय किये हैं उससे और होर्मुज खुलने की उम्मीद में एक बार फिर क्रूड की कीमतें गिरने लगी हैं। अगर क्रूड की कीमतें नीचे रहती हैं तो रुपये का गिरना, विदेशी मुद्रा भंडार जैसी चिंताएं कम होगी। ऐसे में मौद्रिक नीति में बहुत अधिक बदलाव किये बिना आरबीआई को विकास पर फोकस करना चाहिए।

विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

-हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

-स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

-गीता.

तीन उपचुनाव नतीजों के सियासी मायने



विजय कपूर



हालांकि उपचुनावों से कोई दूरगामी भविष्यवाणी करना, अपने आपमें खतरनाक होता है। लेकिन जिस तरह बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट में जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर भारी बहुमत से जीते हैं और मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर भाजपा द्वारा अपनी सारी ताकत झोंक दिये जाने के बावजूद बीजेपी कैंडीडेट आशुतोष तिवारी 6016 मतों से हार गये हैं, उससे साफ पता लगता है कि मतदाताओं मे नाराजगी है। तीन में से केवल एक विधानसभा उपचुनाव पर भाजपा जीत दर्ज कर सकी है। इससे देश के सियासी माहौल का अनुमान लगाया जा सकता है। बांकीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा लगभग अजेय समझी जाती थी। यहां पिछले 9 बार से भाजपा नहीं हार रही थी। पिछले 5 बार से तो उसके मौजूदा अध्यक्ष नितिन नबीन लगातार जीत रहे थे और जनसुराज का आलम यह था कि बिहार के पिछले विधानसभा चुनाव में उसके सभी उम्मीदवारों की न सिर्फ हार हुई थी बल्कि 99 फीसदी से ज्यादा की जमानत जब्त हो गई थी। लेकिन उसी बिहार में सिर्फ छह-सात महीने बाद जनसुराज के मुखिया प्रशांत किशोर न सिर्फ इस बहुचर्चित मुकाबले में भाजपा के उम्मीदवार को शिकस्त देने में सफल हुए बल्कि प्रशांत किशोर ने अपने दोनों प्रतिद्वंदियों द्वारा पाये साझा मतों से भी 5051 मत ज्यादा प्राप्त किया।

भाजपा और राजद दोनों के उम्मीदवारों को मिलकर 59,100 वोट मिले, जिसमें भाजपा के उम्मीदवार को 44,827 और राष्ट्रीय जनदल के उम्मीदवार को सिर्फ 14,273 वोट मिले। जबकि प्रशांत किशोर को अकेले 64,151 वोट मिले, जो कि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी से 19,324 ज्यादा थे। बांकीपुर में 1,30,313 वोट पड़े थे, जिसमें लगभग 50 फीसदी वोट अकेले प्रशांत किशोर को मिले, जो वर्तमान के सियासी माहौल की तस्दीक करता है कि किस तरह देश का सियासी माहौल बन रहा है। हालांकि इस सबके बावजूद ऐसी कोई भी भविष्यवाणी खतरे से भरी होगी, जिसमें हम यह मान लें कि साल 2029 के लोकसभा चुनावों की पटकथा लिखी जा चुकी है और वह भाजपा के खिलाफ हो सकती है। दरअसल यह भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि यहां मतदाता किसी भी दल को स्थायी जनादेश नहीं देता। वह समय-समय पर सरकारों को संदेश भी देता है और चेतावनी भी। यही कारण है कि उपचुनावों को राजनीतिक दल केवल सीटों की संख्या के आधार पर नहीं देख सकते। मतदाताओं के मूड को समझने का माध्यम इसे मानते हैं और जो तात्कालिक तौरपर मतदाताओं के मूड का अंदाजा लगाया जा सकता है, वह बिल्कुल यही है कि फिलहाल तो देश के मतदाता भारतीय जनता पार्टी से नाराज लग रहे हैं और ऐसा होना स्वाभाविक है। पहले अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे में अनियमितता से लोग अवाक रह गये और फिर जिस तरह से केंद्र सरकार ने राजधानी दिल्ली में युवाओं के आंदोलन से निपटने में देरी की, वह कोशिश शायद करेले में नीम साबित हुई है। जिस जनसुराज पार्टी को बिहार के मतदाताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पूरी तरह से खारिज कर दिया था, उसी जनसुराज पार्टी को जिस तरह इन उपचुनावों में हाथोंहाथ लिया है, उससे भले यह तात्कालिक असर हो, लेकिन प्रशांत किशोर यानी पीके जिस तरह पिछले पांच सालों से लगातार बिहार में अपनी राजनीतिक जड़ें जमाने की कोशिश कर रहे हैं और बिहार के लोगों को जाति, धर्म और बाहुबलियों को वोट देने की जगह, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, लगता है उसका असर होना शुरू हुआ है। हालांकि निःसंदेह इस नतीजे में जंतर-मंतर आंदोलन की बड़ी भूमिका है, साथ ही यह तो माना ही जा सकता है कि सरकारों का यह भ्रम कि वह कुछ भी कर दे, लेकिन उसके प्रति लोगों का मोहभंग नहीं होगा, यह गलतफहमी दूर हो गई है। जिस तरह पिछले एक महीने से देश में भाजपा हर तरह की राजनीतिक आलोचना के केंद्र में थी, उससे यह समझना या अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि भाजपा भी यह जानती थी कि मतदाता काफी हद तक उससे नाराज हैं। इसलिए वह मतदाताओं की नाराजगी दूर करने के लिए कोई भी कसर छोड़ नहीं रखी थी। अपनी सारी चुनावी ताकत इन तीन विधानसभा उपचुनावों में झोंक दी थी।

विधानसभा उप चुनाव

> भाजपा इन चुनावों के बाद अपने सांगठनिक स्तर पर न सिर्फ ध्यान देगी बल्कि जिस संकट की ओर इशारा किया गया है, उस संकट को खत्म करने की भरपूर कोशिश करेगी। लेकिन यह भी सही है कि भारतीय राजनीति में उपचुनावों के जीतने-हारने से किसी स्थायी बदलाव की तस्वीर देखना सही नहीं होगा।

एक-एक बूथ पर उसके दस-दस कार्यकर्ता मौजूद थे और बिहार हो या मध्य प्रदेश इन उपचुनावों में हर जगह उसने अपने नेताओं की फौज तो उतार ही रखी थी, चूंकि दोनों ही राज्यों में वह सत्ता में थी। इस तरह से प्रशासन का भी लाभ उसी को मिल रहा था। इसके बावजूद दोनों ही विधानसभा चुनाव में जैसे कि आशंका लग रही थी, भाजपा हार गई। इससे यह अनुमान लगाना निरानिर गलत नहीं है कि अगर भाजपा जल्द ही अपने कामकाज का पुनर्मूल्यांकन नहीं करती, तो लगातार चौथी बार केंद्र में सरकार बनाने के उसके प्रयासों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो जायेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले एक दशक में भाजपा ने राष्ट्रीय राजनीति में वर्चस्व के सभी पारंपरिक मायने बदल दिये हैं। इस समय देश के ज्यादातर राज्यों में या तो उसकी या उसके सहयोगियों के साथ सरकार है। हर राज्य में उसका संगठन बहुत मजबूत है। भाजपा के नेतृत्व की देश में स्वीकार्यता बढ़ी है और चुनावी मशीनरी भी उसकी अब तक की सबसे प्रभावी मानी जाती है। लेकिन लोकतंत्र में अगर मतदाता का मन बदल जाए, तो यह सारी ताकतें फुस्स साबित होती हैं। जिस तरह से पिछले डेढ़ सालों में देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और विदेशनीति के मोर्चे पर हर तरफ चुनौती देखने को मिली, उससे भाजपा भले इंकार करे, लेकिन देश में मतदाताओं के बीच एक असंतोष है और यह इस देश के मतदाताओं का खामोश स्वभाव रहा है कि वह किसी भी पार्टी को जब उसे लगने लगे कि वह अजेय है, तब उसे झटका देने या चेतावनी देने में कोई कसर नहीं छोड़ता। वास्तव में किसी भी जीत-हार का एक बड़ा अंतर किसी राजनीतिक दल के जमीनी कार्यकर्ताओं से होता है।

भाजपा के कार्यकर्ताओं में पिछले काफी दिनों से बेचैनी थी। दतिया के उपचुनाव में तो भाजपा के हारे हुए उम्मीदवार आशुतोष तिवारी का साफ-साफ कहना है कि वह कांग्रेस से नहीं बल्कि अपने भाजपा के लोगों से ही हारे हैं। जाहिर है भाजपा इन चुनावों के बाद अपने सांगठनिक स्तर पर न सिर्फ ध्यान देगी बल्कि जिस संकट की ओर इशारा किया गया है, उस संकट को खत्म करने की भरपूर कोशिश करेगी। लेकिन यह भी सही है कि भारतीय राजनीति में उपचुनावों के जीतने-हारने से किसी स्थायी बदलाव की तस्वीर देखना सही नहीं होगा। भले विपक्ष इन तीन उपचुनावों में से दो के जीत जाने पर आत्ममुग्ध हो, लेकिन उसे सतर्क रहना होगा कि भाजपा इतनी आसानी से मैदान नहीं छोड़ती है। वहां एक नहीं बल्कि अनेक संगठनों का समूह है और संकट के समय भाजपा के तमाम संगठन इकट्ठा हो जाते हैं। इसलिए भले आज का मतदाता ज्यादा समझदार और व्यवहारिक हो गया हो तथा उसे किसी दल का स्थायी समर्थक मानना भूल हो, लेकिन यह भी सही है कि महज दो विधानसभा उप चुनावों को जीतने के बाद विपक्ष के उत्थान का सम्पूर्ण परिदृश्य देख लेना, जल्दबाजी और सियासी नादानी ही होगी।

सोशल मीडिया

विपक्ष में बहुत से नेता कहते हैं कि नीट को समाप्त कर देना चाहिए, इसे समझना जरूरी है। 2016 से पहले जब नीट नहीं था तब प्राइवेट कालेज में सीटें नीलाम होती थीं। सुधांशु त्रिवेदी.



उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायकों की आवाज पर आपत्ति निंदनीय है, लेकिन उससे अधिक निंदनीय ये है कि सत्ता धारी सदन के बाहर महिलाओं का अपमान करते हैं। अखिलेश यादव



महाराष्ट्र की 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को एआईआईबी का समर्थन मिला, मुंबई में आज एआईआईबी के उपाध्यक्ष एबी. पाण्डेय से बुनियादी विकास पर चर्चा की। देवेन्द्र फड़णवीस.



संगत का प्रभाव

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वैष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

अंतर्दृष्टि

बुरे हालात का ज्ञापन...

व्यंग्यलोक

महोदय जी! हम आपके हलके के पल पल सीनियर होते चोर इस ज्ञापन के माध्यम से अपने नित बुरे होते हाल आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं। महोदय जी! आपने इस समज में गीदड़ों सियारों, गिरगिटों, कौवों, सापों को सामाजिक न्याय दिलाने के नेक इरादे से उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रखी हैं। इसके लिए हम भी उनकी ओर से आपके तहेदिल से शुक्र गुजार हैं। हम खुले मन से स्वीकारते हैं कि एक जमाने के समाज में हम अपनी अपनी फील्ड के नामी चोर जाति के रहे हैं। अपनी जात खुलकर बताने में हमें कोई शर्म नहीं। हम जो हैं सो हैं। हम उनमें से नहीं जो गजब के देशद्रोही होने के बाद अपना चेहरा चौबीसों घंटे टीवी पर तो अपनी जात पग पग छिपाए फिरते हैं। हम उनमें से भी नहीं जो गजब के चोर होने के चलते अपना वेश खांटी ईमानदारों का बनाए फिरते हैं। इससे होता भी क्या मंत्री जी! हम अपनी जात छिपाए रहें तो छिपाए रहें। कौन किस जात का है, हम जानें या न, पब्लिक सब जानती है। परमादरणीय मंत्री जी! हम उस नामी गिरामी जात से ताल्लुक रखते हैं जिनके नाम कभी हजारों लाखों के इनाम रखे जाते रहे हैं पर हम तब पकड़ में नहीं आते थे तो नहीं आते थे। आते भी कैसे? हमें पकड़ने वाले ही हमें सूचना दे देते थे कि हम तुम्हें पकड़ने आ रहे हैं। प्लीज! हमारे लिए कहीं और चले जाओ। और आखिर में तब अपनी नाक बचाने को पुलिस किसी हमारे हमशक्ल को पकड़ जनता के समाने पेश कर देती थी। एक समय में समाज में हमारे नाम का डंका बजाता था। पांच बजते ही पुलिस स्टेशन के पास तक के दुकानदार भी तब अपने नौकरों को डरते हुए कहते थे- पांच बज गए। जल्दी से दुकान का शटर गिरा दें। नहीं तो चोर आ जाएंगे। पर सदा को तो किसी की जवानी और कहानी एक सी तो नहीं रहती नहीं न मंत्री जी! जो सूरज हर सुबह बड़े रौब से निकलता है, उसे शाम के वक्त लाख न चाहते हुए भी सिर झुकाए ढलना ही पड़ता है। मंत्री जी! अपनी जिंदगी में सब कहीं न कहीं चोर होते हैं। कुछ तन के चोर होते हैं, तो कुछ मन के। जो तन और मन के चोर नहीं होते, वे शर्तिया धन के चोर होते हैं। यहां जो अपने को साधु बने फिरते हैं, अकेले में अपने को साधु कहने से वे भी डरते हैं। यह समाज तरह तरह के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष चोरों से भरा पड़ा है। हमारी शरीफी बस यही रही हमने प्रत्यक्ष चोरों वाला रास्ता चुना। यहां कोई टैक्स चोर है तो कोई स्नैक्स चोर! कोई पानी चोर है तो कोई जवानी चोर! कोई रोटी चोर है तो कोई धोती चोर! कोई चेन चोर है तो कोई चैन चोर! कुल मिलाकर, जमा घटाकर महोदय जी से निवेदन है कि अब शेष जीवन सम्मानपूर्वक जीने हेतु सरकार की ओर से सीनियर चोर पेंशन व्यवस्था करा दीजिए।



अशोक गौतम

सैन्य संतुलन में स्पेस फोर्स का बढ़ता महत्व



सामयिक

उपग्रहों की उपस्थिति मजबूत अंतरिक्ष बल होने की बुनियादी जरूरत है और देश इस बुनियाद को जल्द पुख्ता करने में लगा है। पहले 50 के पार और अगले आठ वर्षों में 100 ऐसे उपग्रहों के प्रक्षेपण की योजना भी उजागर हो चुकी है जो सैन्य उपयोग के होंगे। नवीनतम अंतरिक्ष-आधारित तकनीकों के इस्तेमाल से सेना की क्षमताओं को मजबूत करने के लिये बीते नवंबर में सेना ने दूसरे अंतरिक्ष युद्ध अभ्यास किया। भले ही यह अभ्यास अंतरिक्ष में नहीं, बल्कि नई दिल्ली में एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में आयोजित हुआ हो पर इसकी सफलता से महत्वपूर्ण संकेत मिला कि वायुसेना ने अब उपग्रहों और एयरोस्पेस के तमाम उपकरणों का रणनीतिक और युद्धक इस्तेमाल करने की अवसंरचनात्मक सैद्धांतिक खाका बना लिया है।

यही नहीं उसने स्पेस फोर्स की भूमिका तथा अंतरिक्ष युद्ध के सिद्धांत संबंधी स्पेस विजन 2032 तथा 2047 भी तैयार करने के साथ इसरो, डीआरडीओ, इन स्पेस तथा दूसरी निजी कंपनियों से मिलकर इस ओर तेजी से बढ़ भी चुका है। सेना अब पाकिस्तान, चीन की जमीनी चुनौतियों से ऊपर उठकर बेहतरीन 'वायु शक्ति' से 'मजबूत एयरोस्पेस पावर' बनने और अंतरिक्ष युद्ध की व्यापक और पुख्ता तैयारी की ओर तेजी से अग्रसर है। अंतरिक्ष की सैन्य चुनौतियों को देखते हुए यह सर्वथा उचित है और इस नई भूमिका में भारतीय वायु सेना का नया नाम 'इंडियन एयर एंड स्पेस फोर्स' कर देना भी। यह सर्वविदित और सर्वमान्य है कि भविष्य में जंग की जमीन आसमान होगा। अंतरिक्ष के करीब, 20 से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की निचली कक्षा में लड़े जाने वाले युद्ध में जो पक्ष स्पेस में शक्तिशाली होगा, जमीन पर वही जीतेगा। अच्छी बात यह है कि हमने इसे बहुत पहले समझ लिया था, दो दशक पहले भारतीय सेना ने इस बावत अपनी शुरूआत कर दी थी, यहां तक कि उसने अमेरिका से भी पहले डिफेंस स्पेस एजेंसी गठित कर ली थी, यह अलग तथ्य है कि अमेरिका अब अंतरिक्षीय सैन्य ताकत में बहुत आगे है।

बेशक हमें इस ओर अब तेज चाल से चलने की आवश्यकता है। सरकार भी इस बात को समझती है कि स्पेस में अपनी आक्रमण तथा बचाव दोनों ताकतों को समय रहते बढ़ाना होगा। भले ही उसने इंडियन एयर फोर्स का नाम अभी न बदला हो पर वायुसेना को मजबूत स्पेस फोर्स में बदलने के लिये वह सभी आवश्यक अवसंरचना मुहैय्या कराने के लिये सहयोग कर रही है ताकि सेना अंतरिक्ष युद्ध या इस क्षेत्र की होड़ में आगे निकल सके। अमेरिका, रूस और चीन अपनी-अपनी स्पेस फोर्स की तैयारियों में काफी आगे निकल चुके हैं। तीनों अंतरिक्ष में उच्च स्तर की एंटी सैटेलाइट क्षमताओं से लैस हैं।

अंतरिक्ष युद्ध में काम आने वाले हथियार प्रणाली भी वे बना रहे हैं। इनके पास अपलिंक और डाउनलिंक जैसी जमीन से चलाई जाने वाली अंतरिक्ष निरोधक व्यवस्थाओं को जाम करने की सुविधा भी है। 2015 में चीन ने तो, 2016 में रूस ने तथा 2018 की आखिर में अमेरिका ने अपनी एरोस्पेस फोर्स बना लिया था, ऑस्ट्रेलिया ने भी 2022 में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स मुख्यालय के भीतर एक 'स्पेस डिविजन' बना लिया। ब्रिटेन भी अपनी स्पेस कमांड की स्थापना कर चुका है। फ्रांस के पास भी अपना एयरोस्पेस विंग है। जापान ने अपने सैटेलाइट को विरोधी गतिविधियों से बचाने के लिए अंतरिक्ष स्क्वॉड्रन बना ली है। ऐसे में भारत को भी अपनी इंडियन एयर फोर्स के नाम में स्पेस फोर्स जोड़ने में गुरेज क्यों? दरअसल, भारतीय वायुसेना को स्पेस फोर्स का नाम देने के साथ ही इसरो, डीएआरडीओ जैसे सरकारी तथा एयरोस्पेस से जुड़ी निजी कंपनियों को शामिल कर एक संयुक्त अंतरिक्ष कमान का गठन करना चाहिये, वहीं एयर और स्पेस के बीच में सहज तरीके से तालमेल बिठाते हुये काम करने के लिए निकायों को अपना काम चुस्ती से करना होगा। अपनी कारगुजारी को धार देने के लिये इस साल वायुसेना उपग्रहों के प्रक्षेपण लक्ष्य को अवश्य पूरा करना होगा। अंतरिक्ष के सैन्य उपयोग के प्रतिबंधित होने के चलते अधिकारियों को स्पेस संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कानून की जानकारी और प्रशिक्षण देने के लिये हैदराबाद में सेंटर फॉर एयर वॉरियर्स के अलावा भी प्रशिक्षण केंद्र बनाने होंगे। **संजय श्रीवास्तव.**

आप की बात

आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस

आतंकवाद पर देश की नीति स्पष्ट है कि वह किसी भी सूरत में अब इसे बर्दास्त नहीं करेगा। देश जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-दूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.

किसानों की आय बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

तालबेहट में बाल श्रम पर श्रम विभाग की बड़ी कार्रवाई

ललितपुर। श्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे बाल श्रम रोको अभियान के तहत नगर क्षेत्र तालबेहट में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्य कर रहे 5 बाल एवं किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया, जबकि 3 दुकानदारों को बाल श्रम अधिनियम के उल्लंघन पर नोटिस जारी किए गए। श्रम विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयुक्त, झांसी मंडल एवं जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई।

अभियान बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 2016 के तहत संचालित किया जा रहा है।

पुलिस मुठभेड़ में 3 हत्यारोपित घायल, गिरफ्तार

जिला संवाददाता

ललितपुर। बहुचर्चित घनश्याम यादव हत्याकांड में फरार चल रहे तीन वांछित एवं पुरस्कार घोषित आरोपियों को कोतवाली ललितपुर, थाना तालबेहट, थाना पूराकलां और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में तीनों आरोपियों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन अवैध देशी तमंचे, चार खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

- तालबेहट क्षेत्र में संयुक्त पुलिस टीम की कार्रवाई
- तीन अवैध तमंचे, चार खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद
- सिद्धनपुरा निवासी घनश्याम यादव हत्याकांड में थे वांछित

एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कोतवाली ललितपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 832/2026 में वांछित आरोपी सिद्धनपुरा निवासी इंद्रपाल उर्फ इंदल यादव, थाना जाखलौन के ग्राम बंदरगुढ़ा निवासी दीपक यादव, मोहल्ला रामनगर निवासी पुष्पराज सेंगर उर्फ राज राजा की तलाश की जा रही थी। मंगलवार सुबह सूचना मिली कि तीनों आरोपी थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खांदी के पास राजघाट साउथ नहर कैनाल के आसपास मौजूद हैं। सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में हुई मुठभेड़ में तीनों के पैर में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वर्ष 2023 में मृतक घनश्याम यादव के परिवार से उनका विवाद और मारपीट हुई थी, जिसमें उनके पक्ष के लोगों को चोटें आई थीं। उसी रंजिश के



चलते उन्होंने 28 जुलाई 2026 को कृष्णपाल यादव को आईटीआई के पास जेसीबी मशीन चलाने के बहाने बुलाकर मारपीट की।

इसके बाद कृष्णपाल के माता-पिता को फोन कर दुर्घटना का बहाना बनाकर बुलाया और रास्ते में लोहे की रॉड व सब्बल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान कृष्णपाल के पिता घनश्याम यादव की झांसी में मृत्यु हो गई। इसके बाद तीनों आरोपी फरार होकर छिपते फिर रहे थे। घटना के बाद कृष्णपाल की पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों पर अवैध रुपयों की मांग, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

प्रारंभिक रूप से विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन घनश्याम यादव की इलाज के दौरान मौत होने पर मुकदमे में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस बढ़ाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमें गठित की गई थीं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध देशी तमंचे .315 बोर, एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा चार खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इस संयुक्त अभियान में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, तालबेहट प्रभारी निरीक्षक अशोक वर्मा, पूराकलां थानाध्यक्ष अजमेर सिंह भदौरिया तथा स्वाट टीम प्रभारी अतुल तिवारी अपनी-अपनी टीमों के साथ शामिल रहे।

पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न

ललितपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) में आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) एवं एनसीईआरटी की नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) ने भाग लिया और नई शिक्षा व्यवस्था, संशोधित पाठ्यक्रम तथा निपुण भारत मिशन के तहत किए गए बदलावों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह प्रशिक्षण 30 जुलाई से 4 अगस्त 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन जिला संदर्भदाता हिमांशु मिश्रा, दीपा सिंधी एवं रेनू मथुरिया द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नए पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण विधियों, गतिविधि आधारित शिक्षण, एफएलएन के उद्देश्यों तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार के उपायों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पूर्व में संचालित 42 दिवसीय शिक्षा योजना को समाप्त कर उसके स्थान पर अब कैच-अप कार्यक्रम लागू किया गया है। साथ ही निपुण लक्ष्यों का दायरा अब कक्षा 2 से बढ़ाकर कक्षा 5 तक कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों की आधारभूत भाषा एवं गणितीय दक्षता को और मजबूत बनाया जा सके। प्रतिभागियों को यह भी जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश के स्थानीय परिदृश्य के अनुरूप पाठ्यक्रम में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

इसी क्रम में कक्षा 4 की कलरव पुस्तक के स्थान पर वीणा को शामिल किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को स्थानीय संदर्भों से जुड़ी सामग्री उपलब्ध हो सके।

समापन अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डीआईईटी प्रभारी प्राचार्य रत्नेश कुमार नेढंग से लागू करने तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

वकालत केवल एक व्यावसायिक पेशा नहीं बल्कि समाज को नयी दिशा और पीड़ितों को न्याय दिलाने का है सेतुः डॉ. सौरभ

जिला संवाददाता

ललितपुर। पहलवान गुरुदीन विधि महाविद्यालय पनारी ललितपुर डॉ० बी आर अंबेडकर सभागार में ललितपुर जिला बार एसोसिएशन का चुनाव जीत चुके प्रतिनिधियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर पहलवान गुरुदीन विधि महाविद्यालय के चीफ प्रबंधक डॉ सौरभ यादव, अध्यक्ष, अधिवक्ता गण , पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य महाविद्यालय प्राचार्य श्री प्रकाश विश्वकर्मा व समस्त विधि स्टाफ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई।



- कानून की रक्षा करना और हर नागरिक को उसका अधिकार दिलाना एक वकील का मुख्य धर्म-राजेश देवलिया
- ललितपुर जिला बार एसोसिएशन का चुनाव जीत चुके प्रतिनिधियों का किया गया सम्मान समारोह

इस अवसर पर डॉ० सौरव यादव द्वारा ललितपुर जिला बार एसोसिएशन के समस्त सम्मानित अध्यक्ष , वरिष्ठ अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अधिवक्ताओं के लिए चुनाव जीतने की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज का वह महत्वपूर्ण स्तंभ हैं जो न्याय, समानता और मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए सर्वप्रथम सबसे आगे रहते हैं अधिवक्ता केवल एक व्यावसायिक पेशा नहीं है बल्कि समाज को नई दिशा और पीड़ितों को न्याय की एक उम्मीद है। वकील वह आवाज है जो बेजुबान और पीड़ित को अदालत में न्याय दिलाती है।

अध्यक्ष एड० राजेश देवलिया द्वारा छात्र-छात्राओं का विधि के क्षेत्र में मार्गदर्शन करते हुए कहा की कानून की रक्षा करना और हर नागरिक को उसका अधिकार दिलाना एक वकील का मुख्य धर्म है।

अदालत में सच्चाई को सामने लाना और निष्पक्षता बनाए रखना प्रत्येक भावी एड० की बड़ी जिम्मेदारी है।

कोषाध्यक्ष एड० श्रीमती अर्चना परमार द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि एक अधिवक्ता संपूर्ण समाज की नीव होता है ।

प्राचार्य डॉ० महेश कुमार झा द्वारा जिला बार एसोसिएशन के नव-निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा की एक अधिवक्ता संपूर्ण समाज की आधारशिला है। एक वही है जो गंभीर स्थिति में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए उसके साथ खड़ा रहता है ।इसके साथ सभी सम्मानित निर्वाचित अतिथियो को धन्यवाद देते हुए इस कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में पहलवान गुरुदीन विधि महाविद्यालय के प्रबंधक द्वारा सम्मानित जिला बार एसोसिएशन के निर्वाचित सदस्यों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर असि० प्रो० मनोरमा प्रजापति, असि० प्रो० कल्पना बुंदेला, असि० प्रो० वर्षा सिकौरिया, डॉ हृदयवीर, अमित निरंजन व पिंकी निरंजन, गार्गी शर्मा, दीपा अहिरवार, अंशुल वैभव कपिल रोशन इत्यादि छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

टीआई ने सड़क पर उतर दर्जनों वाहनों से उतरवायी ब्लैक फिल्म, किये चालान

बाराबंकी। वाहनों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाकर नियमों के उल्लंघन करने वालो वाहनो के खिलाफ पटेल तिराहे यातायात विभाग द्वारा विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनो वाहनो से काली फिल्म उतारकर चालान किये गये। तथा चालको को नियमो का पालन करने हेतु जागरुक किया गया। आज मंगलवार को शहर के पटेल तिराहे पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने काली फिल्म, हेलमेट व सीटबेल्ट के विरुद्ध अभियान चलाते हुये दर्जनो की संख्या मे ब्लैक फिल्म को उतरवाया।



तथा चालको को नियमो का पालन किये जाने का संकल्प दिलाया।

डीएम की विशेष पहल से जनपद में अप्रेंटिसशिप को मिला नया आयाम

जिला संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना विषयक कार्यशाला का शुभारम्भ जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला मे जिलाधिकारी ने कहा कि अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण और रोजगार के बीच सबसे मजबूत कड़ी है। यदि उद्योग, शिक्षण संस्थान एवं प्रशासन समन्वित रूप से कार्य करें तो स्थानीय युवाओं को उनके गृह जनपद में ही बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।



- उद्योगों एवं शिक्षण संस्थानों के समन्वय को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला
- डीएम ने किया मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना विषयक कार्यशाला का शुभारंभ

युवाओं को प्रशिक्षण से लेकर अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार तक एक सतत व्यवस्था विकसित करना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध हो तथा युवाओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला के दौरान जनपद में अप्रेंटिसशिप को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने हेतु उद्योगों एवं आईटीआई संस्थानों की मैपिंग, उद्योगों में उपलब्ध रिक्तियों का नियमित संकलन, एक्सपर्ट लेक्चर, इंडस्ट्रियल विजिट, अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेलों के आयोजन तथा पोस्ट प्लेसमेंट कमेटी के गठन जैसी महत्वपूर्ण पहलों की जानकारी साझा की गई।

तथा योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 125 युवाओं को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र सौपे। जिलाधिकारी ने उद्योग प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ते हुए उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन, उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के समन्वित प्रयासों से बाराबंकी को अप्रेंटिसशिप एवं कौशल विकास के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जनपद के रूप में स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आईआईए पदाधिकारी, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अधिकारी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

ललितपुर। संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर चल रहे संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में पंचम अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को शेष लक्ष्य अगले 10 दिनों में हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ डा.वीरेन्द्र सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने बताया कि जुलाई-अगस्त 2026 के अभियान के पांचवें सप्ताह में सभी संबंधित विभागों ने निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्य किया है। अब अभियान की विस्तारित अवधि के दौरान भी इसी गति से कार्य जारी रखा जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने विभागवार उपलब्धियों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जनपद के हाई रिस्क गांवों की सूची सभी संबंधित विभागों को उपलब्ध कराई। उन्होंने निर्देश दिए कि इन गांवों में विशेष अभियान चलाकर व्यापक साफ-सफाई कराई जाए। इसके तहत गड्ढों को मिट्टी से भरना, झाड़ि ?ों की कटाई, रुके हुए पानी की निकासी, नालियों की सफाई तथा लावार्नाशक दवाओं का नियमित छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, जिससे संचारी रोगों के फैलाव को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। अध्यक्षता कर रहे एडीएम ने पंचायती राज विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों की क्रॉस चेकिंग अनिवार्य रूप से की जाए तथा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का फोटो सहित विवरण प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाए, जिससे अभियान की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। एडीएम ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान जिन विभागों की उपलब्धियां निर्धारित लक्ष्य से कम हैं, वह अगले 10 दिनों की विस्तारित अवधि में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि अभियान की अगली समीक्षा 10 अगस्त 2026 को की जाएगी और उसी के आधार पर राज्य स्तर पर जनपद की रैंकिंग एवं फीडबैक तय होगा। इसलिए सभी विभाग पूरी गंभीरता और समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में नोडल अर्बन डा. राजेश भारती, सूचना अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

- हाई रिस्क गांवों में चलेगा विशेष सफाई अभियान
- 10 अगस्त तक पूरे होंगे लक्ष्य
- विभागों को प्रतिदिन क्रॉस चेकिंग और फोटो सहित रिपोर्ट प्रकाशित कराने के आदेश

दिव्यांग युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

ललितपुर। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ ?के उद्देश्य से जनपद में दिव्यांगजन रोजगार अभियान-3.0 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत 7 अगस्त 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिद्धन रोड में विशेष दिव्यांगजन रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला समन्वयक एवं प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने बताया कि मिशन निदेशक के निदेर्शानुसार 3 से 10 अगस्त 2026 तक जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दिव्यांग युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला 7 अगस्त को सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

जिला जज ने पुष्प अर्पित कर पं. कन्हैयालाल शुक्ल को दी श्रद्धांजलि

जिला बार एसोसिएशन के संस्थापक, अध्यक्ष रहे हैं पं. कन्हैयालाल शुक्ला





जिला संवाददाता

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के संस्थापक/अध्यक्ष स्वः पं0 कन्हैया लाल शुक्ल की जंयती पर पुष्पाजंलि एंव श्रद्धाजंलि सभा कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कृष्ण कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिवाकर कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश श्रीमती श्रीवास्तव ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये उपस्थित अधिवक्ताओ को कहा कि आज सभी को स्वः पं0 कन्हैयालाल शुक्ला के द्वारा दिखाये गये रास्तो पर चलना चाहिये। उनके विचारो को ग्रहण करना चाहिये। पूरी ईमानदारी और समाज के प्रति उनके योगदान को भी स्मरण करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता पूर्व महामंत्री अशोक कुमार वर्मा ने किया। संस्थापक/अध्यक्ष स्वः श्री शुक्ल द्वारा 1904 मे जिला बार एसोसिएशन की स्थापना की गई थी। जिस कारण अधिवक्ता जयंती सभा को बार स्थापना दिवस के रुप मे मनाते है। कार्यक्रम मे उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त करते हुये स्वः पं0 श्री शुक्ल के जीवन परिचय से अधिवक्ताओ को अवगत कराया। तथा उनके द्वारा किये गये विधि कार्यो एंव सामाजिक कार्यो के बारे मे चर्चा की गई। इसके साथ ही जनपद न्यायाधीश ने जयती अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन, आनन्द सिंह, यशोदा नन्दन मिश्रा, सुरेश चन्द्र गौतम, दौलता कुमारी को अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। साथ ही जयती अवसर पर ही जिला बार एसोसिएशन के 11 कर्मचारियो को अधिवक्ताओ द्वारा अंगवस्त्र व उत्साहवर्धन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष रमनलाल द्विवेदी, महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, नलनीकान्त शुक्ला, राकेशकांत शुक्ला, निषीकान्त शुक्ला, श्रीकात शुक्ला, पं0 प्रित्युशकांत शुक्ला, भूपिन्दर पाल सिंह, सरदार कंवर सिंह पियूष, अजय सिंह सिसौदिया, अमित अवस्थी, पुष्पेन्द्र यादव, निर्मल वर्मा, राजेन्द्र बहादुर सिंह राणा, हिसाल बारी किदवाई, अंकुल वर्मा, अंशूमान सिंह, सौरभ बाजपेई, सचिन सिंह, नितिन गुप्ता, अमित शुक्ला, काशीराम यादव, अनूप कल्याणी, अनूप अवस्थी, पवन मिश्रा, नरेश कुमार सिंह, सरदार त्रिपत सिंह, प्रणय बाजरपेई, नमिता पंकज, सूरज बाजपेई, अंगद यादव, सलाम मोहम्मद आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

- वर्ष 1904 मे की थी जिला बार एसोसिएशन की रखी थी नीव
- प्रपौत्र पं. प्रित्युशकांत शुक्ला ने जयंती पर निभायी अहम भूमिका

24 पोते बने दादी के श्रवण कुमार

जिला संवाददाता

मेरठ। सावन की कांवड़ यात्रा में जहां डीजे की धुन, भव्य कांवड़ और शिवभक्तों का उत्साह हर किसी को आकर्षित कर रहा है, वहीं सिवाया टोल प्लाजा पर सोमवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने लोगों की आंखें नम कर दीं। 95 वर्षीय सोनदेवी पालकी में हाथ जोड़कर भोलेनाथ का जयघोष कर रही थीं और उनके 24 पोते बारी-बारी से पालकी को अपने कंधों पर उठाकर आगे बढ़ रहे थे। यह दृश्य देखते ही राहगीरों के कदम थम गए। जिसने भी इस परिवार का समर्पण देखा, उसने इसे आज के दौर की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। बुलंदशहर के हसनपुर जागीर निवासी सोनदेवी की वर्षों से इच्छा थी कि वह हरिद्वार जाकर मां गंगा में स्नान करें और कांवड़ यात्रा का हिस्सा बनें। उम्र के इस पड़ाव पर उनके लिए यह यात्रा संभव नहीं थी। ऐसे में परिवार के युवाओं ने उनकी इच्छा को अपना संकल्प बना लिया। 'महाकाल ग्रुप' के नाम से यात्रा कर रहे 24 पोतों ने दादी को हरिद्वार ले जाकर गंगास्नान कराया और अब पालकी में बैठाकर गांव तक लेकर जा रहे हैं। पोतों का कहना है कि योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा में जिस तरह के इंतजाम किए हैं, उससे किसी को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।



महाकाल ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि टोली में शामिल सभी 24 युवक रिश्ते में सोनदेवी के पोते हैं। यात्रा के दौरान कोई एक व्यक्ति लगातार पालकी नहीं उठाता। कुछ दूरी तय करने के बाद दूसरे पोते कंधा संभाल लेते हैं, ताकि दादी को बिना किसी परेशानी के पूरी यात्रा कराई जा सके। परिवार का कहना है कि दादी की खुशी ही उनके लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है। जैसे ही कांवड़ यात्रा सिवाया टोल प्लाजा पहुंची, पालकी में बैठी सोनदेवी को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। कोई उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने पहुंचा तो किसी ने इस भावुक पल को मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। दादी पूरे रास्ते हाथ जोड़कर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष करती रहीं, जबकि पोते पूरे उत्साह के साथ उनकी सेवा में जुटे रहे। कांवड़ यात्रा में यह दृश्य केवल धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि भारतीय परिवारों के संस्कार और बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भी प्रतीक बन गया। जहां एक ओर युवा कांवड़िए भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं, वहीं सोनदेवी के 24 पोतों ने यह साबित कर दिया कि माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति है। कांवड़ मार्ग पर यह अनोखा कारवां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होने के साथ-साथ प्रेरणा का संदेश भी देता नजर आया।

संक्षेप

निसान टेक्टॉन ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में बनायी जगह

नईदिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एसयूवी के मामले में निसान की उत्कृष्टता के 75 वर्षों की विरासत को और मजबूत किया है। निसान मोटर इंडिया ने लेह तक पहुंचने वाले एक ही मॉडल के सबसे ज्यादा चौपहिया वाहनों का काफिला के तौर पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है। 60 नई निसान टेक्टॉन प्रीमियम एसयूवी के काफिले ने सफलतापूर्वक पांच दिन का हिमालयी अभियान पूरा किया है। इसमें 700 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय की गई। इस अभियान में चंडीगढ़ में 1,053 फीट से शिंकुला पास की 16,703 फीट और लेह की 11,480 फीट की ऊंचाई तक वाहनों को ले जाया गया। इस अभियान ने निसान की नई प्रीमियम एसयूवी की क्षमता, मजबूती और इंजीनियरिंग ताकत को प्रदर्शित किया है।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और एसरी इंडिया ने की साझेदारी

नई दिल्ली। एसरी इंडिया ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की आज घोषणा की। बीईएल और एसरी इंडिया भारतीय रक्षा सेवाओं के लिए पहले ही परियोजनाएं पूरी कर चुकी हैं और यह समझौता इस गठबंधन को और मजबूती प्रदान करेगा। इस समझौते के तहत रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और सिस्टम इंटीग्रेशन में बीईएल की गहन विशेषज्ञता और एसरी इंडिया की जीआईएस, लोकेशन इंटेलिजेंस एवं जियोएआई क्षमताओं को मिलाकर दोनों कंपनियां मिलकर रक्षा क्षेत्र में अवसरों का दोहन करेंगी। ये दोनों संगठन भारत की रक्षा पहल में आपात एवं अचानक बढ़ने वाली मांग के कारण परिचालन संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए जीआईएस सॉल्यूशंस की समय पर उपलब्धता एवं तैनाती सुनिश्चित करने के लिए भी मिलकर काम करेंगे। एसरी इंडिया जीआईएस और जियोएआई में इन-हाउस क्षमता निर्माण करने में मदद के लिए बीईएल को प्रशिक्षण सहयोग भी प्रदान करेगी।

एलजी ने अपने प्रीमियम टीवी पोर्टफोलियो का किया विस्तार

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज अपने 2026 एआई टीवी लाइनअप की घोषणा की है, जिसमें अल्ट्रा-लार्ज स्क्रीन और मिनी एलईडी तकनीक को इसकी प्रीमियम टेलीविजन रणनीति के केंद्र में रखा गया है। इसमें 292 सेमी (115-इंच) का फ्लैगशिप मॉडल शामिल है, एलजी की 2026 टीवी रेंज में चार डिस्प्ले तकनीकों - क्यूएनईडी ईवो मिनी एलईडी, ओएलईडी ईवो, माइक्रो आरजीबी ईवो/मिनी आरजीबी ईवो, और नैनो 4के यूएचडी के तहत 25 अल्ट्रा-लार्ज (190 सेमी (75-इंच) और उससे अधिक) मॉडल शामिल हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मीडिया एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन के निदेशक, ब्रायन जंग ने कहा कि भारत में बड़ी स्क्रीन की मांग पहले से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रही है, और मिनी एलईडी के जरिए हम इस मांग को बड़े पैमाने पर पूरा कर रहे हैं।

मिशलिन प्रिमसी 5 टायर अब भारत में उपलब्ध

नई दिल्ली। मिशेलिन ने आज भारत में अपने नवीनतम प्रीमियम टायर मिशलिन प्रिमसी 5 के लॉन्च की घोषणा की। सेडान और एसयूवी के लिए विशेष रूप से विकसित यह नया टायर मिशेलिन की भारत यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रिमसी 5 भारत में निर्मित मिशेलिन का पहला पैसेंजर कार टायर भी है दैनिक यातायात की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मिशलिन प्रिमसी 5 विकसित किया गया है। इसमें मिशलिन की अत्याधुनिक ट्रेड पैटर्न तकनीक के साथ नई पीढ़ी के रबर कंपाउंड का उपयोग किया गया है। कंपनी का दावा है कि इससे टायर की सुरक्षा, सड़क पर पकड़ और वाहन पर नियंत्रण बेहतर होता है।

मैकडॉनल्ड्स इंडिया नॉर्थ एंड ईस्ट ने पार किया 200 मैककैफे का पड़ाव

नईदिल्ली। मैकडॉनल्ड्स इंडिया नॉर्थ एंड ईस्ट ने उत्तर एवं पूर्वी भारत में अपने मैककैफे नेटवर्क को 200 आउटलेट तक पहुंचा दिया है। इस उपलब्धि के साथ ही बेहतरीन एवं गुणवत्तापूर्ण कैफे एक्सपीरियंस को ज्यादा सुलभ बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है। भारत में कॉफी कल्चर लगातार बदल रहा है और अब युवा ऐसी जगह जाना पसंद करते हैं, जहां उन्हें एक-दूसरे से कनेक्ट होने और खुलकर जीने का मौका मिले। मैककैफे ने अपने गुड वाइब्स स्टार्ट विद मैककैफे प्लेटफॉर्म के माध्यम से कॉफी की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए खुद को प्रेफर्ड कैफे के रूप में स्थापित किया है।

सेंसेक्स में 210 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। वायदा एवं विकल्प अनुबंध में शेयर के लिए नई नीलामी प्रक्रिया पेश होने के बाद बीएसई सेंसेक्स 210 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई।

नकद इक्विटी खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से शुरू हो गया। इसके तहत पात्र शेयरों के समापन मूल्य तय करने के लिए नई नीलामी आधारित व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य कीमतों की खोज प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है। नई नीलामी व्यवस्था लागू होने के बाद मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बाजार के प्रमुख सूचकांक मिले-जुले रुख के साथ कारोबार करते नजर आए। शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 210.08 अंक यानी 0.27 प्रतिशत टूटकर 78,428.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 79,143.15 अंक तक गया जबकि नीचे में 78,211.87 अंक तक आया। कारोबार के दौरान इसमें 931.28 अंक का उतार-चढ़ाव आया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी पूरे कारोबार में नुकसान में रहा और अंत में 159.40 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,614.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत टूटकर 24,427.95 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। नई नीलामी व्यवस्था लागू होने के एक दिन बाद मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बाजार के प्रमुख सूचकांक मिले-जुले रुख के साथ कारोबार करते नजर आए। शेयर बाजारों में नई नीलामी व्यवस्था शुरू होने के बाद सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी के प्रदर्शन में असामान्य अंतर देखने को मिला था। आमतौर पर दोनों प्रमुख सूचकांकों की चाल एक जैसी रहती है। समापन नीलामी सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कारोबार का मूल्य 1542.2 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जबकि बीएसई में कारोबार 9.35 करोड़ रुपये रहा। इसके बाद निवेशकों ने मंगलवार को अपनी स्थिति में बदलाव किया और कीमतें लगातार कारोबार के दौरान बने स्तर की ओर लौटती दिखीं। मंगलवार को वायदा एवं विकल्प खंड में अनुबंधों की साप्ताहिक समाप्ति और एफ एंड ओ के शेयरों के समापन मूल्य तय करने के लिए लागू नई व्यवस्था के कारण बाजार के रुझान में असामान्य बदलाव देखने को मिला। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.25 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.29 प्रतिशत नीचे आया।

रुपया तीन पैसे टूटकर 95.40 प्रति डॉलर पर



नयी दिल्ली। कच्चे तेल की की ऊंची कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच रुपया मंगलवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 95.40 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा, लेकिन हाल ही में विदेशी कोषों के प्रवाह ने रुपये को कुछ हद तक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.35 प्रति डॉलर पर खुला। यह 95.25 से 95.42 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 95.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.37 पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने से वैश्विक जोखिम संबंधी धारणाओं में सुधार के चलते रुपये में मामूली सकारात्मक रुझान की उम्मीद है। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल रुपये पर उच्च स्तर का दबाव डाल सकते हैं। चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.95 से 95.60 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 100.02 प्रतिशत चढ़कर 0.13 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 2.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 86.05 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 210.08 अंक गिरकर 78,428.95 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 159.40 अंक टूटकर 24,614.90 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 922.26 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

एलआईसी की बिक्री पेशकश को संस्थागत निवेशकों का समर्थन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को मंगलवार को संस्थागत निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली। निवेशकों ने इसके लिए 36,400 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं। सरकार संस्थागत निवेशकों के लिए एलआईसी के 28.46 करोड़ से अधिक शेयर 382 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेच रही है।

यह निर्गम बुधवार को खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा। संस्थागत निवेशकों ने 383.84 रुपये प्रति शेयर के सांकेतिक मूल्य पर 94.45 करोड़ से अधिक शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। इस सांकेतिक मूल्य पर बोलियों का कुल मूल्य 36,400 करोड़ रुपये बैठता है। इस बीच, बीएसई पर एलआईसी का शेयर 7.86 प्रतिशत टूटकर 391 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 4.95 लाख करोड़ रुपये है। यह 382 रुपये प्रति शेयर का न्यूनतम मूल्य सोमवार को बीएसई पर इसके बंद भाव 424.35 रुपये की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत कम रखा गया है।

इस न्यूनतम मूल्य पर 82.22 करोड़ से अधिक शेयर यानी 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से सरकार को लगभग 31,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

सोना 100 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच चांदी की कीमतें स्थिर रहीं।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू बाजार में सोने की मामूली खरीदारी देखी गई, जबकि चांदी का कारोबार सीमित दायरे में हुआ। मंगलवार को सोने की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई क्योंकि निवेशक अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे राजनयिक घटनाक्रम और फेडरल रिजर्व के नीतिगत दृष्टिकोण को लेकर अनिश्चितता के बीच सतर्क रुख अपनाए हुए थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो सत्रों में कीमती धातुओं की कीमतें एक दायरे में रहीं, क्योंकि व्यापारी भू-राजनीतिक जोखिमों और अमेरिकी ब्याज दरों की भविष्य की दिशा के बारे में अधिक स्पष्टता का इंतजार कर रहे थे। वैश्विक बाजारों में, हाजिर सोना 4,049.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में हाजिर सोने में तेजी आई, लेकिन बाद में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के कारण यह बढ़त खत्म हो गई और यह 4,050 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार करने लगा। न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड वायदा लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 84.36 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 58.66 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। उम्मीद से बेहतर अमेरिकी विनिर्माण आंकड़े ने औद्योगिक मांग को लेकर आशावाद को मजबूत किया, जिससे हाजिर चांदी एक प्रतिशत बढ़कर 58 डॉलर प्रति औंस हो गई।

भगोड़े आर्थिक अपराधियों से ब्रिक्स देशों को मजबूत सहयोग के बल पर निपटना होगा

हैदराबाद। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की सचिव रचना शाह ने मंगलवार को कहा कि भगोड़े आर्थिक अपराधियों की चुनौती से निपटने के लिए ब्रिक्स देशों को मजबूत सहयोग की दिशा में काम करना होगा, ताकि अपराध से लाभ कमाने वालों के लिए कोई भी क्षेत्र सुरक्षित पनाहगाह न बन सके। हैदराबाद में शुरू हुई दो दिवसीय दूसरी ब्रिक्स भ्रष्टाचार रोधक कार्य समूह (एसीडब्ल्यूजी) की बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने भगोड़े अपराधियों का पता लगाने, उनके प्रत्यर्पण में सहयोग, अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की बरामदगी और सीमा पार अपराधियों एवं अवैध धन के प्रवाह को रोकने के लिए व्यवस्थागत खामियों को दूर करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की चुनौती से कोई भी देश अछूता नहीं है। अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने, सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सामूहिक, समन्वित तथा निरंतर वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

शाह ने कहा कि दूसरी ब्रिक्स एसीडब्ल्यूजी बैठक ऐसे समय हो रही है, जब ईमानदारी, जवाबदेही, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नवाचार को मजबूत करना पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

सरकार मेटा के साथ बैठक में उठायेगी सीएसएएम और प्रमुख खातों पर अनुचित कार्रवाई का मुद्दा

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने मंगलवार को कहा कि सरकार मेटा के वैश्विक दल के साथ बैठक में बाल यौन शोषण एवं उत्पीड़न सामग्री (सीएसएएम) से निपटने में खामियों और प्रमुख खातों पर अनुचित कार्रवाई सहित कई मुद्दे उठाएगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी होने के नाते मेटा को यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि उसकी प्रणालियां अपेक्षित तरीके से काम करें। कृष्णन ने कहा कि मेटा का वैश्विक दल पांच और छह अगस्त को भारत में रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में नीट प्रश्नपत्र लीक के मामलों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मेटा संचालित सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक वीडियो साझा किया था। इसे कुछ समय के लिए मंच से हटा दिए जाने के बाद सरकार ने मेटा के शीर्ष वैश्विक अधिकारियों को तलब किया है। मेटा ने तकनीकी गड़बड़ी को घटना की वजह बताते हुए माफी मांगी थी, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस स्पष्टीकरण को अपर्याप्त माना था। पोस्ट गलती से हट गयी थी।

क्रॉम्पटन ने पेश किया एमियो एज एयर फ्रायर

मुंबई। भारतीय रसोईघरों में एयर फ्रायर्स की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। जैसे-जैसे इस श्रेणी से जुड़ी उम्मीदें बदल रही हैं, ग्राहक ऐसे अप्लायंसेज की तलाश में हैं जो हेल्दी कुकिंग के साथ भरोसेमंद प्रदर्शन और रोजमर्रा के उपयोग में सुविधा भी प्रदान करें। इन बदलती जरूरतों को समझते हुए, होम इनोवेशन के क्षेत्र में भारत का भरोसेमंद नाम 'क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड' न्यूट्रिगार्ड टेक्नोलॉजी से युक्त एमियो एज 5ली. एयर फ्रायर पेश करता है। इसे आधुनिक घरों में सेहतमंद विकल्प चुनना आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। पारंपरिक कुकिंग के मुकाबले एक स्मार्ट विकल्प के तौर पर एयर फ्रायर धीरे-धीरे भारतीय घरों में अपनी जगह बना रहे हैं। आजकल उपभोक्ता केवल कम तेल में खाना पकाने से कहीं ज्यादा की उम्मीद करते हैं।

वैश्विक तेल कीमतों में सुधार से एमसीएएक्स पर कच्चा तेल एक प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चे तेल के वायदा भाव एक प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 7,761 रुपये प्रति बैरल हो गए।

ऐसा मजबूत वैश्विक रुख और आपूर्ति में रुकावट की लगातार बनी चिंताओं के कारण हुआ, जबकि अमेरिका और ईरान के बीच फिर से कूटनीतिक कोशिशें शुरू हो गई हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का अगस्त माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 116 रुपये या 1.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,761 रुपये प्रति बैरल हो गया। पिछले सत्र में यह 7,645 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ था। कच्चा तेल के सितंबर माह में डिलिवरी होने वाले अनुबंध की कीमत 109 रुपये या 1.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,570 रुपये प्रति बैरल हो गया। पिछले सत्र में यह 7,461 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई कि ईरान के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने इसे पांच महीने से चल रहे टकराव को खत्म करने के लिए तेहरान का आखिरी मौका बताया। हालांकि, ईरान ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया।

पोको ने लॉन्च किया पोको एम8 पावर

बेंगलुरु। पोको ने आज भारत में अपना नया स्मार्टफोन पोको एम8 पावर आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह स्मार्टफोन उन यूजर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट और लंबी बैटरी लाइफ चाहते हैं। पावर योर बिंज के आइडिया पर आधारित यह फोन दमदार फीचर्स के साथ आता है। इसमें सबसे दमदार 8000एमएएच की सिलिकॉन-कार्बन बैटरी और शानदार एमोलेड डिस्प्ले मिलता है, जिससे यूजर्स बिना किसी रुकावट के लंबे समय तक वीडियो स्ट्रीमिंग, सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग और गेमिंग का आनंद ले सकते हैं। आज के समय में जब स्मार्टफोन मनोरंजन, कंटेंट क्रिएशन और रोजमर्रा की बातचीत का मुख्य जरिया बन चुके हैं, ऐसे में पोको एम8 पावर आज की तेज रफ्तार जीवनशैली के मुताबिक बनाया गया है।

बोल्ट 25 अगस्त को लॉन्च करेगा इवो और ऐस 5जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली। बोल्ट ने आज अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन्स – इवो और ऐस 5जी – के आगामी लॉन्च की आधिकारिक घोषणा की है, जो कि 25 अगस्त, 2026 को लॉन्च किए जाएंगे। ब्रांड ने फ्रीडम सेल 2026 के लिए फ्लिपकार्ट के साथ टाइटल स्पॉन्सर के रूप में अपनी रणनीतिक साझेदारी का भी खुलासा किया। हालाँकि, इन स्मार्टफोन्स की आधिकारिक लॉन्चिंग इस महीने के आखिर में होगी, लेकिन बोल्ट इस स्पॉन्सरशिप के जरिए प्रोडक्ट लॉन्च से पहले ही देशभर में मजबूत जागरूकता और ब्रांड पहचान बनाना चाहता है। अपनी व्यापक मार्केट-एंट्री रणनीति के तहत, यह स्पॉन्सरशिप डिवाइस लॉन्च से पहले मेट्रो शहरों के साथ-साथ टियर 2 और टियर 3 बाजारों में लाखों उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए एक हाई-इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म का काम करेगी।

पेज एक का शेष

चढ़ावा चोरी

तक स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद बैठक दो बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाये। इस दौरान विपक्षी सदस्य पहले की तरह ही शोर-शराबा कर रहे थे। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कराधान एवं अन्य विधियां संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। सैकिया ने विपक्षी सदस्यों से अपनी सीट पर जाकर बैठने का आग्रह करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण विधेयक है और सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। विपक्ष के हंगामे के बीच सदन ने बिना चर्चा के इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। पीठासीन सभापति द्वारा बार-बार आग्रह किये जाने के बावजूद भी शोरगुल नहीं थमने पर अपराह्न दो बजकर 17 मिनट पर सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में भी इन्हीं मुद्दों को लेकर विपक्ष का हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण उच्च सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की बैठक शुरू होने पर, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए नकदी और कीमती सामान की कथित चोरी का मुद्दा उठाया, जिसका सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार विरोध किया।

जेवर एयरपोर्ट

प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम में संशोधन के बाद प्रदेश में मदरसों से जुड़ी डिग्री व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। सरकार का कहना है कि यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के अनुपालन में उठाया गया है। सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के उद्देश्य से राज्य के विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए उत्तर प्रदेश घुमंतू विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी दी गई है। वहीं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-2.0 के प्रभावी संचालन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों में संशोधन और नए बजट प्रावधान को स्वीकृति दी गई है। ग्राम्य विकास विभाग की सामुदायिक परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और एचसीएल फाउंडेशन के बीच वर्ष 2015 से चल रहे समझौते को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की मार से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 (खरीफ 2026 और रबी 2026-27) में पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। योजना के तहत किसानों पर प्रीमियम का बोझ कम रखा गया है।

योगी ने

अधोसंरचना, पंचायत विकास, ग्रामीण आजीविका, मूलभूत सुविधाओं तथा गांवों में विकास कार्यों को गति देने में किया जाएगा। प्रदेश में बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा ऊर्जा अवसंरचना के विस्तार के लिए ऊर्जा विभाग को 7,422.27 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ औद्योगिक एवं घरेलू उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 2,000.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस राशि से अस्पतालों की सुविधाओं का विस्तार, चिकित्सा सेवाओं का सुदृढ़ीकरण तथा स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग को 1,655 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। वहीं महिला कल्याण विभाग के लिए 1,094.40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे महिलाओं के सशक्तीकरण, सुरक्षा और कल्याण से जुड़ी योजनाओं को मजबूती मिलेगी। अनुपूरक बजट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए 700.01 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग सड़क निर्माण, पुलों तथा अन्य आधारभूत ढांचागत परियोजनाओं को गति देने में किया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को भरोसा दिलाया कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राजकोषीय घाटा (फिसकल डेफिसिट) निर्धारित सीमा के भीतर है, जो सरकार के वित्तीय अनुशासन और बेहतर आर्थिक प्रबंधन का प्रमाण है। सरकार विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ वित्तीय संतुलन बनाए रखने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का मूल बजट 9,12,696.35 करोड़ रुपये था, जिसमें राजस्व व्यय 6,64,470.55 करोड़ रुपये तथा पूंजीगत व्यय 2,48,225.80 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था। अब 59,019.54 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट को शामिल किए जाने के बाद राज्य का कुल बजट बढ़कर 9,71,715.89 करोड़ रुपये हो जाएगा। इसमें राजस्व व्यय बढ़कर 6,81,870.05 करोड़ रुपये तथा पूंजीगत व्यय 2,89,845.84 करोड़ रुपये हो जाएगा। इससे स्पष्ट है कि सरकार ने अतिरिक्त संसाधनों का बड़ा हिस्सा विकास परियोजनाओं, आधारभूत संरचना और जनकल्याणकारी योजनाओं के विस्तार के लिए पूंजीगत निवेश पर केंद्रित किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुपूरक बजट में सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए धनराशि का प्रावधान किया है।

रामभक्तों पर

बचता है। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने और उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि को नुकसान पहुंचाने की राजनीति कर रहा है।

उधर, उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष के लगातार हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही बाधित रही। विपक्षी सदस्य वेल में बैठकर नारेबाजी करते रहे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बार-बार उनसे अपनी सीट पर लौटने और चर्चा में भाग लेने की अपील करते रहे। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सवालों का जवाब देने को तैयार है और वेल में कही गई बात कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनेगी, लेकिन विपक्ष नहीं माना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए, विपक्ष ने हंगामा तेज कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और विपक्ष का आचरण न केवल असंवैधानिक बल्कि शर्मनाक है। आरोप लगाया कि कार्यमंत्रणा समिति में पहले से तय एजेंडे के बावजूद विपक्ष सदन का समय बर्बाद कर रहा है और 25 करोड़ प्रदेशवासियों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इस दौरान सपा विधायक सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता समाप्त करने का प्रस्ताव एथिक्स कमेटी को भेजने की चेतावनी भी दी। हंगामे के दौरान विपक्षी विधायकों और मार्शलों के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन स्थगित होने के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहले से तय है कि जो मुद्दा किसी न्यायाधिकरण या आयोग के पास लंबित हो, उस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।

बसों में 60

महिला कल्याण विभाग के लिए 1094.40 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराते हुए निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को भी सुदृढ़ किया गया है। यह प्रावधान महिला सुरक्षा, सम्मान, सामाजिक संरक्षण और आर्थिक सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। प्रदेश सरकार ने महिला कल्याण विभाग के लिए भी अनुपूरक बजट में 1094.40 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया है। पति की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट का सामना कर रही महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना के लिए 930 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे प्रदेश की बड़ी संख्या में पात्र महिलाओं को नियमित आर्थिक संबल मिलता रहेगा। अनाथ तथा विशेष परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के शिक्षा, भरण-पोषण और समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए 110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

नोएडा में आग

बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। घटना के बाद पुलिस अधिकारी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। हादसे को लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा का ईकोटेक-3 मुख्य रूप से इंडस्ट्रीयल एरिया है। हालांकि इसके आसपास कुछ रिहायशी और मिक्स्ड यूज वाले इलाके भी विकसित हुए हैं। ईकोटेक-3 में बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग



जडेजा की आक्रामक सोच उन्हें मुकम्मल टेस्ट गेंदबाज बनाती है : पुजारा

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि रक्षात्मक गेंदबाज से हमेशा विकेट की तलाश करने वाले आक्रामक गेंदबाज बनने से रविंद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में और परिपक्व गेंदबाज बने हैं। पुजारा ने श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले कहा, इससे पहले जब रविंद्र जडेजा गेंदबाजी करते थे तो मकसद रन बचाना होता था, खासकर टेस्ट क्रिकेट में। अगर पिच से मदद मिल रही है तो वह विकेट लेने की कोशिश करते थे। लेकिन अगर विकेट मददगार नहीं है तो उनका फोकस रन रोकना होता था। जडेजा ने 89 टेस्ट में 25 . 12 की औसत से 348 विकेट लिये हैं। पुजारा ने कहा उसे अपनी ताकत पता है और उसी के अनुरूप गेंदबाजी करता है। हर मैच में वह स्टम्प पर गेंद डालकर विकेट लेने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से वह गेंदबाज के तौर पर अधिक आक्रामक हुआ है और विविधता का प्रभावी रूप से प्रयोग कर रहा है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान मुक्केबाजी महासंघ एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है जब



मुक्केबाज कुदरातुल्लाह ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के बाद टीम होटल से चंपत हो गया। यह पहली बार नहीं है जब पीबीएफ गलत कारणों से सुर्खियों में आया हो। पहले भी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के दौरान मुक्केबाजों के विदेश से भागने की कई घटनायें सामने आई हैं। पाकिस्तान ओलंपिक संघ के करीबी सूत्र ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों में अपने भारवर्ग में भाग लेने के बाद कुदरातुल्लाह टीम होटल से गायब हो गया। सूत्र ने कहा रोचक बात तो यह है कि पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास होने के बावजूद वह गायब हो गया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान पाकिस्तान के दो मुक्केबाज सुलेमान बलोच और नजीरूल्लाह खान बर्मिघम में गायब हो गए थे जबकि पासपोर्ट दल प्रमुख के पास थे। विश्व ओलंपिक क्वालीफायर 2024 में एशियाई स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज जोहेब रशीद ने अपने रूममेट की विदेशी मुद्रा और मूल्यवान सामान चुरा लिया था और गायब हो गया था। पाकिस्तान का 36 सदस्यीय दल ग्लास्गो से सिर्फ एक कांस्य पदक लेकर लौटा जो महिला मुक्केबाज फातिमा जेहरा को मिला। यह पहली बार नहीं है जब पीबीएफ गलत कारणों से सुर्खियों में आया हो। पहले भी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के दौरान मुक्केबाजों के विदेश से भागने की कई घटनायें सामने आई हैं। पाकिस्तान ओलंपिक संघ के करीबी सूत्र ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों में अपने भारवर्ग में भाग लेने के बाद कुदरातुल्लाह टीम होटल से गायब हो गया।

नबी की ताकत रक्षात्मक खेलने के लिए मजबूर कर बल्लेबाजों को आउट करना है : पठान

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व हरफनमौला इरफान पठान का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने जा रहे जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी की सबसे बड़ी ताकत तेज रफ्तार नहीं बल्कि शीर्ष बल्लेबाजों को रक्षात्मक बल्लेबाजी के दौरान गलती करने पर मजबूर करने की क्षमता है। अनुभवी जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण नबी को श्रीलंका में 15 अगस्त से शुरू होने वाले दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पठान ने 2018 में श्रीनगर में हुए ट्रायल के दौरान पहली बार नबी की प्रतिभा पहचानी थी। उन्होंने बाद में जम्मू-कश्मीर के युवा क्रिकेटरों को मार्गदर्शन भी दिया। उनका मानना है कि नबी की स्वाभाविक गेंदबाजी शैली, कलाई की स्थिति और गेंद को मूव कराने की क्षमता उन्हें बिना तेज रफ्तार के भी प्रभावी बनाती है। पठान ने बातचीत में कहा, गेंद को स्विंग कराने के लिए आदर्श रफ्तार लगभग 135 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। अगर आप गेंद को देर से स्विंग करा सकते हैं तो आप सफल हो सकते हैं। उन्होंने



कहा उसकी लय और गेंदबाजी एक्शन को देखते हुए मेरा मानना है कि वह नियमित रूप से 133-135 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार हासिल कर सकता है। पठान के अनुसार तेज गति गेंदबाजी का केवल एक हिस्सा है। असली क्षमता यह है कि गेंदबाज किस तरह विश्वस्तरीय बल्लेबाजों को रक्षात्मक शॉट खेलने के लिए मजबूर करता है और फिर उन्हें आउट करने का रास्ता निकालता है। उन्होंने कहा क्या गेंदबाज में यह क्षमता है कि वह शीर्ष स्तर के बल्लेबाजों को डिफेंस करते हुए भी आउट कर सके? यही वह खूबी है जिसकी तलाश होती है। पठान ने इस साल रणजी ट्रॉफी फाइनल का उदाहरण देते हुए कहा कि नबी ने कर्नाटक के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर ऐतिहासिक खिताब जीता। उन्होंने कहा, रणजी ट्रॉफी फाइनल में हमने देखा कि उसने अनुभवी लोकेश राहुल को परेशान किया। भले ही उसे विकेट नहीं मिला, लेकिन उसने बल्लेबाज को सामान्य तरीके से रक्षात्मक बल्लेबाजी करने पर मजबूर किया और फिर आउट किया। उन्होंने बाद में जम्मू-कश्मीर के युवा क्रिकेटरों को मार्गदर्शन भी दिया। उनका मानना है कि नबी की स्वाभाविक गेंदबाजी शैली, कलाई की स्थिति और गेंद को मूव कराने की क्षमता उन्हें बिना तेज रफ्तार के भी प्रभावी बनाती है। पठान ने बातचीत में कहा, गेंद को स्विंग कराने के लिए आदर्श रफ्तार लगभग 135 किलोमीटर प्रति घंटा होती है।

संक्षेप

एआईजी महिला ओपन में दीक्षा ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष 10 में

लंदन। एआईजी महिला ओपन में कट से चूकने के बावजूद दीक्षा डागर लेडीज यूरोपीय टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट में छठे स्थान के साथ शीर्ष भारतीय महिला गोल्फर हैं। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता दीक्षा रेस टू कोस्टा डेल सोल तालिका में आठवें स्थान पर हैं जो 2026 सत्र में उनके प्रदर्शन की निरंतरता को दिखाता है। उन्होंने मौजूदा सत्र में कई टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में जगह बनाई। अन्य भारतीयों में अपने पदार्पण सत्र में अवनि प्रशांत ऑर्डर ऑफ मेरिट में 45वें स्थान पर हैं जबकि प्रणवी उर्स और लेडीज यूरोपीय टूर पर पांच बार की विजेता अदिति अशोक क्रमशः 48वें और 58वें स्थान पर हैं। हिताशी बक्शी 127वें पायदान पर हैं। रेस टू कोस्टा डेल सोल में दक्षिण अफ्रीका की कसांड्रा एलेक्जेंडर शीर्ष पर हैं।

सोफी ने आलप्स पार कर रचा इतिहास

लंदन। दो हजार किलोमीटर की दौड़ में सोफी ने आठ देशों की सीमाओं को पार किया। इस पूरी दौड़ के दौरान उन्होंने जितनी ऊंचाई की चढ़ाई की, वह माउंट एवरेस्ट पर 12 बार चढ़ने के बराबर है। 42 वर्षीय अल्ट्रा-रनर सोफी वुड्स ने खेल जगत में एक नया मुकाम हासिल किया है। न्यूजीलैंड की सोफी ने दुनिया की सबसे कठिन एंड्यूरेंस चुनौतियों में से एक 'वाया एल्पिना' को महज 29 दिनों में पूरा कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दो हजार किलोमीटर की दौड़ में सोफी ने आठ देशों की सीमाओं को पार किया। इस पूरी दौड़ के दौरान उन्होंने जितनी ऊंचाई की चढ़ाई की, वह माउंट एवरेस्ट पर 12 बार चढ़ने के बराबर है। सोफी ने इस मैराथन की शुरूआत 4 जुलाई को इटली से की थी। इसके बाद उनका यह सफर स्लोवेनिया, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, लिकटेंस्टीन, स्विट्जरलैंड और फ्रांस के रास्तों से होते हुए शनिवार रात को मोनाको के भूमध्यसागरीय तट पर जाकर खत्म हुआ।

शिर्से स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एशियाई खेलों से बाहर

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष 110 मीटर बाधा दौड़ धावक तेजस शिर्से ने मंगलवार को कहा कि वह आगामी एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे क्योंकि उन्होंने हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों में बाएं पैर में दो स्ट्रेस फ्रैक्चर के बावजूद प्रतियोगिता में भाग लिया था। शिर्से ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 13.76 सेकंड का समय निकालकर 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने का इतिहास रचा था। फाइनल में उनका बायां पैर पूरी तरह टेप से बंधा हुआ था। गंभीर दर्द के बावजूद उन्होंने दौड़ पूरी की, लेकिन 15.39 सेकंड के समय के साथ आठ धावकों में अंतिम स्थान पर रहे। शिर्से ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट में लिखा, यह वह पोस्ट नहीं है जिसे लिखने के बारे में मैंने सोचा था। मुझे लगा था कि इस समय मेरे हाथ में पदक होगा। मैं जीतने के लिए पूरी तरह तैयार था, लेकिन अब मेरे हाथ में एमआरआई रिपोर्ट है। उन्होंने कहा मेरे बाएं पैर में दो स्ट्रेस फैक्चर हैं। मेरा सपना फिलहाल थम गया है और मेरा पूरा सत्र समाप्त हो गया है। इस 24 साल के एथलीट ने स्वीकार किया कि 19 सितंबर से जापान में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में खेलने का उनका सपना भी टूट गया है।

ईला ने पहला डब्ल्यूटीए टाइटल जीता

डीसी ओपन के फाइनल में एला ने जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराया

एजेंसी



वॉशिंगटन। फिलीपींस की 21 साल की टेनिस खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ईला ने डीसी ओपन का खिताब जीत लिया है। उन्होंने बारिश की वजह से दो दिन तक चले फाइनल में टॉप सीड अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराकर करियर का पहला **डब्ल्यूटीए** सिंगल्स टाइटल जीता। इसके साथ ही वह **डब्ल्यूटीए** सिंगल्स खिताब जीतने वाली फिलीपींस की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। वहीं मेन्स में अमेरिका के टेलर फ्रिटज ने स्पेन के राफेल जोडार को हराकर खिताब अपने नाम किया। रविवार को बारिश के कारण फाइनल रोकना पड़ा था। तब जेसिका पेगुला पहला सेट 6-4 से जीत चुकी थीं, जबकि दूसरे सेट में ईला 2-1 से आगे थीं। सोमवार को खेल दोबारा शुरू होने पर ईला ने शानदार वापसी की।

उन्होंने दूसरा सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला बराबर किया। इसके बाद निर्णायक सेट में पेगुला को एक भी गेम जीतने का मौका नहीं दिया और 6-0 से सेट व मैच अपने नाम कर लिया। ईला ने लगातार आखिरी 8 गेम जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया। जीत के बाद वह कोर्ट पर भावुक हो गईं। उनकी आंखों में आंसू थे और उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाया। खिताब जीतने के बाद एला ने कहा कि हफ्ते की शुरूआत में उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह यह ट्रॉफी उठाएंगी। उन्होंने कहा कि 500 लेवल का टूर्नामेंट जीतना उनके लिए अविश्वसनीय और एक बड़ा मील का पत्थर है। एला ने बताया कि वह बहुत नर्वस थीं और सब कुछ अचानक हुआ। मैच के दौरान स्टेडियम में फिलीपीन के झंडे दिखाई दिए और दर्शकों ने एला का जमकर समर्थन किया। पेगुला ने कहा कि उनके खिलाफ खेलना मजेदार नहीं था, लेकिन उन्हें वहां का माहौल बहुत अच्छा लगा। एला ने टूर्नामेंट के दौरान सभी तीन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर यह खिताब अपने नाम किया। पुरुषों के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने राफेल जोडर को 7-6 (2), 6-4 से हराया। फ्रिट्ज ने दूसरे सेट की शुरूआत में जोडर की सर्विस दो बार तोड़ी।

उन्होंने अपने करियर का 11वां खिताब जीतने के बाद राहत की सांस ली। फ्रिट्ज ने कहा कि मैच खत्म होने पर उन्हें केवल राहत महसूस हुई। एला की इस जीत पर पूर्व बॉक्सिंग चैंपियन मैनी पैकियाओ ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा कि एला की वापसी ने फिलीपीन के लोगों का दिल दिखाया है और उन्हें हमारी नई चैंपियन बताया है। एला ने टूर्नामेंट में अपने डेब्यू के साथ ही पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं दूसरी ओर दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष अनिल खन्ना पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने कथित अवैध समझौतों के जरिए एआईटीए ट्रस्ट को डीएलटीए स्टेडियम के किराये से करोड़ों रुपये प्राप्त करवाए। इसके साथ ही खन्ना से जुड़ी कंपनियों और एआईटीए ट्रस्ट के बीच हुए भूमि सौदे भी जांच के घेरे में आ गए हैं। भूमि हस्तांतरण में देरी के कारण खन्ना द्वारा ट्रस्ट को 1.60 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में जमा कराए जाने से विवाद और गहरा गया है।

खन्ना ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने ट्रस्ट को 1.60 करोड़ रुपये का भुगतान किया, लेकिन यह किसी वित्तीय गड़बड़ी या अनियमितता की स्वीकारोक्ति नहीं थी। खन्ना ने बताया कि गुरुग्राम स्थित उस भूमि के संबंध में यह राशि चुकाई गई, जहां कभी राष्ट्रीय टेनिस अकादमी (एनटीए) संचालित होती थी। यह भूमि उनकी कंपनियों आरएलएफ लिमिटेड और यूएलआईएल लिमिटेड ने ट्रस्ट को बेच दी थी, लेकिन स्वामित्व हस्तांतरण में देरी होने के कारण ट्रस्ट ने ब्याज की मांग की थी। रोहित राजपाल के नेतृत्व वाली डीएलटीए ने वर्ष 2006 से 2023 के बीच एआईटीए ट्रस्ट को दिए गए लगभग 39 करोड़ रुपये, उस पर 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस दिलाने की मांग की है। इन दोनों मामलों के सामने आने के बाद एआईटीए ट्रस्ट के संचालन, वित्तीय निर्णयों और हितों के टकराव को लेकर नए सिरे से सवाल उठने लगे हैं। डीएलटीए ने 14 जुलाई को भेजे नेटिस में आरोप लगाया कि एआईटीए ट्रस्ट आर.के. खन्ना टेनिस स्टेडियम (अब डीएलटीए स्टेडियम) के विभिन्न हिस्सों से होने वाली किराया आय का धोखाधड़ी कर लाभ उठा रहा था, जबकि यह आय वास्तव में डीएलटीए की थी। डीएलटीए का आरोप है कि अनिल खन्ना ने एक ही समय में एआईटीए ट्रस्ट के अध्यक्ष, डीएलटीए के अध्यक्ष और एआईटीए के अध्यक्ष जैसे तीन महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपने प्रभाव का दुरुपयोग किया।

उनके अनुसार दो अप्रैल 2014 और एक जून 2017 को किए गए समझौतों के माध्यम से ट्रस्ट को स्टेडियम की किराया आय में हिस्सेदारी दिलाई गई जो संस्था के हितों के खिलाफ थे। डीएलटीए के मुताबिक जनवरी 2023 में इन समझौतों को समाप्त कर दिया गया, जिसके बाद ट्रस्ट को सभी भुगतान रोक दिए गए। एआईटीए ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने डीएलटीए के आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, यह डीएलटीए का पक्ष है। संबंधित समझौतों के तहत ट्रस्ट का दावा पूरी तरह वैध है। अब इस विवाद का निपटारा मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) के जरिए होगा। वास्तव में हमारा मानना है कि ट्रस्ट पर डीएलटीए का नहीं, बल्कि डीएलटीए पर ट्रस्ट का बकाया है। सूत्रों के अनुसार, डीएलटीए को सरकारी स्वीकृत किराया समझौतों से हर महीने लगभग आठ करोड़ रुपये की आय होती है।

विश्व चैम्पियनशिप : सिंधू को नौवी सात्विक, चिराग को पांचवी वरीयता



नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू को आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के लिये नौवीं वरीयता दी गई है जबकि पुरूष युगल टीम सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पांचवीं वरीयता मिली है। इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 17 से 23 अगस्त तक यह चैम्पियनशिप खेली जायेगी। सिंधू ने जापान ओपन टूर्नामेंट जीता है जबकि सात्विक और चिराग 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। भारत ने पांचों वर्गों में दो प्रविष्टियां भेजी है।

सिंधू , सात्विक . चिराग के अलावा पूर्व विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पुरूष एकल में 14वीं वरीयता है जबकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को 15वीं वरीयता मिली है। पुरूष एकल विश्व चैम्पियन चीन की शि युकी और दक्षिण कोरिया की महिला एकल स्टार आन से यंग को शीर्ष वरीयता मिली है।

महिला एकल विश्व चैम्पियन अकाने यामागुची को दूसरी जबकि चीन की वांग झी यि को तीसरी और चेन युफेइ को चौथी वरीयता दी गई है। चैम्पियनशिप के ड्रॉ बुधवार को निकाले जायेंगे। अगर कोई वरीय खिलाड़ी उससे पहले नाम वापिस लेता है तो वरीयता क्रम बदल सकता है। वहीं दूसरी ओर पुलेला गोपीचंद को आज भी याद है कि जब उनके खेलने के दिनों में बैडमिंटन की स्कोरिंग प्रणाली में बदलाव हुआ था तो कितनी उथल-पुथल मची थी और अब जबकि यह खेल एक और रणनीतिक बदलाव के लिए तैयार हो रहा है तो भारतीय कोच का मानना है कि कुछ खिलाड़ी बाहर हो जायेंगे। अभी 21 अंकों के तीन गेम के प्रारूप में बैडमिंटन खेला जाता है लेकिन अगले साल इसे बदलकर 15 अंकों के तीन गेम का प्रारूप कर दिया जायेगा। बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि छोटे प्रारूप से व्यस्त कैलेंडर में खिलाड़ियों के कार्यभार के प्रबंधन में मदद मिलेगी। गोपीचंद ने याद किया कि कैसे उन्होंने बैडमिंटन में कुछ समय के लिए सात अंक के पांच गेम की स्कोरिंग लागू होने से पहले पारंपरिक 15 अंक के प्रारूप के तहत 2001 में ऑल इंग्लैंड का खिताब जीता था। एक साल बाद यह प्रयोग रद्द कर दिया गया और पारंपरिक 15 अंक (पुरूष) और 11 अंक (महिला) के प्रारूप की वापसी हुई।

लुसाने डायमंड लीग में पथिरागे का सामना करेंगे नीरज चोपड़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में राष्ट्रमंडल चैम्पियन और इस सत्र में सबसे आगे चल रहे श्रीलंका के रूमेश पथिरागे का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले चुके पांच खिलाड़ी नजर आयेंगे।

ग्लास्गो में सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके 85 . 83 मीटर का थ्रो फेंकने वाले चोपड़ा का सामना ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम, मौजूदा विश्व चैम्पियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकाट और पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से होगा। तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश, जर्मनी के जूलियन वेबर, स्विटजरलैंड के सिमोन वीलैंड और अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन भी इसमें नजर आयेंगे। आयोजकों ने कहा पिछले चार ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप जीत चुके भालाफेंक के पांच सुपरस्टार 21 अगस्त को इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

चोट से उबरने के बाद यह चोपड़ा का तीसरा टूर्नामेंट होगा। वह जून में दोहा डायमंड लीग में 85 . 69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। पथिरागे ने राष्ट्रमंडल खेलों में 89 . 75 मीटर का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने जून में गोल्डन गाला पिएट्रो मेनिया में 92 . 62 मीटर का थ्रो लगाया था।

माइक स्मिथ ने पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच का पद संभाला

लाहौर। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर माइक स्मिथ को दो साल के लिए पाकिस्तान की सभी प्रारूपों की टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्मिथ इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पूर्व पाकिस्तान की टीम से जुड़ेंगे। स्मिथ लेवल चार के कोच हैं और अपनी नई जिम्मेदारी संभालने से पहले पाकिस्तान सुपर लीग की अलग-अलग फ्रेंचाइजी के साथ काफी काम कर चुके हैं। पीएसएल 2026 में उन्होंने मुल्तान सुल्तान्स के बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। टी20 विश्व कप के बाद पीसीबी द्वारा हनीफ मलिक को हटाए जाने के बाद से राष्ट्रीय चयनकर्ता और पूर्व टेस्ट बल्लेबाज असद शफीक बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के पिछले दो दौरों के दौरान राष्ट्रीय टीम के अंतरिम बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा रहे हैं।

वतन वापसी पर पदकवीरों का जोरदार स्वागत

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन कर स्वदेश लौटे भारतीय खिलाड़ियों का मंगलवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी में भव्य स्वागत किया गया लेकिन खिलाड़ियों ने स्पष्ट किया कि जश्न मनाने के लिए उनके पास ज्यादा समय नहीं है, क्योंकि अगले महीने जापान में होने वाले एशियाई खेल अब उनका अगला बड़ा लक्ष्य हैं। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों, देशभक्ति गीतों और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। परिजन और समर्थक खिलाड़ियों के साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए उत्साहित नजर आए। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज प्रिया घंघास ने कहा, इतने बड़े मंच पर राष्ट्रगान सुनना जीवनभर याद रहने वाला पल है, लेकिन अब मेरा पूरा ध्यान एशियाई खेलों पर है, जहां मैं एक और स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं। भारतीय मुक्केबाजों ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 10 पदक जीतकर यादगार अभियान पूरा किया। महिला मुक्केबाजों ने छह और पुरुष खिलाड़ियों ने चार पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मुक्केबाजी की बढ़ती ताकत का परिचय दिया। भारतीय पैरा एथलेटिक्स दल ने भी इतिहास रचते हुए रिकॉर्ड सात पदक अपने नाम किए, जिसके दम पर भारत समग्र पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा। खिलाड़ी मंगलवार तड़के करीब चार बजे जैसे ही हवाई अड्डे के टर्मिनल से बाहर निकले, ढोल-नगाड़ों की गूंज और देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल उत्साह से भर उठा। परिजनों ने पदक विजेता खिलाड़ियों का फूल-मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया, जबकि बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने उनके



साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए मौजूद थे। इंग्लैंड की रूबी व्हाइट को अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में हराने वाली पहली मुक्केबाज बनीं साक्षी चौधरी ने कहा, मैं हर रात स्वर्ण जीतने, राष्ट्रगान सुनने और इसी तरह स्वागत मिलने का सपना देखती थी। अब वह सपना सच हो गया है। अगला लक्ष्य एशियाई खेल हैं और वहां भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहती हूं। स्वर्ण पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया ने बताया कि बीमारी के कारण उनकी तैयारियां प्रभावित हुई थीं और वह खेलों से पहले केवल तीन सप्ताह ही अभ्यास कर सकी थीं। उन्होंने कहा, रिंग में उतरते ही मैंने बाकी सब कुछ भुला दिया और सिर्फ भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि आगामी एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतना उनका मुख्य लक्ष्य है। मुक्केबाज सचिन सिवाच ने भारतीय टीम की सफलता का श्रेय लंबे समय तक की गई मेहनत और तकनीकी कमियों को दूर करने को दिया। उन्होंने कहा, लगातार जीत खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाती है और अब पूरी टीम की निगाहें एशियाई खेलों पर है। नरेंद्र बेरवाल ने कहा कि यह सफलता व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं बल्कि सुनियोजित रणनीति और टीमवर्क का परिणाम है जबकि रजत पदक विजेता जादूमणि सिंह को फाइनल में मिली हार का मलाल है।

राष्ट्रमंडल खेलों में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों का स्वागत

उन्होंने कहा, यह निराशा मुझे और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगी। महिला 70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने कहा कि गत चैंपियन को हराने से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा, इस जीत से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। यह भार वर्ग एशियाई खेलों में शामिल नहीं है, इसलिए अब मेरा पूरा ध्यान विश्व कप पर रहेगा। यह जश्न भारत के पैरा खिलाड़ियों के लिए भी खास था क्योंकि उन्होंने भी राष्ट्रमंडल खेलों में सात पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में स्वर्ण और खेलों का नया रिकॉर्ड बनाने वाले दिलीप महादू गावित ने कहा, ग्लास्गो की ठंड और नई स्पर्धा दोनों बड़ी चुनौतियां थीं।



पाक ने विंडीज के खिलाफ की वापसी



एजेंसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 12 रन से शतक चूक गए। वे मंगलवार को 88 रन पर रन आउट हो गए। बाबर के पास 4 साल बाद टेस्ट शतक बनाने का मौका था। उन्होंने 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में पिछला शतक लगाया था। तब बाबर ने 161 रन की पारी खेली थी। बाबर उस मैच में भी कप्तानी कर रहे थे। 2023 में खराब फॉर्म की वजह से बाबर आजम ने कप्तानी छोड़ दी थी। उसके बाद शान मसूद को रेग्युलर टेस्ट कप्तान बनाया गया था। 5 जुलाई 2026 को बाबर आजम को एक बार फिर पाकिस्तान की टेस्ट कप्तान बनाया गया था। अब्दुल्ला शफीक के नाबाद शतक और बाबर आजम की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 283 रन बना लिए हैं। पाकिस्तान अब पहली पारी के आधार पर

बाबर शतक चूके, 88 रन बनाकर पर आउट 4 साल बाद टेस्ट शतक बनाने का मौका था

वेस्टइंडीज से सिर्फ 61 रन पीछे है। तीसरे विकेट के लिए शफीक और बाबर ने 327 बॉल पर 183 रन की शतकीय साझेदारी की। अब्दुल्ला शफीक ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया। यह उनका 2024 के बाद पहला टेस्ट शतक है। वे काफी देर तक 99 रन पर अटके रहे। फिर जोमेल वॉरीकन की शॉर्ट गेंद पर मिडविकेट की दिशा में चौका लगाकर उन्होंने अपना शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने केमार रोच पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया था। पाकिस्तान को युवा बल्लेबाज अजान ओवैस ने आक्रामक शुरूआत दिलाई। उन्होंने दूसरे ही ओवर में केमार रोच पर लगातार तीन चौके लगाए।

एथनॉल से किसानों की स्थिति होगी मजबूत

पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की नीति को लेकर किसानों की राय पर विचार करेगी सरकार : चौहान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि सरकार पेट्रोल में एथनॉल मिलाने (ब्लेंडिंग) की नीति के संदर्भ में किसानों की राय पर विचार करेगी। उन्होंने ऑल इंडिया किसान कोऑर्डिनेशन कमेटी (एआईकेसीसी) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद यह बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की थी कि इस योजना का फायदा कंपनियों और बिचौलियों के बजाय किसानों तक पहुंचे। चौहान ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि सरकार का दृष्टिकोण यह पक्का करना है कि एथनॉल कार्यक्रम से होने वाला फायदा पूरी मूल्य श्रृंखला-खेत से लेकर ईंधन टैंक तक- में बंटे। लेकिन फायदे का सबसे बड़ा हिस्सा किसानों को मिलना चाहिए।

एआईकेसीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद भूपिंदर सिंह मान ने किया। इसमें बिनोद आनंद, गुरुसाहब सिंह मान और गुणवंत पाटिल समेत कई अन्य लोग शामिल थे। एक सरकारी बयान के अनुसार, चौहान ने कहा कि एथनॉल से देश की ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की आर्थिक स्थिति, दोनों मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार यह पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस कार्यक्रम के तहत किसी फसल या राज्य के साथ अन्याय न हो। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि मक्का, चावल, गन्ना और अन्य फीडस्टॉक (कच्चे माल) की कीमतों और मांग के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए नीति की समीक्षा की



जाएगी। उन्होंने कहा कि फैसले किसानों खासकर मक्का उगाने वाले कृषकों के हितों को प्राथमिकता देते हुए लिए जाएंगे। चौहान ने कहा कि एथनॉल पर वैज्ञानिक अध्ययनों और तकनीकी रिपोर्ट का इस्तेमाल नकारात्मक बातों का जवाब देने के लिए किया जाएगा और इस मुद्दे पर किसानों के साथ तथ्यों पर आधारित बातचीत की जाएगी। किसानों के प्रतिनिधियों ने एथनॉल कार्यक्रम का समर्थन करते हुए जोर दिया कि इसका असली फायदा किसानों तक पहुंचना चाहिए न कि यह सिर्फ कंपनियों या बिचौलियों तक सीमित रहे। कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही गलत जानकारी की ओर इशारा किया, जिसमें कहा जाता है कि एथनॉल से गाड़ियों को नुकसान होता है या किसानों को घाटा होता है। उन्होंने कृषि मंत्रालय और किसान संगठनों से मिलकर काम करने का आग्रह किया ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन फसलों को एथनॉल से फायदा होगा, और ज्यादा पानी वाली फसलों से हटकर सूखे का सामना करने वाली फसलों की ओर कैसे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने विभिन्न मीडिया मंचों के जरिये युवा पीढ़ी के सामने एथनॉल की सही तस्वीर पेश करने की भी बात कही। किसान नेताओं ने कहा कि वे कृषि उत्पादों को मंडियों से आगे पेट्रोल पंप और ऊर्जा बाजार तक पहुंचाने में मदद करेंगे, जिससे किसानों के लिए एक नया रास्ता खुलेगा। एआईकेसीसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे जमीनी स्तर पर एथनॉल के बारे में गलतफहमियों को दूर करने के लिए काम करेंगे और किसानों के हित में नीति बनाने की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। हालांकि बैठक का मुख्य मुद्दा एथनॉल था, लेकिन दोनों पक्षों ने किसानों की आय, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), बाजार और राष्ट्रीय कृषि नीति जैसे अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की।

जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे गोयल, अगले माह जायेंगे अमेरिका

एजेंसी



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सितंबर के अंत में अमेरिका के मिलवॉकी में होने वाली जी-20 व्यापार मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल हो सकते हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जी-20 देशों के व्यापार मंत्रियों की यह दो-दिवसीय बैठक विस्कॉन्सिन राज्य के मिलवॉकी में 30 सितंबर से शुरू होगी। वर्ष 2026 के लिए जी20 की अध्यक्षता अमेरिका के पास है।

अधिकारी ने कहा कि गोयल इस बैठक के इतर अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकों में भी शामिल होंगे। इस दौरान व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने मई में कहा था कि इस मंत्रिस्तरीय बैठक में बंधुआ मजदूरी समाप्त करने, सर्वाधिक-तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) सिद्धांत को अद्यतन करने, खाद्य व्यापार का इस्तेमाल हथियार के तौर पर करने की प्रवृत्ति और वैश्विक उत्पादन में असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 14-15 दिसंबर को फ्लोरिडा के मियामी स्थित ट्रंप नेशनल डोरल में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। गोयल की यह यात्रा ऐसे समय होने वाली है जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। फरवरी में दोनों देशों ने समझौते के पहले चरण के ढांचे को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी।

संक्षेप

तमिलनाडु के पूर्व उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को अभिनेत्री तृषा कृष्णन को लेकर द्विअर्थी टिप्पणी करने और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कावेरी डेल्टा के एक शहर में विरोध मार्च के दौरान कथित रूप से की गई विवादित टिप्पणी के सिलसिले में उदयनिधि को गिरफ्तार किए जाने के बाद पुलिस वैन से तंजावुर ले जाया गया। पुलिस ने उनके खिलाफ अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करने, किसी महिला की गरिमा को भंग करने सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उदयनिधि की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए पूरे राज्य में जबरदस्त प्रदर्शन शुरू कर दिया और सड़कों को जाम कर दिया। इस बीच, पांच अगस्त से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र से पहले आगे की रणनीति तय करने के लिए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने पार्टी मुख्यालय में आपात बैठक बुलाई।

ओडिशा दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्रेन से 170 किलोमीटर यात्रा की

ब्रह्मपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने ओडिशा दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को भुवनेश्वर से गंजाम जिले के ब्रह्मपुर तक ट्रेन से 170 किलोमीटर यात्रा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू ने राष्ट्रपति विशेष ट्रेन में सफर किया और इस दौरान उनके साथ राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तथा मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी थे। राष्ट्रपति विशेष ट्रेन एक बेहद शानदार रेल कार है, जिसमें वातानुकूलित शयनकक्ष, एक भोजन एवं बैठक कक्ष और एक रसोई की व्यवस्था है। एक अधिकारी ने बताया कि इस ट्रेन को 170 किलोमीटर की दूरी तय करने में दो घंटे से अधिक का समय लग सकता है। मौसम विभाग द्वारा बारिश के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति की ट्रेन यात्रा की व्यवस्था की गई है। ट्रेन के पूर्वाह्न 11 बजकर 10 बजे ब्रह्मपुर स्टेशन पहुंचने का समय निर्धारित था।

भारत-उज्बेकिस्तान के संबंध ऐतिहासिकः बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं और दोनों देशों के संसदीय मैत्री समूह से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

बिरला ने ये टिप्पणियां संसद भवन में उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सईदोव के साथ मुलाकात के दौरान की। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच भारत-उज्बेकिस्तान संबंधों पर व्यापक चर्चा हुई, जिसमें संसदीय सहयोग, व्यापार एवं निवेश, शिक्षा, संस्कृति तथा क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के आपसी मुद्दों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की संसदीय व्यवस्था जीवंत है, जो देश की जनता की आकांक्षाओं और विविधता को प्रभावी ढंग से प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने कहा कि 543 सदस्यीय लोकसभा देशभर के करोड़ों नागरिकों का प्रतिनिधित्व करती है और भारत की बहुदलीय व्यवस्था विभिन्न विचारों तथा रचनात्मक बहस के लिए समान अवसर उपलब्ध कराती है। संसद की कार्यप्रणाली का उल्लेख करते हुए बिरला ने सईदोव को बताया कि संसद के वर्ष में तीन सत्र आयोजित होते हैं और वर्तमान मानसून सत्र में राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर सक्रियता से चर्चा हो रही है।

भारतीय राजदूत क्वात्रा ने की जॉर्जिया के गवर्नर से मुलाकात

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने जॉर्जिया के गवर्नर ब्रायन केम्प से मुलाकात की और दक्षिण-पूर्वी राज्य के साथ व्यापार और निवेश साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की। क्वात्रा ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'हमने भारत-जॉर्जिया व्यापार और निवेश साझेदारी बढ़ाने, बेहतर कनेक्टिविटी और व्यापार, नवाचार एवं शिक्षा में सहयोग को गहरा करने के मौकों पर चर्चा की। भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में जॉर्जिया के लगातार योगदान के प्रति हम आशान्वित हैं।

उन्होंने गवर्नर केम्प को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। अटलांटा की अपनी यात्रा के दौरान, क्वात्रा ने लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट कंपनी यूनाइटेड पार्सल सर्विस (यूपीएस) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैरल टोम से भी मुलाकात की और भारत में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। भारतीय राजदूत ने कहा कि टोम के साथ चर्चा भारत-अमेरिका की बढ़ती आर्थिक साझेदारी, मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं, लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और भारत में यूपीएस के बढ़ते निवेश, जुड़ाव तथा मौजूदगी पर केंद्रित थी। अटलांटा में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित भारत-अमेरिका शिक्षा गोलमेज वार्ता में, क्वात्रा ने अनुसंधान साझेदारियों, अकादमिक आदान-प्रदान, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहयोग तथा भारत में सैटेलाइट परिसर खोलने पर लाभकारी चर्चा की। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे भारत और अमेरिका भविष्य में निवेश कर रहे हैं, शिक्षा हमारी रणनीतिक साझेदारी के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक बनी हुई है। उनकी उपलब्धियां बढ़ती भारत-अमेरिका साझेदारी का मजबूत स्तंभ हैं।

रूस और यूक्रेन के ड्रोन हमलों में दोनों देशों में पांच-पांच लोगों की मौत

मॉस्को। मॉस्को के आसपास के इलाके में यूक्रेनी ड्रोन हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जबकि यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि वहां रूसी हवाई हमलों में भी कम से कम पांच नागरिकों की जान चली गई है।

दोनों ही देश पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में लगभग 1,250 किलोमीटर (800 मील) में फैले संघर्ष क्षेत्र में मारे गए या घायल हुए सैनिकों की संख्या उजागर नहीं करते हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि रूस के काला सागर तट पर स्थित रिसॉर्ट शहर अरखिपो-ओसिपोवका में सोमवार को हुए एक ड्रोन हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। मंगलवार सुबह, क्रास्नोडार क्षेत्रीय अधिकारियों



ने घायलों की संख्या अद्यतन करते हुए 58 बताई, जिनमें से 21 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इंटरनेट पर सामने आए वीडियो में एक ड्रोन को भीड़भाड़ वाले समुद्र तट से टकराते देखा गया, वीडियो में तेज गोलीबारी जैसी आवाजें भी सुनाई दे रही थीं। यूक्रेन ने इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। मॉस्को क्षेत्र (जो रूसी राजधानी को घेरता है लेकिन खुद राजधानी का हिस्सा नहीं है) के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि मंगलवार सुबह एक यूक्रेनी ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। वोरोब्योव ने कहा कि इस हमले से सबसे ज्यादा नुकसान चेखव नगर पालिका क्षेत्र में हुआ, जहां नोवोसेल्की औद्योगिक क्षेत्र में कई जगह आग लग गई। रूस के सबसे बड़े ऑनलाइन विक्रेता वाइल्डबेरीज पर लगातार हो रहे हमलों की कड़ी में, कंपनी ने मंगलवार को बताया कि सेंट पीटर्सबर्ग से सटे लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित उसके गोदाम में आग लग गई है।

शांति बोर्ड के दूत नेतन्याहू से मिले

यरुशलम। गाजा में युद्ध के बाद के बदलावों की निगरानी कर रहे शांति बोर्ड के एक अधिकारी ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। एक बयान के अनुसार, इस बैठक में अन्य मुद्दों के अलावा उस नए निरस्त्रीकरण समझौते पर भी चर्चा हुई जिस पर शांति बोर्ड की हमास के साथ चर्चा के दौरान सहमति बनी है। शांति बोर्ड ने एक बयान में कहा कि गाजा के लिए उच्च प्रतिनिधि निकोले म्लादेनोव ने प्रधानमंत्री और उनकी टीम के साथ रचनात्मक और विस्तृत बातचीत की।

इंटरटेनमेंट...

'भारत मेरी मां तो पाकिस्तान मौसी' : सन्नी देओल



मुंबई। फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले सनी देओल अपने एक बयान को लेकर विवादों में आ गए। पटना में फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अपने पिता धर्मेंद्र के एक पुराने बयान का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को मौसी बताया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल किया। दरअसल सनी से सवाल किया गया कि यह मूवी, जो पाकिस्तान में शूट की गई है, तो आप पाकिस्तान को एक देश या माहौल के तौर पर कैसे देखते हैं? क्या आप कुछ बताना चाहेंगे? इस पर सनी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग पाकिस्तान में नहीं हुई, बल्कि फिल्म हिंदुस्तान में ही शूट हुई है। उन्होंने आगे कहा, हम कोई ऐसी बातें नहीं करते, क्योंकि पूरा देश एक ही था। जैसे पापा ने कहा था कि मेरी मां (भारत) तो वो मेरी मौसी (पाकिस्तान) है, जो आप लोग अच्छी तरह से समझते हैं। हम सब एक तरह से हैं, तो कहीं न कहीं से जुड़े हुए हैं। सनी देओल के इस बयान पर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी। कुछ यूजर्स ने उनके बयान की आलोचना की। एक यूजर ने लिखा, सनी देओल हर नए वीडियो से अपनी छवि को और नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, पूरे परिवार को बर्बाद करने वाली मौसी वाली बात सही है। फिल्म के ट्रेलर में सनी देओल दमदार एक्शन करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि सनी देओल की अपकमिंग फिल्म 'बंटवारा 1947' भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की कहानी हिंसा, विस्थापन और पारिवारिक संघर्ष से जूझ रहे एक परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में सनी देओल के साथ शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, अली फजल और अभिमन्यु सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले सनी देओल रविवार देर शाम पटना में स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मस्थान पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया।

फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन के दौरान दिया बयान, सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग

बिग बॉस में क्या सलमान के साथ नजर आयेंगे शाहरुख

मुंबई। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का पहला प्रोमो मेकर्स ने जारी कर दिया है। इसमें सलमान खान बतौर होस्ट वापसी करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो में सलमान ने 'करण-अर्जुन' का जिक्र कर एक नया सस्पेंस खड़ा कर दिया है। यह नया सीजन 6 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इसका प्रसारण हर दिन रात 9 बजे जियोहॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर किया जाएगा।

सलमान बोले- जो करण-अर्जुन में हुआ था वही दोबारा होगा, 6 सितंबर से शुरू होगा शो

इस बार फेस्टिव सीजन में बिग बॉस के सभी 6 भाषाओं वाले वर्जन एक साथ रिलीज किए जा रहे हैं। 'करण-अर्जुन' का जिक्र, शाहरुख के आने की अटकलें जारी किए गए प्रोमो में सलमान खान एक घोड़े के साथ चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के अंत में वे कहते हैं, जो करण-अर्जुन में हुआ था, वह अब बिग बॉस में दोबारा होगा तथास्तू! सलमान के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि ग्रैंड प्रीमियर पर शाहरुख खान भी सलमान के साथ नजर आ सकते हैं। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा भी किया जा रहा है कि इस सीजन में प्रतिभागी जोड़ियों में खेलेंगे या फिर शो में दो विजेता हो सकते हैं। 6 सितंबर से शुरू, सलमान बोले-प्रोमो में ही छिपा है हिंट शो के रिलीज शेड्यूल की पुष्टि करते हुए मेकर्स ने बताया कि यह 6 सितंबर से ऑन-एयर होगा।



1 लाख लेने के दावे पर भड़कीं उर्फी जावेद

मुंबई। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के खिलाफ दिल्ली पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दावा किया कि दीपके से जुड़े लोगों ने उन पर हमला किया था। वहीं, उन्होंने उर्फी जावेद पर 1 लाख रुपए और पूनम पांडे पर 20 हजार रुपए लेने का भी आरोप लगाया। न्यूज एजेंसी अठक से बातचीत में फैजान अंसारी ने कहा, अभिजीत दीपके के अगेंस्ट आज मैंने दिल्ली डीसीपी को लिखित शिकायत दर्ज कराई है, क्योंकि मेरे ऊपर अभिजीत दीपके के लोगों ने हमला किया था। पुणे में मेरे ऊपर अटैक हुआ, औरंगाबाद में मेरे ऊपर अटैक हुआ। पहले से ही दो केस उसके खिलाफ फाइल हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्यमैं चाहता हूं कि दिल्ली पुलिस तुरंत अभिजीत दीपके को गिरफ्तार करे, ताकि आगे कोई भी दंगा-फसाद या कोई भी समस्या न हो सके। वहीं, शिकायत में फैजान अंसारी ने लिखा, 'मैं आज मुंबई से दिल्ली डीसीपी के पास कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके की लिखित शिकायत करने आया हूं।

इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी को लेकर इसने मुझे ट्रांसजेंडर कहा था

भूमि पेडनेकर पर पूर्व एक्टिंग टीचर का आरोप



मुंबई। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर पर उनकी पूर्व एक्टिंग टीचर श्रुति देसाई ने टीचरों के साथ बुरा बर्ताव करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए ठएएळ विरोध प्रदर्शन में कुछ लोगों ने कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इसकी भूमि ने आलोचना की थी और कुछ लोगों ने उन्हें इसके लिए ट्रोल किया था।

अब भूमि की कथित पूर्व एक्टिंग टीचर श्रुति देसाई की एक सोशल मीडिया पोस्ट भी चर्चा में है। श्रुति देसाई ने अपनी पोस्ट में लिखा, भूमि पेडनेकर, मुझे याद है कि मैं मुंबई के एक फिल्म स्कूल में कुछ समय के लिए आपकी टीचर थी। बदकिस्मती से, मुझे यह भी याद है कि आप अपने टीचरों के प्रति काफी असम्मानजनक, लगभग तिरस्कारपूर्ण व्यवहार करती थीं। क्या आप बता सकती हैं कि सम्मान और जिम्मेदारी को लेकर आपका नजरिया अब कैसे बदल गया? भूमि पेडनेकर ने 2 अगस्त को अपने वीडियो मैसेज में कहा था कि शिक्षा और व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सवाल उठाने का हक सभी को है, लेकिन अपनी बात रखने का तरीका सही होना चाहिए। उन्होंने कहा था, सोशल मीडिया पर सामने आ रहे वीडियो में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हमारे देश के युवा कर रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। हम अपने देश के सबसे ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति के बारे में बात कर रहे हैं। क्या हम अपने घर के बड़ों से कभी इस तरह बात करते हैं? भूमि पेडनेकर 'दम लगा के हईशा', 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' और 'बाला' जैसी कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

श्रुति देसाई बोलीं- फिल्म स्कूल में टीचरों के साथ करती थीं असम्मानजनक व्यवहार

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com